3 राजधानी
2026 ई-बसें खरीदने का सरकार ने दिया ऑर्डर

6 अभिमत
बढ़ते विमान किरायों पर नियंत्रण

10 विदेश
यूक्रेन ने रूस के 35 ड्रोन में से 32 को मार गिराया

12 स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 225
नई दिल्ली, बुधवार, 21 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

नकली दवाओं पर कतई बर्दाश्त नहीं की नीति

राष्ट्रीय-11

विश्व मंच पर भारत बड़ी भूमिका का हकदार: मोदी

- कहा-अमेरिका के साथ रिश्ते पहले से अधिक मजबूत, चीन के साथ सामान्य संबंधों के लिए शांति जरूरी
- यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध पर भारत तटस्थ नहीं बल्कि शांति के पक्ष में हैं

न्यूयार्क पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वैश्विक राजनीतिक बात करते हुए कहा कि भारत कहीं उच्च, गहरी और व्यापक स्तर की भूमिका का हकदार है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत और गहरे हैं तथा दोनों देशों के नेताओं के बीच अभूतपूर्व विश्वास है।

हालांकि चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को आवश्यक बताया। अपने अमेरिका दौरे की शुरुआत से पहले वाल स्ट्रीट जर्नल को दिए एक साक्षात्कार में वैश्विक राजनीति के बारे में बात करते हुए मोदी ने यह भी कहा, भारत कहीं उच्च, गहरी और व्यापक स्तर की भूमिका का हकदार है। भारत-चीन संबंधों के बारे में मोदी ने कहा कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता जरूरी है। उन्होंने कहा संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने, कानून के शासन का पालन करने और मतभेदों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में हमारा मूल विश्वास है। साथ ही भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है। ज्ञात हो कि पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को भारत और चीनी सेनाओं के बीच संघर्ष हो गया था। यह पिछले पांच दशक में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इस तरह का पहला संघर्ष था और इससे द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आ गया था। दोनों देशों के बीच इस सिलसिले में कई दौर की मंत्री व कमांडर स्तरीय वार्ता हो चुकी है लेकिन अभी तक स्थितियां पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी हैं। यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत की भूमिका की आलोचना से जुड़े एक सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिंदुस्तान इस मामले में तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। विवादों को कूटनीति और बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए, युद्ध के साथ नहीं। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि हम तटस्थ हैं। लेकिन हम तटस्थ नहीं हैं। हम शांति के पक्ष में हैं।

दुनिया को पूरा विश्वास है कि भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता शांति है। मोदी ने कहा कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से कई बार बात की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हाल ही में मई में जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर जेलेंस्की से बात की थी। उन्होंने कहा, भारत जो कुछ भी कर सकता है, वह करेगा। संघर्ष को समाप्त करने और स्थाई शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी वास्तविक प्रयासों का भारत समर्थन करता है। भारत-अमेरिका संबंधों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत और गहरे हैं और दोनों देशों के नेताओं के बीच अभूतपूर्व विश्वास है। मोदी ने अपने साक्षात्कार में कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं को बदलना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रमुख संस्थानों की सदस्यता (शेष पेज 9)

प्रधानमंत्री पहुंचे अमेरिका, भव्य स्वागत

भाषा। न्यूयॉर्क

अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यहां जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे और वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। हवाई अड्डे पर अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। इस दौरान भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने भी उनके समर्थन में नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में उनकी मेजबानी करेंगे। इस यात्रा में 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र में प्रधानमंत्री का संबोधन भी शामिल है। मोदी ने अपनी यात्रा से पहले जारी एक बयान में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन की तरफ से राजकीय यात्रा के लिए यह विशेष निमंत्रण दर्शाता है कि दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच यह साझेदारी कितनी अहम एवं मजबूत है। उन्होंने कहा कि मैं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने संबंधी दिसंबर 2014 के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करने से जुड़े स्थान पर इस विशेष आयोजन को लेकर उत्साहित हूं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वार्षिक आयोजन के रूप में चिह्नित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से पहली बार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रस्तावित किए जाने के नौ साल बाद भारतीय नेता पहली बार संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इस दिन के ऐतिहासिक आयोजन में योग सत्र (शेष पेज 9)

भारत और अमेरिका के बढ़ते रिश्तों से चिढ़ा चीन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- पूर्व विदेश मंत्री वांग यी ने कहा, चीन की प्रगति बाधित करने के लिए भारत को दिया जा रहा बढ़ावा

वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय वार्ता को लेकर चीन के सरकारी मीडिया ने अमेरिका की आलोचना की है। चीनी मीडिया ने कहा है कि अमेरिका चीन की आर्थिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करने के लिए भारत को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। चीन के सरकारी मीडिया में यह लेख ऐसे समय में छपा है जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन पांच दिवसीय यात्रा पर बीजिंग में मौजूद हैं।

चीन के शीर्ष राजनयिक और पूर्व विदेश मंत्री वांग यी ने द ग्लोबल टाइम्स में छपे अपने लेख में कहा है कि अमेरिका ने भारत के साथ आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने प्रयास तेज किए हैं, जबकि इनका विफल होना तय है, क्योंकि वह भारत से वादे तो बहुत करता है, लेकिन शायद ही कभी उन पर अमल करता हो। मोदी की वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से यह छठी अमेरिका यात्रा है, लेकिन उनकी यह पहली राजकीय यात्रा है। वांग यी ने अपने लेख में कहा कि पिछले दिनरों फाइनेंशियल टाइम्स ने कहा था कि अमेरिका चीन का मुकाबला करने और उसकी आर्थिक प्रगति को प्रभावित करने के लिए भारत को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। अखबार ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका पीएम मोदी के साथ यूं ही मधुर संबंध नहीं बना रहा, भारत इसकी कीमत चुकाएगा।

वांग यी ने कहा कि अमेरिका की राजनीतिक रणनीति को पढ़ना बहुत मुश्किल नहीं है। जैसा कि कई भारतीय अभिजात वर्ग द्वारा आशंका जताई गई है, भारत के साथ आर्थिक और व्यापार सहयोग को मजबूत करने के वाशिंगटन के जोरदार प्रयास मुख्य रूप से चीन के आर्थिक विकास को धीमा करने के लिए हैं। हालांकि यह रणनीति कामयाब होने वाली नहीं है, क्योंकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत या कोई अन्य देश चीन को टक्कर नहीं दे सकता। भले अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश बढ़ा रही हैं, लेकिन अब इसका चीन की आपूर्ति श्रृंखला से अलग होना मुश्किल है।

क्विक न्यूज

सीएनजी चालित टैक्सियों के परमिट की वैधता बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के हजारों टैक्सी मालिकों को एक बड़ी राहत देते हुए परिवहन विभाग ने निर्देश दिया है कि सीएनजी या अन्य स्वच्छ ईंधन पर चलने वाली और अनुबंध कैरिज परमिट रखने वाली सभी टैक्सियों के परमिट की वैधता अब 15 वर्ष तक बढ़ा दी जाएगी। हालांकि, इसके लिए मोटर वाहन अधिनियम, 1988, केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर), 1989, और दिल्ली मोटर वाहन नियम (डीएमवीआर), 1993 में निर्धारित अन्य सभी शर्तें पूरी करनी होंगी।

नीलेकणि ने आईआईटी बंबई को 315 करोड़ दान किए

मुंबई। इंफोसिस के सह-संस्थापक और चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बंबई को 315 करोड़ रुपए दान किए है। वह यूआईडीएआई के संस्थापक चेयरमैन भी है। नीलेकणि इससे पहले संस्थान को 85 करोड़ रुपए दान कर चुके है। वह आईआईटी बंबई के पूर्व छात्र है। इस राशि से संस्थान में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में शोध और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलेगा। संस्थान और नीलेकणि ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह देश में किसी पूर्व छात्र द्वारा दिए गए सबसे बड़े दान में से एक है।

कुकी के लिए सैन्य सुरक्षा संबंधी याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय हिंसा के बीच अल्पसंख्यक कुकी आदिवासियों के लिए सैन्य सुरक्षा उपलब्ध कराने और इन (आदिवासियों) पर हमले कर रहे सांप्रदायिक समूहों के खिलाफ मुकदमे चलाने के अनुरोध वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि यह पूरी तरह कानून व्यवस्था से जुड़ी परिस्थिति है और प्रशासन को इससे निपटना चाहिए।

पीठ ने कहा, यह कानून और व्यवस्था का गंभीर मुद्दा है। प्रशासन को इस मुद्दे को देखने दें। क्या सर्वोच्च न्यायालय व्यक्तिगत सुरक्षा का आदेश दे सकता है? हमारे हस्तक्षेप से और समस्या पैदा होगी। यह स्थिति को खराब कर सकता है। हमें उम्मीद है कि अदालतों को ऐसा आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है कि सेना या केंद्रीय बलों को तैनात किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस ने एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) मणिपुर ट्राइबल फोरम की ओर से मामले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह कोरा आश्वसन दिया गया था कि किसी की जान नहीं जाएगी, इसके बावजूद 70 आदिवासी मारे जा चुके हैं।

राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले की तत्काल सुनवाई संबंधी याचिका का विरोध किया और कहा कि सुरक्षा एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, इसी तरह की अर्जी (ग्रीष्मकालीन) अवकाश से पहले की गई थी, जिस पर विचार नहीं किया गया था। इंतजार किया जा सकता है। जनहित इंतजार कर सकता है। मेहता (शेष पेज 9)

केंद्रीय बलों की तैनाती में होगा बंगाल पंचायत चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- केंद्रीय बलों की तैनाती के आदेश के खिलाफ याचिकाएं शीर्ष अदालत में खारिज, कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, चुनाव कराना हिंसा का लाइसेंस प्राप्त करना नहीं

उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप से मंगलवार को इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल में राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावों के लिए केंद्रीय बलों की मांग करने और तैनात करने का निर्देश गया था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि चुनाव कराना हिंसा का लाइसेंस प्राप्त करना नहीं है।

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार और एसईसी की याचिकाओं को खारिज कर दिया। इसने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का आशय अंततः राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना था। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, चुनाव कराना हिंसा का लाइसेंस नहीं हो सकता। खंडपीठ ने कहा कि यह सच है कि उच्च न्यायालय के आदेश का आशय राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है, क्योंकि यहां एक ही दिन में पंचायत चुनाव हो रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है और शीर्ष अदालत इस संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा जारी किसी अन्य निर्देश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्य और एसईसी का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं ने दलील दी है कि पश्चिम बंगाल के सभी जिलों के लिए केंद्रीय बलों की मांग और तैनाती के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश में शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना चाहिए।

एसईसी के वकील ने कहा कि चुनाव कराने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करना आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं था। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि चुनाव के साथ हिंसा नहीं हो सकती। न्यायालय ने कहा कि अगर लोग जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर पा रहे हैं या जिन लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है, उन्हें अंततः खत्म कर दिया गया है या समूह संघर्ष हो रहे हैं, तो फिर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कहां रहा। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि कभी-कभी तथ्य (शेष पेज 9)

आतंकी साजिद मीर को काली सूची में डालने के प्रस्ताव पर चीन ने लगाया अड़ंगा

- मुंबई आतंकी हमले के मामले में है वांछित

संयुक्त राष्ट्र। भाषा

चीन ने भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के लिए लाए गए प्रस्ताव पर मंगलवार को अड़ंगा लगा दिया। पाकिस्तान में मौजूद मीर 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने के कारण वांछित है।

चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत वैश्विक आतंकवादी के रूप में मीर को काली सूची में डालने और उसकी संपत्ति जब्त करने, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका द्वारा पेश किए गए तथा भारत द्वारा साथ मिलकर तैयार किए गए प्रस्ताव पर अड़ंगा लगा दिया। पिछले साल सितंबर में भी चीन ने संयुक्त राष्ट्र में मीर को आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव पर अड़ंगा लगा दिया था। बीजिंग ने अब प्रस्ताव को रोक दिया है। मीर, जिसकी उम्र 40 से 50 के बीच है, भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक है और 26।11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में उसकी भूमिका के लिए अमेरिका द्वारा उस पर 50 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम रखा गया है।

पिछले साल जून में, मीर को पाकिस्तान में एक आतंकवाद-रोधी अदालत द्वारा आतंक के वित्तपोषण मामले में 15 साल से अधिक समय के लिए जेल की सजा सुनाई गई थी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने पूर्व में दावा किया था कि मीर की मृत्यु हो गई, लेकिन पश्चिमी देशों ने उसकी मृत्यु का प्रमाण मांगा। पिछले साल के अंत में वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) द्वारा कार्य योजना पर पाकिस्तान की (शेष पेज 9)

पुरी में मंगलवार को भगवना जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में भक्तजनों का सैलाब। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के लगभग 45 फुट ऊंचे लकड़ी के तीन रथों को हजारों पुरुष खींच रहे थे, जबकि लाखों लोग उसे स्पर्श करने, प्रार्थना करने या विशाल रथयात्रा को देखने के लिए उमड़ पड़े।

योगा मैट में झलकेगी आदिवासी विरासत

- योग दिवस पर पहली बार होगा जनजातीय लोगों की बुनीं 34000 चटाइयों का इस्तेमाल
- खूबसूरत चित्रकारी से सजीं ये चटाई न केवल आरामदायक हैं बल्कि इनमें पसीना सोखने का है अनूठा गुण

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पहली बार पारंपरिक जनजातीय समुदायों का हुनर भी चमकेगा। अनेक लोग जनजातीय लोगों द्वारा अलग-अलग डिजाइन में बुने गए रंगीन खूबसूरत योगा मैट (चटाई) का इस्तेमाल 21 जून को योग दिवस पर करेंगे। ये मैट न केवल गुणवत्ता के मामले में उत्कृष्ट हैं बल्कि समृद्ध जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित करते हैं। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने योगा दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) द्वारा आदिवासी समुदायों से हाथ से बुने गए कम से कम 34,000 मैट मंगवाए गए हैं।

इस पहल का उद्देश्य आदिवासी कारीगरों को प्रोत्साहन देना है। केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के तहत ट्राइफेड के एक अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक चटाई भारत की जनजातियों की कहानियों, लोककथाओं और कलात्मक विरासत को दर्शाती है, जो अपने आप में उनकी विविध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत वसीयतनामा है। उन्होंने कहा कि ये चटाई योग करने वालों और जनजातीय कारीगरों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बीच गहरे संबंध को बढ़ावा देंगी। उन्होंने कहा कि मेदिनीपुर और पुरुलिया जिलों के बेलतला, गोचरा, सांचारा, कांगल बेरिया, डेबरा और लौलारा सहित विभिन्न जिलों के सोनाली सिंकू, रात्रि टुडू, नीलिमा मुर्मू और प्रणति टुडू जैसे प्रतिभाशाली आदिवासी बुनकर इन चटाइयों के निर्माण में अपना शिल्प कौशल झोंक देते हैं।

यही नहीं, प्रत्येक चटाई विभिन्न आदिवासी समुदायों के प्रामाणिक शिल्प कौशल का प्रतिनिधित्व करती है। उदाहरण के लिए, संथाल समुदाय मेदिनीपुर की मदुरकाठी समृद्ध बुनाई विरासत का सार प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि चटाई से बढ़कर ये अनूठी रचनाएं कई प्रकार के अन्य लाभ भी (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 21 जून, 2023

पश्चिमी यूपी में उतरेंगे भाजपा के दिग्गज

महासंपर्क अभियानः 25 जून को नोएडा में योगी, गाजियाबाद में रहेंगे केशव मौर्य

● बिजनौर में 30 जून को अमित शाह बजाएंगी चुनावी बिगुल

योगी आदित्यनाथ

केशव प्रसाद मौर्य

अमित शाह

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा 21 जून से महासंपर्क अभियान शुरू करेगी। इसके लिए भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिग्गज नेताओं को उतार दिया है। वे जनसभाओं के जरिये माहौल बनाएंगे। पश्चिम की 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा नेताओं के कार्यक्रम जारी हो गए हैं।

गाजियाबाद में भाजपा महानगर कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया ने बताया, नोएडा में 25 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। इस दौरान वे करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। 25 जून को ही गाजियाबाद में डिप्टी सीएम केशव मौर्य रहेंगे।

गाजियाबाद के पदाधिकारी इस जनसभा के लिए स्थान तलाशने में जुटे हैं। 30 जून को गृहमंत्री अमित शाह बिजनौर में एक सभा को संबोधित करेंगे। मुरादाबाद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 20 जून को जनसभा कर रहे हैं। महासंपर्क अभियान 30 जून तक चलेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 21 जून को 356 शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ता समूह में योग करेंगे।

पहले योग कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गाजियाबाद आने का कार्यक्रम था, जो अब स्थगित हो गया है। इसकी वजह ये थी कि कुछ दिन पहले ही जेपी नड्डा पड़ोसी जनपद नोएडा में टिफिन कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

इसलिए वे योग कार्यक्रम में अब उप्र के अलावा दूसरे राज्य में जा रहे हैं। भाजपा ने योग को गांव-गांव तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसलिए शक्ति केंद्र तक के कार्यकर्ताओं को योग कराने का टास्क दिया गया है।

बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी यामहा कंपनी की बस

● हादसे में छह कर्मचारी घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कुलेसरा स्थित हिंडन पुल पर यामहा कंपनी के कर्मचारियों से भरी बस पलट गई। हादसे में छह कर्मचारियों के मामूली रूप से जख्मी होने की खबर है। बताया जाता है कि एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पेड़ से और डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

मिली जानकारी के यह हादसा आज शाम करीब साढ़े 4 बजे सूरजपुर-भंगेल मार्ग पर हुआ। हादसे के तुरंत बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने बस में फंसे कर्मचारियों को शीशे तोड़कर बाहर निकाला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस बुलाकर घायल कर्मचारियों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस दुर्घटना से जुड़ी जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यामाहा कम्पनी की कर्मचारियों से भरी बस ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर जा रही थी। जब बस ने हिंडन नदी का कुलेसरा पुल पार करने के बाद बस का संतुलन बिगड़ गया और बस पलट गई। लोगों ने बताया कि बस के आगे एक बाइक सवार आ रहा था। उसे बचाने के लिए बस के ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया।

बस में सवार कई लोगों को घायल बताया जा रहा है। हादसे के तुरंत बाद वहां जाम लग गया। लोगों ने बस के शीशे तोड़कर उसमें फंस लोगों को निकाला। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ने बताया कि हिंडन पुल पर सूरजपुर स्थित यामाहा कंपनी की बस सूरजपुर से फरीदाबाद जा रही थी। उसमें 28 लोग सवार थे। बस अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में 6 लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

संक्षिप्त समाचार

गीतांजलि के साथ यशोदा अस्पताल के चेयरमैन डॉ. पीएन अरोड़ा।

बर्लिन स्पेशल ओलंपिक भारत ने जीता गोल्ड मेडल

गाजियाबाद। बर्लिन में चल रहे स्पेशल ओलंपिक में भारत ने पहला गोल्ड मेडल जीता जिसमें भारत की खिलाड़ी नंबर 1020 गीतांजलि ने 800 मीटर रेस में यह गोल्ड मेडल जीता। गीतांजलि के साथ खुशी के पलों को बर्लिन में खेल के मैदान में साझा करते हुए यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स कौशांबी के चेयरमैन डॉ. पीएन अरोड़ा ने गीतांजलि को हार्दिक बधाई दी और उसके इस शानदार प्रदर्शन पर उसकी हौसला अफजाई की। इस अवसर पर डॉ अरोड़ा के साथ गीतांजलि को बधाई देने वालों में गोवा के कैबिनेट मंत्री सुभाष पी देसाई विशेष रूप से मौजूद थे।

सीएमएस के ऑफिस में लगी आग

गाजियाबाद। एमएमजी अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया कि जब इस अस्पताल के परिसर में बने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ऑफिस में आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंचकर आग बुझाने और लोगों को सुरक्षित करने में जुट गई। यह जानकारी देते हुए सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आज सुबह डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि एमएमजी सरकारी अस्पताल में आग लग गई है। इस सूचना के मिलते ही कोतवाली फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर तुरंत ही मौके पर पहुंच गये। वहां जाने पर पता चला कि आग सीएमएस के कक्ष में रखे तीन कंप्यूटर में लगी हुई थी। जिसे तकाल बुझा दिया गया। पाल ने बताया कि इस घटना में जान माल का भारी नुकसान नहीं हुआ है।

संभव दिवस में अफसरों ने सुनी लोगों की समस्याएं

गाजियाबाद। निगम में संभव दिवस आयोजित किया गया। संभव के दौरान नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़, अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, अरूण कुमार यादव, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, चीफइंजीनियर एनके चौधरी, जलकल विभाग के जीएम आनंद त्रिपाठी आदि अधिकारी मौजूद रहे। सभव दिवस प्रत्येक मंगलवार को सुबह दस बजे से लेकर दो बजे तक आयोजित किया जाता है। इस दौरान नगर निगम संबंधी कोई भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। 17 शिकायतें दर्ज कराई गई। इनमें स्ट्रीट लाइट, कूड़ा उठान, साफसफाई, पानी की सप्लाई, अतिक्रमण आदि की तमाम शिकायतें शामिल है। नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतें दर्ज कराई गई है उनके हिसाब से परीक्षण करे और इनका निस्तारण किया जाए। शासन की ओर से भी संभव दिवस के दौरान रजिस्टर्ड होने वाली शिकायतें समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने का आदेश है। इनमें से ही नगर निगम द्वारा निस्तारित किसी भी शिकायतकर्ता से सीधे नगर विकास मंत्री एके शर्मा भी बात करते है। ऐसे में नगर आयुक्त ने गुणवत्ता पूर्वक शिकायत के समाधान का निर्देश दिया है।

गौतम बुद्ध विवि में रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार और चरण स्पर्श फउण्डेशन द्वारा डिजिटल अवेयरनेस ड्राइव फॉर रोड सेफ्टी का क्विज कॉन्टेस्ट आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में गौतम बुद्ध विश्वविध्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में बीकाम ऑनर्स की छात्रा खुशबू यादव ने टॉप स्कोर बनाकर विश्वविध्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें चरण स्पर्श फाउण्डेशन द्वारा आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी में केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग नितिन गडकरी एवं चरण स्पर्श फाउण्डेशन की संस्थापक माया ठाकुर ने स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और इलेट्रिक साईकिल देकर सम्मानित किया। यह जानकारी एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रकाश चन्द्र दिलारे ने दी। उन्होंने बताया कि इस कॉन्स्टेस्ट में पूरे दिल्ली एनसीआर से लगभग सात हजार एवं गौतम बुद्ध विश्वविध्यालय से लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

दिल्ली में कोचिंग सेंटर हादसे के बाद नोएडा के 54 संस्थानों को नोटिस

● नोटिस में सभी को दो दिन के अंदर पंजीकरण कराने के दिए गए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली मुखर्जी नगर के कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोएडा व ग्रेटर नोएडा में आग से बचाव के इंतजाम किए बिना चल रहे 54 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किया है।

नोटिस में सभी सेंटर को दो दिन के अंदर पंजीकरण कराने के निर्देश जारी किए गए है। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश कोचिंग अधिनियम के तहत कोचिंग चलाने के लिए संबंधित जिले के जिला विद्यालयी निरीक्षक कार्यालय में पंजीकरण कराना जरूरी है। पंजीकरण के लिए अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह कोचिंग सेंटर माध्यमिक शिक्षा विभाग में पंजीकरण कराए बिना चल रहे हैं। ऐसे में इनके अग्निशमन विभाग की एनओसी पर भी संशय है। इससे पहले 2020 में भी बड़ी संख्या में कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस आईएमएस कोचिंग सेंटर, भारद्वाज क्लासेस, काशवी इंस्टीट्यूट, आई प्रूफ लर्निंग सॉल्यूशन आदि को जारी हुए है।

संदिग्ध परिस्थितियों में इंजीनियर मृत मिला

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले में एक्सप्रेस-वे थाना क्षेत्र के सेक्टर-168 स्थित एक फ्लैट में एक इंजीनियर मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक्सप्रेस-वे थाना के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि एक प्रतिष्ठित बहु राष्ट्रीय कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर काम करने वाले दिनेश सिंह (35 वर्ष) गाजियाबाद के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि सोमवार को दिनेश सिंह ने अपने कुछ दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट में पार्टी की और अपने एक अन्य दोस्त के सेक्टर-168 स्थित फ्लैट में जाकर सो गए। सिंह ने बताया कि सुबह वह फ्लैट में मृत मिले। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

एसबीआई के जन सुविधा संचालक से लूट

● बाइस सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर छीने 4.12 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर प्रशासन मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारियों में जुटा है। वहीं, सोमवार की देर रात बादलपुर थाना क्षेत्र में एसबीआई के जन सुविधा केंद्र संचालक से बाइक सवार दो बदमाशों ने हथियार के बल पर 4.12 लाख लूट लिए।

पीड़ित ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने तमंचे की बट से हमला कर दिया और वहां से फरार हो गए। बादलपुर थाना क्षेत्र के अच्छेजा गांव में विक्रम सिंह एक जन सुविधा केंद्र चलाते हैं। रात को जब वह जन सुविधा केंद्र को बंद करके स्कूटी से अपने घर के लिए जा रहे थे तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो बदमाश आए और उन्होंने तमंचे के बल पर उनसे बैग छीनने की कोशिश की। जब विक्रम ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने तमंचे की बट से मारा और बैग लूट कर फरार हो गए। बैग में करीब 4:12 लाख नगदी और जरूरी कागजात थे। पीड़ित ने लूट की सूचना पुलिस को दी। लूट की घटना की सूचना मिलते ही बादलपुर थाना पुलिस और आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पीड़ित से जानकारी ली और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी राजीव दीक्षित ने बताया कि जन सुविधा केंद्र संचालक के साथ बाइक सवार दो बदमाशों ने हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही इस घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

सुपारी लेकर युवक की हत्या करने का आरोपी एक साल बाद पकड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस ने सुपारी लेकर हत्या करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिस पर 20 हजार रुपए का इनाम था।

थाना सेक्टर-126 के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि आरोपी के पास से पुलिस ने वर्ष 2022 में सेक्टर 94 के पास हुई एक व्यक्ति की हत्या में प्रयुक्त देसी तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में एक साल से फरार, 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश मेहंदी हसन को सेक्टर 127 में पुश्ता रोड पर स्थित जिंदल फार्म हाउस के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि 10 मई 2022 को आरोपी ने दिल्ली के निवासी ऋषि पाल शर्मा पुत्र प्रकाश शर्मा को सेक्टर 94 के पास रोककर, गोली मार दी थी।

एसटीपी प्लांट में दिखाई दिया जानवर, तेंदुआ का शक

गाजियाबाद। गोविंदपुरम स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के परिसर में तेंदुए जैसे जानवर के दिखाई देने से दहशत व अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। कई लोग जोर से आवाज लगाते हुए उस जंगली जानवर को डराने एवं भगाने की कोशिश भी करते दिखाई दिये।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व वन्य विभाग की टीम भी पहुंच गई। उसके बाद दोनों विभागों की टीम ने संयुक्त रूप से तेंदुए जैसे जंगली जानवर को खोजने के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया। बता दें कि गोविंदपुरम के आस-पास तेंदुए के दिखाई देने की चर्चा चल रही है।

कुख्यात मनोज की ढाई करोड़ की संपत्ति कुर्क

● अप्रैल में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुआ था इनामी गैंगस्टर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में कुख्यात बदमाशों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। कुख्यात बदमाशों और उनके गिरोह के द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को पुलिस के द्वारा लगातार कुर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कुख्यात बदमाश और एक लाख के इनामी मनोज आसे की करीब ढाई करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क किया गया।

दरसअल एक लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर मनोज आसे को ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने 28 अप्रैल 2023 को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था ।अब पुलिस उसके द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों को कुर्क कर रही है। दनकौर थाने के गैंगस्टर एक्ट के मामले में मनोज आसे की पत्नी के नाम से खरीदी हुई लगभग ढाई करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क किया गया।

फ्लैट को सील करते पुलिस कर्मी।

इस दौरान पुलिस ने ढोल नगाड़े बजाकर लाउडस्पीकर से मुनादी करते हुए उसके फ्लैट को कुर्क किया और बताया कि यह प्रॉपर्टी कुख्यात बदमाश मनोज आसे की पत्नी के नाम पर है।

नोएडा और ग्रेनो में फिर शुरू होंगी सिटी बस

● मेट्रो के स्टेशनों को जोड़ते हुए 35 मिनी बसें चलाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर से सिटी बस सर्विस शुरू होगी। इस बार सेवा का मकसद मेट्रो स्टेशनों तक आम आदमी की अच्छी पहुंच बनाना होगा।

लिहाजा, एक्वा मेट्रो लाइन मेट्रो के स्टेशनों को जोड़ते हुए 35 मिनी बसें चलाने की तैयारी नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने तेज कर दी है। इसी सप्ताह बसें चलाने के लिए आरएफपी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दी जाएगी। एनएमआरसी अच्छे ट्रांसपोर्टरों को यह मौका देना चाहती है। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि कि 35 में से 25 बसें पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी मॉडल पर चलवाई जाएंगी। जबकि 10 बसें खुद एनएमआरसी खरीदकर चलाई जाएगी। ये बसें नोएडा और ग्रेटर नोएडा के मेट्रो स्टेशनों को जोड़ते हुए चलाई जाएंगी। एनएमआरसी के अफसरों का कहना है कि बसें फीडर सेवा के तौर पर चलानी हैं। इससे पहले एनएमआरसी ने टेंडर जारी किया था, उसमें किसी कंपनी का चयन नहीं हो पाया था। मई महीने में उस टेंडर को निरस्त कर दिया गया था। दरअसल, कंपनी ने शहर में ज्यादा स्टैंड बनाने की मांग की थी। बस स्टैंड्स के बड़े हिस्से में विज्ञापन लगाने का अधिकार मांगा था। कंपनी के इस प्रस्ताव को एनएमआरसी ने खारिज कर दिया था। एनएमआरसी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पीपीपी मॉडल पर बस सेवा में कोई भी वित्तीय भार कॉरपोरेशन नहीं उठाएगा।

इन छोटी बसों में 24 सीट होंगी और एसी होना जरूरी है। टेंडर प्रक्रिया में आने वाली कंपनियों को बस संचालन का अनुभव होना चाहिए। अगर कंपनी या उसकी सहयोगी कंपनी का अनुभव किसी शहर में परिवहन सेवा में बस संचालन का होगा, तभी एनएमआरसी आवेदन पर विचार करेगी। अधिकारियों ने बताया कि बसों का संचालन 12 रूट पर किया जाएगा। यह रूट तैयार कर लिए गए हैं।

एनएमआरसी की प्रबंधक निदेशक ऋतु माहेश्वरी ने बताया अब नए सिरे से पीपीपी मॉडल पर आरएफपी तैयार करवाई जा रही है। इसमें कंपनी को नियमों के मुताबिक विज्ञापन का अधिकार दिया जाएगा। एनएमआरसी को 10 बसें खरीदनी हैं। गौरतलब है कि करीब साढ़े तीन साल पहले तक एनएमआरसी 50 एसी बसों का संचालन करती थी। कोरोना आने पर इनका संचालन बंद कर दिया गया। बसों के संचालन से ज्यादा घाटे होने का तर्क देकर बंद कर दिया गया। तब से आम शहरी को मेट्रो स्टेशनों तक पहुंचाने के लिए कोई सार्वजनिक सुविधा नहीं है।

Public Notice

Notice is hereby given to the General public that Mrs. Chandro Devi is absolute owner of Residential Second Floor without roof rights "said floor", built on Plot No 75, area measuring 50 sq. yds., out of Khasra No. 157, situated in the revenue estate of Village Bindapur, Delhi area abadi known as Nand Ram Park, A-Block, New Delhi by way of GPA, ATS, Will dated 29.12.2004 executed by Mr. Ram Lal. Now, Mrs. Chandro Devi is intending to sell the above said property to Mr Pradeep Kumar Shukla and further, Mr. Pradeep Kumar Shukla is mortgaging the said property with Aditya Birla Housing Finance Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 15 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

Public Notice

Notice is hereby given to the General public that Mr. Hari Prakash is absolute owner of 1st Floor, 2nd Floor, and 3rd Floor with roof Right of Plot no 2, area measuring 150 Sq Yds, Khasra no 100 and 101, Situated in Sector II Vill Sarai Pipal Thala, Colony Known as Mohinder Park, Delhi, by way of SPA, GPA, ATS dated 04.04.1996, executed by Sh. Inder Singh and 2. Sh. Harbans Lal Gulati. Now, Mr. Hari Prakash is intending to sell the above said property to Mr. Ashok Kapoor and further Mr. Ashok Kapoor, is mortgaging the said property with SMFG India Home Finance Co. Ltd. Grihashakti. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भगवन तिवारी पुत्र श्री जोधराज तिवारी, उक्त संपत्ति Property Bearing No. RZ-44, (Old No. RZ-111/4), area measuring 45 Sq. Yards., Built on Plot No. 44, out of total area 75 Sq. Yards., Out of Khasra No. 23/8., Situated in the Revenue estate of Village Dabri, colony known as Vasant Park, New Delhi-110046 का GPA, ATS & Will दिनांक 12.09.2001 के द्वारा मालिक हैं और उक्त सम्पति पर 12.09.2001 से शांतपूर्ण तरीके से काबिज है! उपरोक्त संपत्ति, पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है !यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है!
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./121/2022
ईएक्सएच. नंबर : 18417 ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
कमलेश गुप्ता
सेवा में,
(डी-3) नाइनेक्स डेवलपर्स लिमिटेड निवा. कार्यालय एसएफ 05, नाइनेक्स सिटी मार्ट, सोहना रोड, सेक्टर-49, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता :- गोपी राम बिल्डिंग, ग्राम सुल्तानपुर, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली
सम्मन
जबकि, ओए/121/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 08-06-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,21,17,034/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 19-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 09-06-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., शाल टावर, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007
सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन
आपको सूचना दी जाती है कि दुर्गेश ठाकुर/पिंकी ठाकुर (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएफडीबी00004965177 तथा पता यूनिट नंबर ए7-704, हमारी परियोजना "हैबीटैट 78" में स्थित, सेक्टर-78, फरीदाबाद, हरियाणा के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 10 सितम्बर, 2021 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि कॉन्शिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 21 जून, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME
मैं, राहुल गुप्ता पुत्र श्री याद राम गुप्ता निवासी एफ-16, गली संख्या-1, मण्डावली फाजलपुर शकरपुर बरामद, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110092 मैने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम राहुल से बदलकर राहुल गुप्ता रख लिया है।
PD(073)C

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that my client **Saran Equipments and Engineers Private Limited** is in process to avail the loan facility with the KMBL against the land admeasuring 3460 Sq.Mtrs., falling under Khata no. 272 Khasra no. 159 admeasuring 0.1850 Hectare and Khata no. 271 Khasra no. 160 admeasuring 0.1610 Hectare situated at Village Madapur Mustafabad pargana Dasna tehsil Dholana Distt. Hapur, UP, whereas they have lost the following original document/s pertaining to the said property although they have also lodged a complaint in lieu of that on dated 27/9/2022
1.Sale Deed dated 29.08.2008 executed by Rambhroshe, Rinkuand Somwati in favour of Karuna Rani (doc no. 11713)
2.Sale Deed dated 08.04.2009 executed by karuna Rani in favour of Rozman Polymers Pvt. Ltd., through Mohammad Minhaj Alam and others (doc no. 5008)
If anyone found please handover the same at below mentioned address.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

PUBLIC NOTICE
NOTICE is hereby given that Promila Sabharwal, Rita Chathli, Kunika Chathli, Neelu Chathli, Sudesh Pal Chathli & Rakesh Pal Chathli claims to be owner and in possession of **Ground Floor of Prop. No. 186, Block-S, Greater Kailash Part-II, N.D 48 (hereinafter called the said property).** Said Kulwant Rai Chathli was the owner of said property vide sale Deed dated 26.07.1972 regd. Vide doc no. 5323 who expired on 21.10.1998 leaving behind Shyam Wati Chathli, Sudesh Pal Chathli, Mukesh Pal Chathli, Rakesh Pal Chathli, Promila Sabharwal, Urmila Chathli, thereafter Shyam Wati Chathli expired on 02.05.2008 & Urmila Chathli expired on 20.11.2007 leaving behind Promila, Mukesh Pal Chathli, Rakesh Pal Chathli, S.P. Chathli, thereafter Mukesh Pal Chathli expired on 02.11.2020 leaving behind Kunika Chathli, Neelu Chathli & Rita Chathli & said Rakesh Pal Chathli through SPA, Sudesh Pal Chathli, Mukesh Pal Chathli, Ms. Promila Sabharwal & Urmila Chathli had relinquished their share in the said property to Shyam Wati Chathli vide Relinquishment Deed registered on 05.04.2002 vide doc No. 2444 and now said Shyam Wati Chathli has also expired and now said Promila Sabharwal, Rita Chathli, Kunika Chathli, Neelu Chathli, Sudesh Pal Chathli & Rakesh Pal Chathli being the only legal heirs (jointly) has agreed to sell the said Property to Vipin Kumar and Mrs. Romila Gupta And Said Vipin Kumar and Mrs. Romila Gupta has agreed to create a mortgage in favour of our clients Axis Bank Ltd., Axis House, Sector 128 Noida Branch, any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.
Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19
Mobile No. 9818399999

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) EICHER 10.95
REG. NO. DL1MA4453-YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE-469973.7
2) TATA_LPT909CH_CHASIS
REG. NO. DL1MA1740- YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE-435688.2
3) TATA_LPT909CH_CHASIS
REG. NO. DL1MA1785-YOM- 2018
MINIMUM RESERVE PRICE-435688.2
4) TATA_LPT909CH_CHASIS
REG. NO. DL1MA1863-YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE-435688.2
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 06.07.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 07798988481
EMAIL-Abhinav.lal@kotak.com

PUBLIC NOTICE
We, Shri Bharat Bhushan Patnaik and Smt. Anjali Patnaik are the owners of Unit bearing No. V-6/1, area measuring 123.24 sq. mtrs., on First and Second Floor (FF-1) Duplex DLF Phae-III, Situated in Plot No. 1, Road No. V-6, DLF Qutab Enclave, Village Nathupur, Tehsil and Distt., Gurgaon Haryana having acquired the same vide Conveyance Deed dated 18/11/1996 executed by DLF (document no. 1153) And whereas we have lost the following document pertaining to the said property, an FIR has already been lodged in lieu of that dated 31/5/2023
1.Original Agreement dated 12/12/1990 executed by M/s DLF Universal Ltd. in favour of Shri Bharat Bhushan Pattnaik and Smt. Anjali Patnaik.
2.Original Allotment Letter dated 17/12/1990 issued by M/s DLF Universal Ltd. in favour of Shri Bharat Bhushan Pattnaik.
3.Original Handover Possession dated 28/05/1996 issued by M/s DLF Universal Ltd. in favour of Shri Bharat Bhushan Pattnaik and Smt. Anjali Patnaik.
If anyone found please deliver at the below mentioned address or inform at the cell number **9007704852**
Bharat Bhushan Pattnaik and Smt. Anjali Patnaik, 55/3B, Ballygunge Circular road, Ballygunge Circus Avenue Kolkata, Bengal-700019
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

सरकार ने दिया 2026 ई-बसें खरीदने का ऑर्डर

सभी बसों की आपूर्ति दो साल के अंदर होगी, 100 बसें सितंबर तक आ जाएंगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बेड़े में दिसंबर 2025 तक 2,026 इलेक्ट्रिक बसें (ई- बस) जुड़ने जा रही है। केजरीवाल सरकार ने इस संबंध में मंगलवार को बसों को खरीदने का आदेश जारी किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। जबकि इसी साल सितंबर में डीटीसी को पहली 100 इलेक्ट्रिक बसों को मिलने की उम्मीद है।

देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक बस निर्माताओं में से एक, पीएमआई इलेक्ट्रो ने घोषणा की है कि वह दिल्ली परिवहन निगम और परिवहन विभाग को नौ-मीटर लंबी 728 इलेक्ट्रिक बसें मुहैया कराएंगे। इसके अलावा 570 इलेक्ट्रिक बसें, जो 12 मीटर लंबी हैं, परिवहन विभाग को दी जाएंगी। बयान के मुताबिक, इन 2026 ई-बसों से अगले 12 साल में राजधानी को 14.50 लाख टन कार्बनडाइ ऑक्साइड (सीओ2)से बचाएगी। पीएमआई इलेक्ट्रो के अध्यक्ष सतीश जैन ने कहा कि उनकी कंपनी दिल्ली सरकार को दी जाने वाली बसों के नियमित रखरखाव में भी मदद करेगी। ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो। जारी बयान में कहा गया है कि डीएमआरसी के आदेश के तहत दी गई पीएमआई की 100 बसें फिलहाल दिल्ली में चल रही हैं। यह इलेक्ट्रिक बसें अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं, जो उच्च प्रदर्शन के साथ यात्रियों को सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करती हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए बसें रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम (आरटीएमएस) और सीसीटीवी कैमरों जैसी सुरक्षा प्रणालियों से लैस हैं।

बसों में दिव्यांग यात्रियों के लिए स्वचालित व्हीलचेयर रैंप भी होंगे। सभी इलेक्ट्रिक बसें 12 मीटर लंबी, एयरकंडिशंड और लो फ्लोर वाली होने वाली है।

साथ ही इन बसों में और भी सुविधाएं जैसे सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, वील चेयर रैंप, बुजुर्गों, एलईडी डिस्प्ले सिस्टम, महिलाओं के लिए पिंक सीट और दिव्यांगों के लिए रिजर्व सीट जैसी सभी जरूरी सुविधाओं भरपूर होंगी। इतना ही नहीं इन बसों की चार्जिंग और मेंटिनेंस के लिए भी इनफ्रास्ट्रक्चर तैयार भी किया जा रहा है।

ज्ञात हो राजधानी में लगातार परिवहन व्यवस्था पर दबाव बन रहा है। पीक ऑवर में बसों के अंदर काफी भीड़ होती है। वहीं दोपहर के समय यात्रियों को बसों को लंबा इंतजार करना पड़ा है। इस कदम से परिवहन में लोगों को आसानी होगी।

2025 तक 80 फीसदी होंगी ई-बसें

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई मौकों पर दावा किया है कि 2025 तक राजधानी की सड़कों पर 10,000 से अधिक बसें चलेंगी और जिसमें से 80 फीसदी इलेक्ट्रिक बसें होंगी।

राजधानी में मंगलवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का रथ खींचने के लिए भारी संख्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम। फोटो : रंजन डिमरी

अध्यादेश पर विपक्षी बैठक में जानेंगे कांग्रेस की राय : सीएम केजरीवाल

● मुख्यमंत्री को उम्मीद, 23 जून को पटना में गैर भाजपा दलों की बैठक में दिल्ली मुद्दे पर होगी पहली चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि पटना में 23 जून को होने वाली गैर-भाजपा दलों की बैठक में अन्य दलों द्वारा कांग्रेस से राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश पर रुख स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह बैठक में अन्य नेताओं को बताएंगे कि पूर्ण राज्यों के लिए भी इस तरह का अध्यादेश कैसे लाया जा सकता है। मैं संविधान को अपने साथ ले जाऊंगा और उन्हें समझाऊंगा कि अध्यादेश केवल दिल्ली के लिए नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल जैसे पूर्ण राज्यों में भी लाया जा सकता है।

इस तरह का अध्यादेश शिक्षा और बिजली जैसे विषयों पर लाया जा सकता है जो समवर्ती सूची में हैं। मुझे उम्मीद है कि पार्टियां कांग्रेस से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहेंगी।

एनसीसीएसए की पहली बैठक में अधिकारी के खिलाफ अनुशानात्मक कार्यवाही पर चर्चा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) की पहली बैठक हुई। बैठक में बैठक में फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में कुछ गलत कार्यों में शामिल एक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने पर चर्चा की गई। वहीं मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के तबादले और तैनाती पर चर्चा करने के लिए लिए 28 जून को एनसीसीएसए की दूसरी बैठक बुलाई है। बैठक की कार्रवाई के दौरान सीएम ने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के निर्णय को लेकर प्राधिकरण एकमत है। सीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, केजरीवाल को सेवा विभाग से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसमें तीन अलग-अलग श्रेणियों के अनुरोध शामिल हैं। इन श्रेणियों में कुछ अधिकारियों के स्थानांतरण का विभागों का अनुरोध, रिक्त पदों पर अधिकारियों की पदस्थापना, और स्थानांतरण/तैनाती के संबंध एक अधिकारी का अनुरोध शामिल हैं। केजरीवाल को कई अधिकारियों से शिकायतें मिली हैं कि सेवा विभाग चुनिंदा और मनमाने ढंग से तबादलों व तैनाती के अनुरोधों पर कार्रवाई कर रहा है। बयान में दावा किया गया है कि कई अधिकारियों ने बताया है कि तबादलों के उनके अनुरोध सेवा विभाग के पास लंबे समय से बिना किसी प्रतिक्रिया के लंबित हैं। बयान के अनुसार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव व एनसीसीएसए के सदस्य-सचिव को इन तीन श्रेणियों के तहत सभी अनुरोधों को संकलित करने और प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए फाइल वापस भेज दी।

केजरीवाल को क्यों मिला मानकों से बड़ा बंगला: वीरेंद्र सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को दिल्ली सरकार से पूछा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को किस तरह वह आधिकारिक आवास मिला, जिसके लिए वह कथित तौर पर पात्र भी नहीं हैं।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एक केंद्र शासित प्रदेश है और इसके मुख्यमंत्री केवल टाइप-7 आवास के लिए पात्र हैं। सचदेवा ने दावा किया कि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, केजरीवाल को आवंटित बंगला उनके पात्रता मानकों से बहुत बड़ा है। लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को सतर्कता निदेशालय द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का हवाला देते हुए भाजपा नेता ने कहा, हम जानना चाहते हैं कि बिना किसी उचित निविदा और बजटीय प्रावधानों के पीडब्ल्यूडी को मुख्यमंत्री बंगले का नवीकरण और विस्तार कार्य करने के लिए किसने कहा। पीडब्ल्यूडी ने शुरू में केवल बंगले के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव जारी किया था, लेकिन उन्होंने बिल्कुल नया बंगला बना दिया। पीडब्ल्यूडी ने बिना किसी स्वीकृति के आवास के नवीकरण के बजट को 7.62 करोड़ से बढ़ाकर 33.20 करोड़ कर दिया।

अपराध पर उपराज्यपाल संग मंत्रिमंडल बैठक का प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मुख्यमंत्री ने लगातार हो रही बढ़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर जताई चिंता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में आपराधिक घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को लेकर उपराज्यपाल वी के सक्सेना को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने इस मामले पर सार्थक चर्चा के लिए उनके साथ दिल्ली मंत्रिमंडल की एक बैठक का प्रस्ताव रखा है।

सोमवार 19 जून को लिखे गए इस पत्र में केजरीवाल ने कहा कि स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में पिछले 24 घंटे में चार हत्याएं हो चुकी हैं। केजरीवाल ने विशेष रूप से रात के समय पुलिस की गश्त बढ़ाए जाने और इस मामले पर दिल्ली के निवासियों के साथ तत्काल संवाद करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सार्थक चर्चा के लिए अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों की आपके (सक्सेना के) साथ बैठक का प्रस्ताव रखता हूं।

अपराध का राजनीतिकरण न करें: एलजी

● उपराज्यपाल ने केजरीवाल को लिखा पत्र, कहा-इससे कोई हल नहीं निकलने वाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर आगाह किया कि 'अपराध के राजनीतिकरण' से कोई भी हल नहीं निकलने वाला।

सक्सेना ने कहा कि सतर्कता के बावजूद अपराध की घटनाएं हो रही हैं। उनका यह पत्र केजरीवाल के 19 जून को लिखे उस पत्र के जवाब में आया है जिसमें उन्होंने 'अचानक' बढ़ी अपराध की घटनाओं को रेखांकित किया है और एलजी तथा कैबिनेट के साथ बैठक करने का प्रस्ताव दिया है। एलजी ने कहा कि सार्थक चर्चा के जरिये समाधान ढूंढा जा सके इसके लिए केजरीवाल और मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक का स्वागत है बजाय इसके की आप और आपकी पार्टी के लिए राजनीतिक अवसर खोजा जाए।

एलजी ने पत्र में कहा 'इस मौके पर मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इन दिनों अपराध का राजनीतिकरण करना लगभग आदत सी बन गई है, जबकि इससे कोई समाधान नहीं निकलता। यह न केवल अपराध को बढ़ावा देता है बल्कि पीड़ित और उसके परिवार की पीड़ा को भी बढ़ाता है।'

प्रधानमंत्री मोदी होंगे डीयू शताब्दी समारोह के समापन के मुख्य अतिथि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शताब्दी समारोहों के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोहों की शुरुआत एक मई, 2022 को हुई थी और पूरे साल विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि कि डीयू ने शताब्दी समारोहों का समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को शताब्दी समारोहों के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में शिरकत के लिए विश्वविद्यालय का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। पिछले साल एक मई को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के मौके पर शताब्दी समारोहों की शुरुआत हुई थी। डीयू की स्थापना 1922 में हुई थी।

चोरी के मोबाइल का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। मंगोलपुरी इलाके में एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 59 मोबाइल बरामद किए है। आरोपी चोरों से सस्ते दामों पर फोन खरीदता और गफ्फर मार्केट और नेपाल और बांग्लादेश सप्लाई करता था।

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सात मामलों को सुलझाने का दावा किया है। आरोपी की पहचान गौरव के रूप में हुई है। आरोपी गौरव से इतनी बड़ी मात्रा में मोबाइल फोनों के बारे में पूछताछ की गई। पूछताछ में गौरव ने बताया कि सभी मोबाइल फोन दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी किए गए हैं और वह उन्हें दिल्ली के गफ्फर मार्केट में बेचने जा रहा था। आरोपी को मामले में गिरफ्तार किया गया।

आभूषण सेल्समैन से 1.17 करोड़ की लूट मामले में चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● जेवरात की दुकान बदमाशों ने वारदात को दिया था अंजाम

हौज़ खास इलाके में जेवरात की एक दुकान के सेल्समेन से पिस्तौल के बल पर 1.17 करोड़ रुपए कीमत के सोने और हीरे के ज़ेवरात लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश में छापेमारी की गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान राहुल (32), पिंकू (40), राजन (30) और अजय (44) के तौर पर हुई है। आरोपी अजय करोल बाग में स्थित आभूषणों की एक दुकान पर काम करता है और उसने ज़ेवरात ले जाने की सूचना अपने भाई राजन को दी जिसने यह जानकारी राहुल और पिंकू के साथ साझा की। फिर राहुल और पिंकू ने लूट को अंजाम दिया।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों को पास से लूट के 121 आभूषण बरामद किए हैं और जुर्म को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई स्कूटर को भी बरामद कर लिया गया है।

भाजपा नेता की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

● दिल्ली पुलिस ने नंदू गिरोह के दोनों सदस्यों को पंजाब से पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या में वांछित नंदू गिरोह के दो सदस्यों को पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि आरोपियों की पहचान रोहित शर्मा (27) और संजू कादयान उर्फ सुशांत राणा (24) के रूप में हुई है।

वे हरियाणा के झज्जर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि शर्मा नंदू गैंग का मुख्य कर्ताधर्ता है और उसी ने मटियाला के कार्यालय का सर्वेक्षण किया था और हत्या के लिए हमलावरों (शूटर), मोटरसाइकिल और हथियार का प्रबंध कराया था। पुलिस के अनुसार वह मोबाइल ऐप के माध्यम से नंदू के संपर्क में था और मौके पर मौजूद शूटर को निर्देश पहुंचा रहा था। पुलिस ने बताया कि एक पिस्तौल, चार कारतूस, एक चुराई गई मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन उनके कब्जे से जब्त किए गए हैं। उसके अनुसार इन दो मोबाइलों के माध्यम से नंदू एवं गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ वे संवाद कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी तिहाड़ जेल में बंद अपने प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर मंजीत महल का सफाया करने की साजिश रच रहे थे।

विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) एच जी एस धालीवाल ने कहा कि शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली और वह मोहाली पहुंच गई। शाम को शर्मा को पकड़ा गया। बाद में उसके साथ संजू को भी धर लिया गया।

पुलिस ने कहा कि शर्मा के दो भाइयों- मोहित और सोहित को मटियाला हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया है। उसने कहा कि कादयान को मटियाला हत्याकांड के शूटर को छिपने की जगह प्रदान करने का जिम्मा दिया गया था जबकि शर्मा छह आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आठ स्थानों पर लगेंगे शिविर



कर्तव्य पथ पर योग की चलती तैयारियां।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी में कर्तव्य पथ समेत आठ प्रमुख स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इनमें से सभी स्थानों पर पीने के पानी व मोबाइल शौचालय की व्यवस्था होगी। जबकि चार प्रमुख स्थानों पर कार पार्किंग भी होगी। एनडीएमसी की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह पांच बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारी और व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि एनडीएमसी इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने अधिकार क्षेत्र के आठ स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

इन प्रमुख स्थानों में नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, कर्तव्य पथ, न्यू मोती बाग-आईएएस निवास क्षेत्र, संजय झील, सिंगापुर पार्क और कनॉट प्लेस का सेंट्रल पार्क भी शामिल हैं, जहां योग प्रदर्शन किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा जब कर्तव्य पथ पर योग दिवस मनाया जाएगा। कर्त्तव्य पथ का पिछले साल पुनर्विकास और नया नामकरण किया गया है।

इन सभी स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का एक रिकॉर्डेड संदेश सभी स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित किया जाएगा। सतीश उपाध्याय ने कहा कि एनडीएमसी इन 8 स्थानों पर योग अभ्यास का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति, गायत्री परिवार, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, ईशा योग केंद्र, योग संस्थान, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ और भारतीय योग संस्थान जैसे संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। उपाध्याय ने कहा कि हमने आयोजनों के लिए पीने के पानी और मोबाइल शौचालयों की उपलब्धता सहित उचित व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागी भाग लेंगे।

● कर्तव्य पथ पर तैयारियां पूरी, बड़ी संख्या में लोग करेंगे शिरकत

मुफ्त योग कक्षाएं फिर से शुरू हों : केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि उनके लिए योग दिवस तब होगा जब शहर में फिर से मुफ्त योग कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। यह दिवस हमें योग करने के लिए प्रेरित करता है। दो वर्ष पहले दिल्ली सरकार ने दिल्ली वालों के लिए फ्री योग क्लासेज शुरू कीं।

लगभग 17,000 लोग प्रतिदिन इनमें योग करने लगे। पिछले वर्ष इन्होंने ये योग क्लासेज बंद करवा दीं। लोग बहुत दु:खी हुए। इससे किसका फायदा हुआ। क्या इस तरह जन हितकारी कार्यक्रम बंद करने चाहिए। मेरे लिए तो योग दिवस उस दिन होगा जब मैं अपने दिल्ली वालों के लिए फिर से फ्री योग क्लासेज शुरू करूंगा। उन्होंने लिखा, अच्छी नीयत हो तो भगवान भी साथ देते हैं।

नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न, एक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● सीसीटीवी कैमरों की मदद से हुई आरोपी की पहचान

पश्चिम दिल्ली के विकासपुरी में 10 साल की एक बच्ची का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान की गई और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विकासपुरी पुलिस थाने को सोमवार को अपराध के संबंध में पीसीआर पर एक कॉल मिली थी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि कॉल मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी चिकित्सकीय जांच और काउंसेलिंग की गई। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि जांच दल का गठन किया गया और फिर आरोपी को पकड़ लिया गया।

सामाजिक सौहार्द का संदेश देती है भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा : नवीन गोयल

बोले, सबकी तरक्की, खुशहाली, मनोकामना पूरी करें भगवान

सेक्टर-15 पार्ट-2 से निकाली गई भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-15 में निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल नवीन गोयल व अन्य श्रद्धालु।

मंगलवार को यहां सेक्टर-15 पार्ट-2 स्थित भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर से पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई। सभी भक्तों ने एक होकर रथ को पूरी आस्था के साथ खींचा। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर गुरुग्राम और उड़ीसावासियों को इस यात्रा की बधाई दी।

भगवान जगन्नाथ जी के जयकारों के साथ नवीन गोयल ने सभी भक्तों को इस यात्रा की शुभकामनाएं दीं। नवीन गोयल ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी रथ यात्रा जिस तरह से उड़ीसा के पुरी में निकाली जाती है, ठीक वैसा ही वातावरण और तैयारियों के साथ गुरुग्राम में भी नजर आता है। गुरुग्राम की रथ यात्रा में भक्तों के सैलाब को देखकर नवीन गोयल ने कहा कि श्रद्धा का यह संगम गुरुग्राम के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर गुरुग्राम के विकास, खुशहाली के लिए काम करना है। भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का सामाजिक महत्व भी यही है हम सब अपने मतभेद भुलाकर एक हो जाएं। हमारे भीतर सिर्फ भगवान की भक्ति हो और आपसी प्रेम-सौहार्द की भावना हो।

उन्होंने कहा कि जगन्नाथ पुरी और हरियाणा का तो वैसे भी पुराना नाता है। भगवान श्री कृष्ण ने दोनों जगहों पर संदेश दिए हैं। महाभारत कालीन शहर गुरुग्राम भी अहम है। यहां पर कौरवों-पांडवों की शिक्षा-दीक्षा हुई। गुरू द्रोणाचार्य और मां शीतला की इस पावन भूमि पर आज लाखों उड़ीसावासी निजी क्षेत्र में ऊंचे ओहदों पर काम कर रहे हैं। गुरुग्राम के विकास में वे अपनी भूमिका निभा रहे हैं। नवीन गोयल ने कहा कि उड़ीसा समेत जितने भी बाहर के राज्यों से लोग गुरुग्राम में रह रहे हैं, उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा।

रथ खींचने की रस्म में भाग लेकर नवीन गोयल ने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बरसात के मौसम में उड़ीसा में धरती माता को पूजा जाता है, उसी तरह से पर्यावरण का संरक्षण करना भी हमारी जिम्मेदारी है। पर्यावरण बचाना सिर्फ पेड़-पौधे लगाना नहीं, बल्कि हमें पानी की बचत भी करनी चाहिए। पानी के स्रोतों को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में हमें बरसात का पानी व्यर्थ नहीं बहने देना चाहिए। उसको सहेजने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं, ताकि बरसात का पानी धरती में समा जाए और पानी का स्तर ऊंचा हो सके। इन सब कार्यों को करके हम अपने इंसानी जीवन का फर्ज पूरा कर सकते हैं।

जीयू के एमबीए व एमटेक पाठ्यक्रम को एआईसीटीई से मिली मान्यता

गुरुग्राम विवि को मिली एमबीए व एमटेक के प्रमाण पत्र को प्रदर्शित करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य प्राध्यापक।

गुरुग्राम। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में एमबीए और एमटेक पाठ्यक्रम को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) से मान्यता मिल गई है। विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मुताबिक यह मान्यता विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।कुलपति ने कहा कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय मैनेजमेंट के क्षेत्र में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एमबीए, एमबीए (इंटीग्रेटेड- 5 साल), एमबीए (हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट), पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स, पीजी डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग, में डिग्री/डिप्लोमा प्रदान करता है। बीते वर्ष एआईसीटीई की ओर से सभी इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (साइबर सिक्योरिटी), बीटेक इन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी) को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए मान्यता प्रदान की गई थी। इसी क्रम में एक बार फिर से एआईसीटीई से शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सभी चार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता दे दी है।

संक्षिप्त समाचार

नप जेई को विजिलेंस की टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में दबोचा

सोहना। गुरूग्राम विजिलेंस की टीम ने नगर परिषद के जेई को ठेकेदार से डेढ़ लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने जेई द्वारा पहले भी एक लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को नगर परिषद में कार्यरत जेई ओमप्रकाश को विजिलेंस की टीम ने ठेकेदार से डेढ़ लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जेई ओमप्रकाश ने वार्ड तीन के शमशान घाट में दोबारा से काम चालू करने की एवेज में जेई ओमप्रकाश ने ठेकेदार से डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार ने विजिलेंस टीम को बताया कि उससे जेई ने काम को चलाने के नाम पर इससे पहले एक लाख रुपये ले रखे है। उसके बाद काम को चालू नहीं करने दिया जा रहा था। ठेकेदार को काम करने से रोका गया। सूत्रों के अनुसार मंगलवार को जेई ओमप्रकाश को फोन करके नगर परिषद कार्यालय से बाहर बुलाया गया था। जहा उसे ठेकेदार द्वारा मांगी गई रिश्वत के पैसे दिए गए। इसी दौरान पहले से सतर्क विजिलेंस की टीम जेई ओमप्रकाश को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया।

बाल श्रम रोकथाम को गुरुग्राम में जागरूकता अभियान आज से

गुरुग्राम। आमजन को बाल मजदूरी जैसे संवेदनशील विषयों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला में 21 से 30 जून के बीच बाल श्रम निषेध अभियान चलाया जाएगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुकेश ने बताया कि जिला बाल सरंक्षण इकाई एवं श्रम विभाग गुरुग्राम द्वारा संयुक्त रूप से 21 जून को उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला में बाल श्रम की रोकथाम व जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ विकास सदन से किया जाएगा। अभियान में सीआरवाई एनजीओ व शिक्षित जीवन सुरक्षित जीवन सोसाइटी के सहयोग से जिला में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक कर हस्ताक्षर करवाकर शपथ दिलवाई जाएगी।

पुलिस ने पांच युवाओं को जुआ खेलते हुए दबोचा

सोहना। सोहना सदर थाना पुलिस ने खंड के गांव नूनेरा के राजकीय स्कूल के अंदर बैठकर जुआ खेलते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से ताश के पत्तें समेत नकदी व अन्य सामान बरामद किया। सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद कच्ची जमानत पर छोड़ दिया गया। सोहना सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि निमौठ चौकी में तैनात हवलदार जसवंत सोमवार को इलाके में गश्त कर रहा था। उस समय उसे सूचना मिली कि नूनेरा के राजकीय स्कूल में 4-5 युवक बैठकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सभी आरोपी स्कूल की चार दीवारी को कूदकर अंदर बरामदे की फर्श पर अखबार बिछाकर जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी आरोपियों को दबोच लिया। जिनकी पहचान साजिद, सकिल, साद जुनैद निवासी नूनेरा व बच्चनसिंह निवासी गांव नाई नंगला के रुप में हुई है। सभी आरोपियों की पुलिस द्वारा ली गई तलाशी के दौरान साजिद से 120, सकिल से 600, साद से 200, जुनैद से 700, बच्चन सिंह से 200 और 200 रुपये जमीन पर बिछाया हुआ अखबार के नीचे से बरामद किए गए।

देवनगर कॉलोनी में तीन दिन से बिजली सप्लाई ठप

तीन दिन से बिजली न आने पर मायूस बैठे बच्चे

सोहना। भोंडसी की देव नगर-2 कॉलोनी में पिछले तीन दिन से बिजली सप्लाई ठप पड़ी हुई है। जिसके चलते यहा के नागरिकों की पेयजल आपूर्ति ठप न होने से परेशानियां उठानी पड़ रही है। कॉलोनी के निवासियों ने तीन दिन से नहाना-धोना भी न होने का दावा किया है। भोंडसी स्थित देव नगरवासियों को पिछले तीन से जीना मुश्किल हो रहा है। यहा के निवासियों को पिछले तीन दिन से बिजली पानी न मिलने से गले की प्यास बुझाने के लिए भी बाजार से पानी की बोतले खरीदकर बुझानी पड़ रही है। कॉलोनी निवासी सोनम राघव का कहना है कि तीन दिन से उनके की कॉलोनी में बिजली सप्लाई ठप पड़ी है। बादशाहपुर स्थित बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में तीन से चक्कर लगा रहे है। लेकिन उनकी कॉलोनी में ठप बिजली सप्लाई चालू नहीं हो सकी है। न ही निगम अधिकारी कॉलोनीवासियों को ठोस जबाव दे पा रहे है।

धान उत्पादन में तेलंगाना अव्वल : के. चंद्रशेखर राव

समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित करते मुख्यमंत्री के चंद्र शेखर राव।

हैदराबाद/नई दिल्ली। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि तेलंगाना राज्य सरकार के ठोस प्रयासों से धान उत्पादन में शीर्ष स्थान हासिल करने में सफल रहा है। यह बात उन्होंने रंगा रेड्डी जिले के महेश्वरम मंडल के थुम्मलूर गांव में हरिथोत्सव के सिलसिले में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि पहले तेलंगाना धान उत्पादन में देश में 17वें स्थान पर था। अब इंजीनियरिंग चमत्कार कालेश्वरम परियोजना के निर्माण के साथ, तेलंगाना देश का बीज कटोरा बन गया है। यह परियोजना निश्चित रूप से जनता के लिए वरदान साबित हुई और इसने बड़े पैमाने पर कृषि क्षेत्र की मदद की। उन्होंने कहा कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना की परियोजना गोदावरी बेसिन पर बनी है और कृष्णा नदी के विपरीत गोदावरी में कोई अंतर्राज्यीय जल विवाद नहीं है। यह कहते हुए कि राज्य सभी क्षेत्रों में एक निश्चित प्रगति की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना हर क्षेत्र में और बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान में प्रथम है। तेलंगाना राज्य हर घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने, प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति बिजली उपयोग के मामले में शीर्ष स्थान पर है। राज्य में कृषि क्षेत्र को अन्य राज्यों से प्रशंसा मिल रही है। निरंतर सिंचित जल आपूर्ति और बाधित बिजली ने प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री राज्य की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में बोल रहे थे और उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरित क्षेत्र में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फल वृक्षारोपण विस्तार अभियान के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। मुख्यमंत्री ने राज्य को और अधिक हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदारी के लिए आधिकारिक तंत्र की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने रुपये की राशि स्वीकृत की है। रंगा रेड्डी जिले के बदंगपेट नगरपालिका में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के लिए 50 करोड़। पहले इंदिरा पार्क में ऑक्सीजन प्लांट की जरूरत थी, लेकिन अब टीकेएचएच के तहत पेड़ लगाने से यह जरूरत अप्रासंगिक हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने थुम्मलूर गांव में वन खंड का निरीक्षण किया और थुम्मलूर वन खंड में पौधे रोपे।

योग में शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों के होनहार खिलाड़ियों ने दुनिया में चमकाया देश का नाम

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम/सिरसा

मेडलों के साथ योग के खिलाड़ी।

हिंदुस्तान की बदौलत योग को फिर से दुनियाभर में पहचान मिली है। इसलिए 21 जून को भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग में सिरसा का भी बहुत बड़ा योगदान है। यहां के शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान के योग खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन व काबिलियत के दम पर न केवल योग की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धाक जमाते हुए विश्व विजेता होने का खिताब हासिल किया, अपितु दुनिया के नक्शे पर संस्थान, जिला, राज्य व देश का नाम गौरवान्वित किया। इन खिलाड़ियों ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां द्वारा बताई गई योग की बारीकियों के बलबूते पूरे विश्व में अपनी विजय पताका फहराई हैं।

अंतरराष्ट्रीय योगा खिलाड़ी नीलम इन्सां : अंतरराष्ट्रीय योगा खिलाड़ी नीलम इन्सां ने अलग-अलग देशों में आयोजित वर्ल्ड कप व एशियन चैंपियनशिप में 32 पदक हासिल किए है। जिनमें 11 गोल्ड, 10 ब्रॉन्ज पदक व 11 सिल्वर पदक शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सैंकड़ों पदक जीत चुकी है। वर्तमान में नीलम इन्सां योग की नई पौध तैयार करने में जुटी हुई हैं। दर्जनों खिलाड़ी उनके मार्गदर्शन में जिला व राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे है।

वयोवृद्ध एथलीट इलम चंद इन्सां : वयोवृद्ध एथलीट इलम चंद इन्सां अब तक वह 450 से भी अधिक पदक जीत चुके हैं। जिसमें 100 के लगभग अंतरराष्ट्रीय, 200 के करीब राष्ट्रीय तथा अन्य जिला, ग्रामीण स्तर पर पदक अपने नाम कर चुके हैं।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लवजोत इन्सां : शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान की एक अन्य योगा खिलाड़ी लवजोत इन्सां ने भी योग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 7 पदक हासिल किए है। इनमें 1 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य पदक शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कर्मदीप इन्सां:कर्मदीप इन्सां ने लगातार चार बार योगा विश्व कप में भाग लिया है। तीन दर्जन से भी अधिक गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कर्मदीप इन्सां ने 15 स्वर्ण, 13 रजत व 9 कांस्य सहित कुल 37 पदक हासिल किए है।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कीर्ति इन्सां : कीर्ति इन्सां राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय व विश्व योगा चैंपियनशिप में 53 पदक जीत चुकी है। जिसमें से 22 पदक अंतरराष्ट्रीय योगा में प्राप्त किए है। जिनमें 15 सिल्वर व 7 कांस्य पदक है।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्वप्निल इन्सां : शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की एक अन्य अंतरराष्ट्रीय योगा खिलाड़ी स्वप्निल इन्सां भी अब तक कई योगा वर्ल्ड चैम्पियनशिप व एशियन योगा चैम्पियनशिप में भाग लेकर देश को 9 स्वर्ण, 12 ब्रॉज व 9 सिल्वर यानि कुल 30 पदक प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया।

रैकी करके चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

भोंडसी थाना पुलिस ने भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी में मकान के अंदर से घुसकर जेवरात व नकदी चोरी करने वालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने इससे पहले गुरुग्राम में 9 चोरियों को अंजाम दिया था। एक आरोपी चोरी के मामले में जेल से जमानत पर आया हुआ है।

सोहना एसीपी नवीन सिंधू ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि 2 जून की रात को भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी के मकान में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात व 42 हजार रुपये की नकदी चोरी करने वाले आरोपियों की पहचान करते हुए गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अमन व सुनील के रुप में हुई है। जिन्हें मारुति कुंज चौकी पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिन्होने देवनगर निवासी ज्ञानेन्द्र के घर में घुसकर चोरी को अंजाम दिया था। ज्ञानेन्द्र व उसके परिजन दूसरे कमरे में सो रहे थे। एसीपी ने बताया कि चोरी के मामले में संलिप्त दोनों आरोपी रिक्शा चलाते हैं। रिक्शा चलाने के दौरान ही ऐसे मकानों को अपने नजर में निहार लेते है। जिनमें चोरी को अंजाम देना होता है। पहले ऐसे मकानों की दो से तीन दिन में रैकी करके पूरी तसल्ली कर लेते हैं। दोनों आरोपी नाबालिग उम्र से ही चोरियों को अंजाम देते आ रहे हैं। जिन्होने बीते चार वर्ष में गुरुग्राम के अंदर नौ चोरियां करने का खुलासा किया है। अमन के खिलाफ 5 व सुनील के खिलाफ पहले चार चोरी के मामले दर्ज है। सुनील नाबालिग उम्र में ही चोरी के मामले में जेल जा चुका है। वह अभी भी जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ है।

चोरी का मामला बरामद : पुलिस ने चोरी के आरोपियों से पूछताछ के दौरान दोनों ही आरोपियों से 4 मोबाइल फोन, 2 झुमकी सोने की, एक मंगलसूत्र सोने का, 2 पायल चांदी की, एक गूंगरी व एक मूर्ति चांदी की तथा एक ऑटो रिक्सा बरामद किया है।

हरचंदपुर डिस्टीब्यूट्री में 6 साल से नहीं आया एक बूंद पानी, किसान हो रहे है परेशान

एन रोहिल्ला। सोहना

सोहना के गांव बादशाहपुर टेठड़ में से जा रही हरचंदपुर डिस्टीब्यूट्री बिन पानी सूखी।

हरचंदपुर डिस्टीब्यूट्री में पिछले 6 साल से एक बूंद पानी नहीं आया न आने से किसान मायूस हो रहे है। किसान डिस्टीब्यूट्री से जुड़े 30 गांवों की उपजाऊ जमीन को पानी नहीं मिलने से 3 से 4 फसलों की पैदावार करने के लिए मजबूर हो रहे है। किसानों को बिजली निगम की तरफ से ट्यूबवेल कनेक्शन देने पर लगी पाबंदी को हटाने के लिए जिला उपायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके है।

हरियाणा बनने से पहले क्षेत्र के किसानों को फसल की पैदावार सिंचाई कराने के लिए उद्देश्य से 1965 हरचंदपुर डिस्टीब्यूट्री को बनाया गया था। जिसकी शुरुआत जिला फरीदाबाद के गांव नेकपुर से लेकर सोहना के गांव खरौदा तक तैयार की थी। जिससे सोहना खंड के गांव बादशाहपुर टैठड से लेकर बाईखेड़ा, लाला खेड़ली, मंडावर, राहाका, सतलाका, हरचंदपुर, निमौठ, चूहडपुर, नूनेरा, सरमथला, खत्रीका, घंघौला, कुलियाका आदि गांवों के किसानों को लाभ पहुंचाना था। गांव मंडावर से खरौदा के बीच करीब 4 किलोमीटर की दूरी में 8 करोड़ 65 लाख रुपये में डिस्टीब्यूट्री खुदाई करके पक्का किया गया था। यह कार्य डेढ़ वर्ष पहले पूरा कर लिया गया।

6 वर्ष से नहीं आया पानी

हरचंदपुर डिस्टीब्यूट्री में पिछले 6 साल से एक बूंद पानी नहीं आया है। किसान बरसात पर आधारित फसलों ही पैदा करने के लिए मजबूर है। किसान करण सिंह का कहना है कि क्षेत्र का किसान साल में बाजरा, गेहूं, सरसों व ज्वार की फसलें ही पैदा कर रहा है। यें सभी फसलें बरसात पर आधारित है। किसान कृष्णपाल का कहना है कि नहरी पानी मिलने से यहा की जमीन पर धान व तिलहन वाली फसलों की पैदावार करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है।

उपायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार

प्रशासन की तरफसे गिरते भूजल स्तर के कारण क्षेत्र में खेती के लिए नया बोर करना और बिजली कनेक्शन देने पर पाबंदी पिछले करीब 5 साल से लगाई हुई है। किसान बीरसिंह ने बताया कि डिस्टीब्यूट्री में पानी आने से यहा का जलस्तर बढ़ता है। वर्तमान में भी 45 फुट पर पानी का स्तर है, जिसकी जांच के लिए जिला उपायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री को कई बार लिखित में मांग की गई है। साथ में कृषि के लिए बिजली कनेक्शन पर लगी पाबंदी को समाप्त करने की मांग भी की गई है। लेकिन किसानों को फसल पैदावार के लिए किसी भी तरह से मदद न मिलने से निराश है।

> **हरचंदपुर** डिस्टीब्यूट्री उनके कार्य क्षेत्र से बाहर है। इसकी देखभाल जिला फरीदाबाद सिंचाई विभाग द्वारा की जाती है। क्योकि इस डिस्टीब्यूट्री में फरीदाबाद जिले के गांव नेकपुर से ही छोड़ा जाता है।
>
> - **राजेश कुमार**
> **एसडीओ सिंचाई विभाग सोहना**

साधकों ने लिया योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प

स्वस्थ तन और उत्तम मन के लिए अपनाएं योगः बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-7 एक्सटेंशन में साप्ताहिक संगीतमयी योग शिविर के छठे दिन योग करते योगाचार्य व साधक।

पंजाबी बिरादरी महा संगठन, ओम योग संस्थान ट्रस्ट शाखा गुरुग्राम, जीएवी इंटरनेशनल स्कूल समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क संगीतमयी योग एवं ध्यान साधना शिविर में छठे दिन बरसात होने के बाद भी योग साधकों में उत्साह रहा। यहां साधकों ने योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

शिविर की मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ अस्वस्थता के कारण आ नहीं सकी। पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बीजेपी जिला महासचिव मनीष गाड़ोली और सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर परमेश्वर अरोड़ा और भारत विकास परिषद् लाल बहादुर शाखा के प्रधान राजीव छाबड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलन के बाद बोधराज सीकरी ने ओम योग संस्थान ट्रस्ट फरीदाबाद से आए हुए डॉ. संदीप आर्य, मलय, डॉक्टर राशी, स्वामी ऋषिपाल, रामवीर आर्य, चिराग मृदुल को भी सम्मानित किया। पंजाबी बिरादरी महा संगठन समाज सेवा कार्यों की एक स्मारिका बन चुकी है, जिसका विमोचन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी धर्मदेव करेंगे। बोधराज सीकरी ने ताया कि कम से कम 80-90 सेवा प्रकल्प को वे अब तक पूरा कर चुके हैं। योगीराज ओमप्रकाश ने बोधराज सीकरी और उनकी धर्मपत्नी सुरेश सीकरी को विशेष आशीर्वाद दिया। बिरादरी के सामाजिक संकल्पों की प्रशंसा की। शिविर में मंगलवार को रामवीर आर्य प्रभाकर व डॉक्टर राशि ने भजन तथा भक्ति गीत सुनाया। योगीराज ओमप्रकाश ने परमात्मा के निज मुख्य और सर्वश्रेष्ठ नाम ओम के उच्चारण के साथ योग कक्षा आरम्भ की। बारिश के कारण मंच पर ही योगीराज ने आए हुए सभी योग साधकों का उत्साहवर्धन करते हुए संगीत की धुनों पर योग-आसन कराए।

बोधराज सीकरी ने प्रमोद सलूजा उपाध्यक्ष और अशोक आर्य, रमेश मुंजाल, सुरेंद्र खुल्लर, ओपी कालरा, रामलाल ग्रोवर, राजेश आर्य, अनिल कुमार, रमेश कुमार, लक्ष्मण पाहूजा, ज्योत्सना बजाज, ज्योति वर्मा, रचना बजाज, मीनाक्षी मुंजाल, राजपाल आहूजा, धर्मेंद्र बजाज, संजय, गजेंद्र गोसाई, किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, उमेश ग्रोवर, रवि मनोचा, अशोक नासा, चन्द्रप्रकाश, धर्मपाल कटारिया और अन्य जन ने पुष्प गुच्छ भेंट करके किया।

जेल से जमानत पर बाहर आते ही महिला ने शुरू की जबरन वसूली

गुरुग्राम। हत्या के मामले में जेल में बंद अपने पति का जेल से बाहर भय दिखाकर उसकी पत्नी ने जबरन वसूली करने की घटना को अंजाम दिया। इस मामले की सूचना मिलते ही महिला के खिलाफ पटौदी थाना में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार जिला के गांव खोड़ निवासी अजय जैलदार अपराधिक घटना में जेल में बंद है। उसके नाम का भय दिखाकर उसकी पत्नी द्वारा लोगों से अवैध वसूली की गई। मामला पुलिस थाना पटौदी के संज्ञान में आया। इस सम्बन्ध में थाना प्रबन्धक पटौदी द्वारा सूचनाएं एकत्रित की गई, ताकि सच्चाई सामने आ सके। अजय की पत्नी प्रीति द्वारा अवैध वसूली करने की पुष्टि होने पर थाना पटौदी में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा फरूखनगर की टीम ने जेल में बंद अजय जेलदार की पत्नी प्रीति को पटौदी से गिरफ्तार किया। 15 जून को जेल से जमानत पर आई थी बाहर पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि 19 अप्रैल 2023 को उसके पास अवैध हथियार बरामद होने पर इसे गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था।

वेस्टसाइड और प्रोजेक्ट आई एम इनफ ने ताज विवांता में प्रस्तुत किया भारत का पहला इन्क्लूसिव रनवे शो : मिरर

नई दिल्ली। वेस्टसाइड और प्रोजेक्ट आई एम इनफ ने ताज विवांता, द्वारका में एक शानदार फैशन शो 'मिरर' का आयोजन किया। इन्क्लूसिव मॉडलिंग कॉन्सोर्टियम के साथ मिरर में पहली बार रनवे पर सभी प्रकार की बॉडीज़ को प्रदर्शित किया गया। खूबसूरती के पारंपरिक मानकों को तोड़कर परफेक्शन की धारणा को फिर से परिभाषित करना और मतभेदों को अपनाने के लिए सभी को सशक्त बनाना इस पहल का उद्देश्य था। कार्यक्रम की शुरूआत म्यूजिकल और डान्स परफॉर्मन्सेस से हुई, जिन्होंने इस पूरी शाम को कलात्मक बना दिया, शो में फैशन और स्टाइल का बेहतरीन मिलाप देखा गया। डीजे आफ्टरपार्टी ने स्टेज पर आकर पूरे माहौल को रंगीन और जश्न को यादगार बना दिया।

मिरर को मिला भारी प्रतिसाद सभी अपेक्षाओं को पार कर देने वाला साबित हुआ, यहां के हर व्यक्ति के लिए यह हमेशा के लिए संजोकर रखने वाला क्षण बना। इस शो ने भारतीय फैशन उद्यम को चकित कर दिया। शो परिवर्तन का प्रेरक बना जिसने समाज को विविधता को अपनाने और पारंपरिक सौंदर्य मानकों को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उमाशन नायडू, वेस्टसाइड के हेड - कस्टमर एंड ब्यूटी ने इस अवसर पर कहा, 'मिरर के लिए ताज होटल्स और प्रेरणादायी एनजीओ प्रोजेक्ट आई एम इनफ के साथ सहयोग करना हम हमारा सम्मान मानते हैं। इस सहयोग ने हमें समावेशिता की शक्ति को प्रदर्शित करने और फैशन उद्यम में सुंदरता के मानकों को फिर से परिभाषित करने के लिए सक्षम बनाया है।

योगासन चाइल्ड बर्थ को आसान बनाने में मददगार : डॉ. महिमा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योगासन करने से गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु को होने वाले लाभ के बारे में मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद से एसबीयू हेड-मदर एवं चाइल्ड डॉ. महिमा बक्शी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान ही योग करना शुरू कर देना चाहिए। इससे चाइल्ड बर्थ में काफी आसानी होती है।

शुरुआत के तीन महीनों में मुश्किल आसन करने से बचना चाहिए। आप साधारण ब्रीथिंग एक्सरसाइज, प्राणायाम या मेडिटेशन कर सकती हैं। गर्भावस्था के चौथे महीने के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूरी तरह से जांच के बाद आप डॉक्टर की सलाह अनुसार नियमित योगासन कर सकते हैं। सातवें, आठवें और नौवें महीने के दौरान सबसे जरूरी है कि आप रोजाना कम से कम 30 मिनट सप्ताह में पांच दिन योग या एक्सरसाइज जरूर करें। ऐसा करने से महिला का गर्भाशय सामान्य डिलीवरी के लिए तैयार होता है। इस दौरान योग करने से सामान्य डिलीवरी के संभावना बढ़ती है, लेबर में आसानी होती है, लेबर में ज्यादा लंबा समय नहीं लगता है। ग्रेविटी के आसन करने से बच्चे को नीचे आने में आसानी होती है। डिलीवरी के समय जब बच्चे को पुश किया जाता है तो उस समय महिला के फेफड़ों की क्षमता ठीक होनी चाहिए। इस दौरान ब्रीथिंग एक्सरसाइज, प्राणायाम करने से महिला के फेफड़ों की क्षमता मजबूत होती है, जो डिलीवरी के समय काफी मददगार होती है।गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को कुछ सुरक्षित योगासन करने की सलाह दी जाती है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष

स्वास्थ्य विभाग की नौकरी छोड़ योग को बना लिया जीवन का लक्ष्य

विनोद शर्मा। पलवल

योग को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दर्जा दिलाने में अहम भूमिका अदा करने वाले बाबा रामदेव हैं। उन्हीं रामदेव के पिता का इलाज करने वाले 84 वर्षीय डॉ. बृजेंद्र आर्य इस उम्र में भी अपने आपको युवाओं से अधिक ऊर्जावान महसूस करते हैं। उनके चेहरे का तेज उनके स्वास्थ्य को खुद बयां करता है। डॉ. बृजेंद्र आर्य बताते हैं कि वर्ष 1968 में उन्होंने स्वामी रामदेव के पिता का योग व प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से इलाज किया था।

इस तरह बदला जीवन : डॉ. बृजेंद्र आर्य नारनौल, मेडिकल कॉलेज रोहतक, सोहना व मेवात में स्वास्थ्य अधिकारी तथा ड्रग इंस्पेक्टर आदि पदों पर कार्य कर चुके हैं। 1960 से 1971 तक 12 साल सरकारी नौकरी



डॉ. बृजेंद्र आर्य

करने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि अंग्रेजी दवाओं से स्थाई लाभ नहीं होता। संयोगवश एक बार बस में प्राकृतिक चिकित्सा पुस्तक के लेखक सेवाराम मिले। उन्होंने सेवाराम को गुरू मान प्राकृतिक चिकित्सा व योग की विधि सीखी। बाद में स्वास्थ्य विभाग की नौकरी छोड़ योग व प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाया। डॉ. बृजेंद्र आर्य के

पलवल निवासी डॉ. बृजेंद्र आर्य ने बाबा रामदेव के पिता का किया था इलाज

अनुसार सन् 1968 में महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी अलीपुर गांव में रामदेव के पिता रामनिवास यादव का इलाज उन्होंने योग व प्राकृतिक चिकित्सा से ही किया था। उनके पिता रामनिवास को एलर्जी के कारण शरीर में कई जगह फोड़े हो गए थे। डॉक्टरों ने इलाज से फायदा न होने पर ऑपरेशन की सलाह दी थी। तब उन्होंने रामनिवास के पिता पूसाराम यानी रामदेव के दादा को समझाकर प्राकृतिक चिकित्सा व योग से रामनिवास का इलाज कर ठीक किया।

झोंपड़ी से हुई सेवा की शुरुआत : नौकरी छोड़ने के बाद बृजेंद्र आर्य सोहना में छोटी सी छोंपड़ी में योग, प्राकृतिक चिकित्सा व आयुर्वेद के संगम से इलाज करने लगे। प्रसिद्धि इतनी बढ़ी कि न केवल देश बल्कि जर्मन, कोरिया आदि से चेन स्मोकर, कैंसर के मरीज आने लगे। 15 साल पहले वे प्रसिद्धि से बचने के लिये सोहना से पलवल आ गए।

योग के बल पर आज भी युवा हैं डॉ. आर्य : योग व प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार साधना 100 वर्ष तक संपूर्ण स्वस्थ रहने का महाविज्ञान है। यह कहना है 84 वर्षीय डॉ. बृजेंद्र आर्य का, जो आज भी खुद को युवा महसूस करते हैं। पलवल में ओमेक्स सिटी में उनके सेंटर पर उनके अनुभव का लाभ उठाने दूर-दूर से लोग आते हैं।

दबंगों ने पुलिस पर हमला कर आरोपी को छुड़वाया

पॉक्सो एक्ट के केस में था नामजद, कोर्ट परिसर में मारपीट, वर्दी फाड़ी, नौ पर एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब पुलिस के साथ भी मारपीट करने से नहीं झिझक रहे। पॉक्सो एक्ट के एक मामले में नामजद का कोर्ट परिसर में पुलिस के साथ आमना सामना हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो उसके साथियों ने पुलिस के साथ मारपीट कर वर्दी तक फाड़ दी। कैंप थाना पुलिस ने नौ के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, ड्यूटी के दौरान वर्दी फाड़ने व मारपीट कर धमकी देने का केस दर्ज किया है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार महिला थाना में तैनात जांच अधिकारी एसआई रजमा देवी ने दी तहरीर में कहा है कि 19 जून को वह पोक्सो एक्ट के एक मुकदमे रोहित व तक्ष की जमानत की अर्जी पर कोर्ट में गई हुई थी। जब बाहर निकल रही थी तो उसे उस मुकदमे में वांछित आरोपी इंद्रजीत आता हुआ दिखाई दिया। आरोपी को देखने के बाद उसने थाने के मुंशी को फोन कर दो कर्मियों को भेजने के लिए कहा। थाने के मुंशी ने तुरंत एसपीओ सुरेंद्र सिंह व विजयपाल को सरकारी गाड़ी लेकर अदालत भेज दिया। दोनों के साथ वे अदालत की तरफ आते आरोपी को काबू कर उसका नाम पता पूछने लगे तो उसी दौरान 8-9 लोग आ गए और पुलिस कर्मियों के साथ झगड़ा करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने एसपीओ सुरेंद्र सिंह की वर्दी फाड़ दी और सुरेंद्र सिंह व विजयपाल के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट कर आरोपी इंद्रजीत को उनसे छुड़ाकर ले गए। जांच अधिकारी एसआई रजमा देवी ने शिकायत में कहा है कि उन्होंने आरोपियों के नाम-पता किए तो उनमें रौनीजा गांव निवासी राजन, भरत, रोशन, दयाराम, यादराम, अर्जुन, हर स्वरुप व सौंदहद गांव निवासी भोलू व आरोपी इंद्रजीत शामिल थे। आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिस कर्मी की वर्दी फाड़ने, मारपीट करने व पकड़े गए आरोपी को छुड़ाकर ले जाने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

विधवा को प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

विधवा को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और उसके खाते से धोखाधड़ी करके साढ़े पांच लाख रुपए निकालने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उसके पति की 2013 में कंपनी में कार्य करते समय ड्यूटी पर ही मौत हो गई थी। वह अपने दो बेटों और एक बेटी के साथ रहती थी। हेमंत नामक युवक केबल डिश लगाने का काम करता है तो उसका उनके घर आना-जाना था। हेमंत ने बातें करते-करते उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसे अपने जाल में फंसाकर उससे शादी करने और उसके बच्चों का लालन-पालन करने का झांसा दिया। वह उसकी बातों में आ गई। हेमंत ने एक दिन बहलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद भी वह उसका यौन शोषण करता रहा। वह जब भी शादी करने की बात कहती तो हेमंत कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता।

बैंक से आने वाले मैसेज बंद करा दिए : पीड़िता ने बताया कि हेमंत ने उसका क्रेडिट कार्ड बनवा दिया और फोन-पे खाते से उसके बच्चों का खाता जुड़वा दिया।

धोखाधड़ी कर बैंक से साढ़े पांच लाख निकालकर खाता किया साफ, अब विवाह करने से मुकरा

इसके बाद वह उसके खाते व फोन-पे से पैसे निकालता रहा। बैंक अधिकारियों से मिलीभगत करके उसके फोन पर आने वाले मैसेज बंद करा दिया, ताकि उसे पैसे निकलने की जानकारी न मिल सके। नवंबर 2022 में हेमंत उसे गांव से पलवल शहर में ले आया। पीड़िता के अनुसार, हेमंत ने उसे एक किराए के मकान में रखा। वे पति-पत्नी की तरह रहने लगे। 30 मार्च 2023 को हेमंत ने संबंध बनाने की बात कही तो उसने विरोध जताते हुए पहले शादी करने की बात कही। इस बार हेमंत बिगड़ गया और उसने मारपीट गाली गलौच करते हुए जबरन संबंध बनाए। हेमंत ने उसे पैसों के लिए जाल में फंसाने की बात कहते हुए शादी से इनकार कर दिया।

खाते में सिर्फ 30 रुपए बचे मिले : पीड़िता ने जब उसे पुलिस में शिकायत करने के लिए कहा तो हेमंत ने उसे जान से मारने की धमकी दी। वह जब बैंक में अपने खाते से पैसे निकालने गई तो बैंक खाते में मात्र 30 रुपए थे, जबकि उसके खाते में लाखों रुपए जमा थे। उसे पता चला कि हेमंत ने उसके खाते से ढाई लाख रुपए और फोन-पे से तीन लाख रुपए निकाल लिए थे। धोखाधड़ी का अहसास होने पर पुलिस को शिकायत दी।

मयंक चौधरी ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

फरीदाबाद। हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक चौधरी ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन तिकोना पार्क स्थित अनाथ आश्रम में अनाथ बच्चों के साथ मिलकर मनाया।

इस मौके पर मंयक चौधरी के साथ आए फिरे पोसवाल, रवि राणा, मयंक शर्मा, गुलशन गौतम व अन्य कांग्रेसी कार्यकताओं ने अनाथ बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और अपने हाथ से बच्चों को खाना परोसकर दिया तथा चॉकलेट व टॉफियां दीं। इतना ही नहीं उन्होंने अनाथालय के सभी बच्चों को कॉपी-पैंसिल और पहनने के लिए जूते-चप्पल भी दिए। इस मौके पर मयंक चौधरी ने कहा कि इन बच्चों के साथ राहुल गांधी का जन्मदिन मनाकर मन को अपार खुशी मिली है, क्योंकि राहुल गांधी हमेशा गरीबों के बारे में सोचते है। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में जिस तरह एक आम नागरिक की तरह गरीबों को गले लगाया, वह पूरे देश के लोगों के मन को छू गई।

कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य की जांच कर माताओं को जागरूक किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथीन में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुपोषित बच्चों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सकों, टीमों, आशा वर्करों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा भेजा गया। शिविर में कुपोषित बच्चों, माता-पिता व अभिभावकों को पोषक आहार, विटामिन, मिनरल्स तथा संतुलित आहार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

डिप्टी सिविल सर्जन एवं डेंटल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि छह माह तक के बच्चों को सिर्फ मां का दूध पिलाना चाहिए तथा छह माह के बाद हरी सब्जियां, मौसमी फल तथा संतुलित भोजन देना चाहिए, ताकि बच्चे कुपोषित न रहें। उन्होंने दांतों की बीमारी से बचाव के उपाय भी बताए। उन्होंने सुबह खाना खाने के बाद व रात को सोते समय ब्रश करने की सलाह दी। उन्होंने माताओं को बताया कि छोटे बच्चों को बोतल से दूध न पिलाएं और न लिटाकर दूध पिलाएं। बच्चों को चिप्स, चॉकलेट, जंक फूड व फास्ट फूड तथा गरिष्ठ भोजन न खाने की सलाह दी, ताकि कुपोषण रोग से बचा जा सके।

आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर चंद्रमणि ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्मजात रोग जैसे जन्मजात हृदय रोग, क्लब फुट, क्लेफ्ट लिप एंड पेलेट, जन्मजात अंधापन, बहरापन तथा डेवलपमेंट डिले यानि शारीरिक व मानसिक विकास में देरी, मिर्गी, दौरा, विटामिन ए, विटामिन डी की कमी, तथा अनीमिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों को इस प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को जिला नागरिक अस्पताल पलवल में ले जाकर उचित परामर्श लेने व इलाज कराने का आह्वान किया।

हरियाणा उदय कार्यक्रम का शुभारंभ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी तथा सुशासन सहयोगी एवं उपायुक्त कार्यालय पलवल के आत्रेय सिंघल द्वारा किया

गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार के नेतृत्व में डॉ. रूचि, डॉ. पारुल, डॉ. गजय, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशुतोष, डॉ. संगीता, डॉ. चंद्रमणि, डॉ. निकिता शर्मा तथा डॉ. जीशान अली द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व चिकित्सा की गई। शिविर में आए सभी 92 कुपोषित बच्चों की जांच व चिकित्सा की गई तथा कुछ गंभीर कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल पलवल में रेफर भी किया गया।

मोबाइल साइंस लैब में बच्चों ने विज्ञान की अनेक गतिविधियां सीखीं

ग्रीष्मावकाश में समर स्कूल कैंप का आयोजन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया संस्था द्वारा हरियाणा राज्य के नौ जिलों में समर स्कूल कैंप प्रेरणा-2023 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के प्रधान पूर्व मुख्य सचिव हरियाणा आईआईएएस धर्मवीर, संस्था की जनरल सचिव रिटायर्ड प्रोफेसर पंजाब यूनिवर्सिटी केया धर्मवीर द्वारा समर स्कूल कैंप 2011 से चलाया जा रहा है।

इस श्रृंखला में जिला पलवल के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैंप में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विद्यालय प्रधानाचार्या प्रभात शोभा ने मोबाइल साइंस लैब का कार्यक्रम में स्वागत किया। शोभा ने बताया विभिन्न विद्यालयों से 150 विद्यार्थियों ने मोबाइल साइंस लैब का

लाभ उठाया। संस्था द्वारा किया गया यह कार्य बहुत ही सराहनीय कदम है। इस प्रकार के कार्यक्रम राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों और समाज दोनों के लिए लाभदायक हैं।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा किस प्रकार विज्ञान हमारे दैनिक जीवन से जुड़ा हुआ है और इसका प्रयोग हम दिन प्रतिदिन अपने कार्यों को आसान बनाने के लिए करते हैं। संस्था के मैनेजर महिपाल शर्मा ने बताया कि यह समर स्कूल नौ अन्य जिलों में भी संस्था द्वारा लगाए गए हैं, जोकि काफी अच्छे से विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में विज्ञान संचारक अमन कुमार द्वारा रसायनिक विज्ञान के प्रयोग कराए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने अमल क्षार को पहचानना, हाइड्रोजन गैस बनाना और अन्य प्रकार की गतिविधियों को स्वयं करके देखा। गुलशन चौरसिया द्वारा बरनौली का सिद्धांत, वायुदाब, जीवाश्म, लौह अयस्क, तांबा अयस्क आदि की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उदित कुमार द्वारा जीव विज्ञान में श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र और माइक्रोस्कोप की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न आईआईटी, एनआईटी और केंद्रीय विद्यालय से आए हुए मेंटर्स आदर्श तिवारी, अंकुर, काना राम, यश गर्ग और आशुतोष कुमार उपस्थित रहे।

टीकरी ब्राह्मण में रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिंदगी की खुशियां फाउंडेशन, पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयुक्त तत्वावधान में गांव टीकरी ब्राह्मण में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के सहयोग से रक्तदान शिविर और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मंजूर अहमद, विकास मित्तल, अल्पना मित्तल एवं इम्तियाज ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सद्दाम सरपंच प्रतिनिधि, डॉ. प्रमोद सोलंकी, आस मोहम्मद व एडवोकेट अजहरुदीन ने स्वयं रक्तदान करके किया। सद्दाम और अजहरुदीन ने बताया कि रक्तदान महादान है। किसी अनजान व्यक्ति को जीवन दान देने के समान हैं। हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। गांव में रक्तदान शिविर लगने से ग्रामिणों में रक्तदान के प्रति जागरुकता आएगी। स्वास्थ्य जांच शिविर में आए चिकित्सकों ने गांव वासियों को रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच कर निशुल्क दवाइयां दीं। कार्यक्रम के संयोजक जिंदगी की

खुशियां फाउंडेशन के संस्थापक मंजूर अहमद, विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। मानवीय गुणों को धारण करना ही सबसे बड़ा संस्कार है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान वक्त की जरूरत है, हम सभी को रक्तदान जरूर करना चाहिए। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है। इस दौरान 22 लोगों ने रक्तदान किया व सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम में रीना, तनीषा, निशा व मसीम, आरिफ, शाहिद, फरजाना, नासिर, सरफुद्दीन, अनीश, जाहिद, मोईन, दिनेश कुमार, राज बहादुर, अफजल, रवि देशवाल, नरोत्तम सौरोत, भावना सौरोत, अफसाना व अखलाक, पूजा रावत, सहाबु आदि ने विशेष सहयोग किया।

पृथला क्षेत्र का संपूर्ण विकास करवाना मेरा लक्ष्य : नयनपाल रावत

विधायक ने किया गांव अमरपुर में बनने वाले रास्तों का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पृथला क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने गांव अमरपुर में लाखों की लागत से बनकर तैयार हुए रास्तों का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। नयनपाल रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र का संपूर्ण विकास करवाना उनका लक्ष्य है और इसी को लेकर वह सदैव प्रयासरत रहते हैं।

क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें चुनकर विधानसभा में भेजा है, उस विश्वास पर वह पूरी तरह से खरा उतरते हुए पृथला क्षेत्र की मांग पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठाते आ रहे हैं। श्री रावत ने कहा कि

पृथला क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत गांव अमरपुर में विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए।

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से आने वाले समय में क्षेत्र में युद्धस्तर पर विकास किए जाएंगे। जिससे इस क्षेत्र की पूरी तरह से कायाकल्प हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में पृथला क्षेत्र में इतने विकास कार्य करवाए जाएंगे, जितने विकास कार्य पिछली सरकारों में कभी नहीं हुए। अगले महीने से क्षेत्र की सड़कों के नवीनीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा, उसके बाद अन्य विकास कार्यों पर भी गंभीरता से कार्य किए जाएंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत के समक्ष गांवों की समस्याएं भी रखी, जिन्हें विधायक ने जल्द दूर करवाने का आश्वासन दिया और गांव के विकास के लिए एक करोड़ की राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर सुशीला पाली बघेल सरपंच, अशोक मेंबर, उपेंदर लांबा मेंबर, मास्टर जसबीर, गीता मेंबर, हंसराज नंबरदार, प्रदीप कुमार, संजीव लांबा, प्रताप लांबा, नरेंदर लांबा, रामनिवास तंवर पृथला, गोपीचंद बघेल उपाध्यक्ष ब्लॉक समिति, दानी सरपंच मोहना, ज्ञान कौशिक, दिगंबर चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

नशे के आठ इंजेक्शन सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अजीत है। आरोपी फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम एएसआई सुरेश, सिपाही जगबीर, सुशील, शिवकुमार और बिजेंद्र ने आरोपी को अपने जेसीबी चौक सेक्टर-58 के पास से नशे के इंजेक्शन सहित काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी नशे के आठ इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। वह मजदूरी करता है, उसके खिलाफ थाना सेक्टर-8 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सन्नी के साथ मिलकर दिल्ली के सीमापुरी के व्यक्ति से 100 रुपये में एक इंजेक्शन खरीद कर लाते हैं। आरोपी इंजेक्शन को 200-500 रुपये में मौकानुसार बेच देता है।

देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम गौरव है। आरोपी फरीदाबाद के अनंगपुर गांव का रहने वाला है। टीम ने आरोपी को सूचना से तिलपत गांव से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी से देसी कट्टा के संबंध में लाइसेंस पेश करने को कहा गया तो वह लाइसेंस पेश नहीं कर पाया। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है। आरोपी दिल्ली में नशा करते समय नशा करने वाले व्यक्ति के संपर्क में आया और उनसे देसी कट्टा हवाबाजी के लिए 3000 रुपये में खरीद कर लाया था। आरोपी पहले भी ऑटो चोरी और घर में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

नेशनल हाइवे पर सभी वाहनों पर फास्टैग अनिवार्य : सैनी

फरीदाबाद। सरदार देवेंद्र सिंह सदस्य स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल के मार्गदर्शन, टोल आगरा प्राइवेट लिमिटेड, क्यूब हाईवे, रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की टीम ने टोल प्लाजा गदपुरी में सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश दिया। उन्होंने लोगों को समझाया कि नेशनल हाईवे पर सभी वाहनों पर फास्टैग अनिवार्य है। आपका जीवन बहुत ही अनमोल है, हर एक मिनट में एक एक्सीडेंट व तीन मिनट में मौत हो जाती है। इसलिए सड़क हमेशा ध्यान पूर्वक पार करें, उल्टी दिशा में न चलें। आप सभी अपने अपने गाड़ी के सभी चार पेपर अपने साथ हमेशा ही रखें। इंश्योरेंस, आरसी, पोलूशन, ड्राइविंग लाइसेंस। नेशनल हाईवे पर पैदल यात्री चलते समय सड़क ओवरब्रिज पुल से ही सभी हमेशा पार करें। यात्री ग्रिल से बिल्कुल न कूदें, अगर आपको नेशनल हाईवे पर चलते समय कोई परेशानी आती है तो नेशनल हाईवे का नंबर 1033 डायल करें या हरियाणा पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर डायल करें, आपको तुरंत सहायता पुलिस से अवश्य ही मिलेगी। इस अवसर पर जसबीर सिंह, सौरव बिंदल, अनिल कुमार सीनियर प्लाजा मैनेजर, विकास कुमार, रोहन, राहुल, मुखत्यार सिंह, सचिन कुमार, राजकुमार क्यूब हाईवे से एवं टोल प्लाजा के कर्मी उपस्थित रहे।

नीमका गांव की आबादी को कॉलोनी घोषित करने का विरोध शुरू

फरीदाबाद। नगर निगम में शामिल किए गए ग्रेटर फरीदाबाद के नीमका गांव की आबादी को कॉलोनी घोषित करने का विरोध शुरू हो गया है। इस बारे में नीमका गांव के लोगों की पंचायत हुई। जिसमें सभी ने विरोध करते हुए कहा कि 1953-54 की चकबंदी के बाद गांव की आबादी 20 गुना से अधिक बढ़ गई है। लाल डोरा से बाहर काफी ग्रामीणों ने अपने मकान बनाए हुए हैं। जो आबादी लालडोरा से बाहर है, उसका नगर निगम की टीम ने सर्वे किया था। अब नगर निगम इसी आबादी को कॉलोनी घोषित करने वाला है। इसके बाद इन लोगों से सभी प्रकार के टैक्स वसूले जाएंगे। गांव वालों का कहना है कि गांव की आबादी किसी कॉलोनी में नहीं रखनी चाहिए, न ही किसी प्रकार का टैक्स वसूला जाना चाहिए। इसके विरोध में वह डीसी विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक राजेश नागर से भी मिलकर समस्या के समाधान की मांग करेंगे। लोगों का आरोप है कि ग्रामीण अपने पुराने मकानों को तोड़कर नया बना रहे हैं, तो भी निगम की टीम आकर विरोध करती है। लोग अपनी ही जमीन पर निर्माण नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। पंचायत में सरपंच रूपचंद नागर, खड़क सिंह नागर, अजित नागर, प्रेम सिंह, हरिचंद, अशोक भाटी, ओमप्रकाश नागर, जयवीर नागर, प्रवीण व लेखपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

आदिपुरुष फिल्म
विवाद का कारण

आदिपुरुष फिल्म की आलोचना इसलिए हो रही है कि उसने रामायण का ठीक से प्रस्तुतीकरण नहीं किया है तथा बहुत अधिक 'रचनात्मक स्वतंत्रता' ले ली है। रामायण पर आधारित या उससे प्रेरित फीचर फिल्म आदिपुरुष पर तूफान खड़ा हो गया है, हालांकि उसने पहले दिन रिकार्ड कमाई की है। फिल्म के रिलीज़ होते ही विवाद शुरू हो गया था। यह न केवल भारत, बल्कि पड़ोसी नेपाल में भी संकट में फंस गई है जहां इसके दो शहरों में प्रदर्शन पर रोक लगाई गई है। यदि फिल्म निर्माता इसमें सुधार के कदम नहीं उठाते हैं तो इस पर भारत के भी कुछ राज्यों में प्रतिबंध लगाया जा सकता है। आदिपुरुष फिल्म के निर्देशक ओम राउत हैं और इसके संवाद लेखक लोकप्रिय गीतकार मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। इस फिल्म पर व्यापक राजनीतिक प्रतिक्रिया हुई है और अनेक नेताओं ने भगवान हनुमान, भगवान राम व देवी सीता के गलत चित्रण के लिए फिल्म की खुलेआम आलोचना की है। उनका कहना है कि इसके संवाद बहुत भद्दे तथा तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। भगवान हनुमान 'गुंडों जैसी' भाषा बोलते हैं, जबकि सीता को 'भारत की बेटी' बताया गया है। नेपाल में प्रतिबंध के बाद इस पर कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में भी प्रतिबंध लग सकता है क्योंकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आपत्तिजनक संवादों को लेकर इसकी आलोचना की है। उनके अनुसार संवाद 'घटिया दर्जे' के हैं और इसके प्रतिबंध पर विचार हो सकता है। अनेक संतों-महंतों ने भी फिल्म का विरोध करते हुए इस पर प्रतिबंध की मांग की है। फिल्म संवादों को लेकर हो रही उग्र प्रतिक्रिया को देखते हुए मुंबई पुलिस ने संवाद लेखक मनोज मुंतशिर को सुरक्षा देने की घोषणा की है।

फिल्म पर उठ रहे विवादों को देखते हुए सरकार ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि किसी को भी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने इस मुद्दे पर फैसला किया है। उन्होंने फिल्म निर्देशक और लेखक के इस आश्वासन का संदर्भ भी दिया कि वे फिल्म में जरूरी बदलाव करेंगे। आदिपुरुष तथा इसके पहले कई फिल्मों की विषयवस्तु या प्रस्तुतीकरण को लेकर उठे विवादों को देखते हुए फिल्म प्रमाणन बोर्ड का दायरा बढ़ाने की आवश्यकता भी अनुभव की जा रही है। विडंबना है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' तथा 'रचनात्मक स्वतंत्रता' के नाम पर अनेक बुद्धिजीवी फिल्म प्रमाणन बोर्ड या सेंसर बोर्ड को भंग करने की मांग करते रहे हैं। लेकिन ऐतिहासिक व धार्मिक पृष्ठभूमि वाली फिल्मों पर उठने वाले विवादों को देखते हुए इसका क्षेत्र बढ़ाने की आवश्यकता अनुभव होती है। इस संदर्भ में प्रख्यात रामायण सीरियल में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल का बयान बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा है कि अपने महापुरुषों व देवी-देवताओं को हम जिस रूप में स्वीकार कर चुके हैं, उसमें अनावश्यक परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है। वैसे तो भगवान राम और उनके जीवन पर आधारित रामायण पूरी दुनिया में लोकप्रिय है और उसके अनेकानेक रूप हैं। लेकिन 'रचनात्मक स्वतंत्रता' के नाम पर इनसे एक सीमा से अधिक परिवर्तन की संभावना नहीं हो सकती है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि 'विवाद' पैदा कर कमाई करने या मुनाफा बढ़ाने की इच्छा रखने वालों की फिल्म जगत में कमी नहीं है। 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के नाम पर ऐसे 'अवसरवादी' तथा 'भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले' तत्वों को भी कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए।

बढ़ते विमान किरायों पर नियंत्रण

एयर इंडिया के निजीकरण के बाद गो फर्स्ट व स्पाइसजेट को बनाए रखना विमानन क्षेत्र में प्रतियोगिता के दृष्टिकोण से जरूरी हो गया है। बढ़ते विमान किरायों पर नियंत्रण जरूरी है।

अश्विनी महाजन
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

पिछले कुछ समय से घरेलू विमान किरायों में लगातार वृद्धि हो रही है। हाल ही में 24 घंटे पहले बुकिंग कराने पर दिल्ली-मुंबई विमान किराया 20,000 रुपये से अधिक हो गया, जबकि पहले यह केवल 7,000 रुपये होता था। बाकी रूटों पर भी किराए बढ़ रहे हैं और वह भी बहुत पहले एडवांस बुकिंग करवाने पर लागू होते हैं। विमान यात्रियों को बढ़ते किरायों से बहुत चोट पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद यात्रियों के आवागमन में काफी वृद्धि हुई है। हाल ही में केवल एक दिन, यानी 30 अप्रैल, 2023 को 4.56 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी जो एक रिकार्ड है। हवाई यात्रा करने वाले लोगों की संख्या हर महीने लगभग 12 मिलियन से 13 मिलियन के बीच रहती है। यात्रियों की बढ़ती संख्या लगातार बढ़ती मांग तथा विमानन उद्योग की प्रगति का प्रमाण है। लेकिन दुर्भाग्य से बढ़ती मांग को देखते हुए एयरलाइनें बहुत अधिक किराया लेने लगी हैं जो एक प्रकार से उत्पीड़न है।

यह खबर भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए ठीक नहीं है क्योंकि यात्री अधिक किराये के कारण हवाई यात्रा से विरत हो सकते हैं। पिछले दो दशकों में सस्ते किराये के कारण अनेक यात्रियों ने विमान यात्रा पसंद की, जबकि परंपरागत रूप से वे रेल यात्रा करते थे। उदाहरणार्थ, दिल्ली-मुंबई एसी फर्स्ट क्लास राजधानी ट्रेन का किराया 4,730 रुपये है, जबकि एडवांस बुकिंग करवाने पर आमतौर से हवाई किराया इससे कम होता है। इसलिए अनेक लोगों ने रेल यात्रा के बजाय हवाई यात्रा को वरीयता देनी शुरू की। लेकिन हवाई किराए में वृद्धि होने के कारण अब लोग दूसरे विकल्पों पर गौर करने लगे हैं जिससे विमान यात्रियों की संख्या घट सकती है। इसके परिणामस्वरूप विमानन क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि एयरलाइनों के किराए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ रहे हैं। 'एयरपोर्टस कौंसिल इंटरनेशनल-एशिया पैसिफिक' की एक रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय हवाई किरायों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि हो चुकी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि हवाई किरायों में सबसे अधिक वृद्धि 41 प्रतिशत भारत में है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात में यह 34 प्रतिशत, सिंगापुर में 30 प्रतिशत तथा आस्ट्रेलिया में 23 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, हवाई किरायों में वृद्धि के दो प्रमुख कारण है। इनमें से पहला ईंधन की बढ़ती कीमतें तथा दूसरा सामान्य मुद्रास्फीति में वृद्धि है। वर्ष 2019 के बाद से विमानन ईंधन की कीमतों में 76 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जबकि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति की दर बढ़ने के कारण एयरलाइनों के अन्य खर्चों में भी काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, एयरपोर्टस कौंसिल इंटरनेशनल का कहना है कि एयरलाइनें सप्लाई सीमित कर कीमतें अधिक बनाए रखने का प्रयास कर रही हैं। इसका अर्थ सीटों की उपलब्धता घटाना है जिससे कीमतें ऊंची बनाए रखने में सहायता मिलती है। रिपोर्ट ने चिन्ता प्रकट की है कि कंपनियों के इस काम से विमानन उद्योग की प्रगति प्रभावित हो सकती है।

भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र में अनेक कंपनियां काम कर रही हैं। इनमें फरवरी, 2023 में 55.9 प्रतिशत बाजार हिस्से के साथ इंडिगो का पहला स्थान है। इसके बाद टाटा समूह की एयर इंडिया तथा विस्तारा 8.9 व 8.7 प्रतिशत बाजार हिस्से के साथ क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि एयर इंडिया और विस्तारा जल्द ही एक उद्यम बन जाएंगी, पर इसके बावजूद वे इंडिगो के एक तिहाई हिस्से से पीछे रहेंगी। भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र में गो फर्स्ट तथा स्पाइसजेट चौथे व पांचवें स्थान पर हैं और फरवरी, 2023 में उनका बाजार में हिस्सा 8.0 तथा 7.1 प्रतिशत था। लेकिन ये दोनों कंपनियां गंभीर संकटों का सामना कर रही हैं। हाल ही में जहांगीर वाडिया के नेतृत्व वाली गो फर्स्ट एयरलाइन न केवल वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रही है, बल्कि उसने दीवालिया होने का प्रार्थनापत्र भी दिया है।

8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ वह भारत की चौथी बड़ी एयरलाइन है। उसकी कठिनाइयां शुरुआत में वित्तीय के बजाय तकनीकी कही जा रही थीं जिसके लिए मुख्यत: कंपनी को इंजन सप्लाई करने वाली कंपनी 'प्रैट एंड व्हिटने इंजन्स' को जिम्मेदार ठहराया गया था। यह कंपनी एयरबस ए-320 नियो विमान के लिए इंजन सप्लाई करती है। पिछले कुछ साल से गो फर्स्ट को कंपनी द्वारा सप्लाई इंजनों में समस्याओं के कारण अपने कई विमान खड़े करने पड़े थे। इन सभी कारणों से कंपनी को भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ा। अपनी जिम्मेदारियां पूरी न कर पाने के कारण कंपनी के खिलाफ दीवालिया प्रक्रिया शुरू की गई थी। गो फर्स्ट ने 3 मई को अपनी उड़ानें रद्द कर दी थीं तथा दीवालिया प्रार्थनापत्र दे दिया था।

इसी प्रकार नागरिक विमानन क्षेत्र में पांचवें स्थान वाली स्पाइसजेट कंपनी को भी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। एयरलाइन को अपने विमानों में अनेक तकनीकी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ रहा है और इसके लिए महानिदेशक नागरिक विमानन-डीजीसीए ने कंपनी को अपने 10 बोइंग-737 मैक्स विमानों को खड़ा करने का आदेश दिया था। 2022-23 की पहली तिमाही से कंपनी ईंधन कीमतें बढ़ने, मुद्रास्फीति तथा रुपये की कीमतें गिरने के कारण भारी घाटे का शिकार थी। इसके साथ ही वह तकनीकी समस्यायें ठीक करने में विफल रही थी। हालांकि, कंपनी ने अभी हार नहीं मानी है, पर उसकी सेवाओं में बाधा पैदा हो गई है। स्पाइसजेट व गो फर्स्ट को बड़ी कंपनियों से कठोर प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा था जिनमें इंडिगो, टाटा ग्रुप की एयर इंडिया व विस्तारा तथा सर एशिया शामिल हैं। हालांकि, गो फर्स्ट तथा स्पाइसजेट के समस्याओं में घिरने के बाद अब इंडिगो व टाटा ग्रुप कंपनियों को बहुत कम प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण ये कंपनियां हवाई किरायों में बेलगाम वृद्धि कर रही हैं। इस मामले का संज्ञान लेकर केन्द्र सरकार ने इन कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे किराया न बढ़ाएं, पर इससे समस्या का उचित समाधान संभव नहीं लगता है। निजी क्षेत्र को विमानन क्षेत्र में आने की अनुमति देने के बाद से आमतौर से हवाई किरायों का फैसला एयरलाइनों पर छोड़ दिया गया है ताकि वे बाजार के अनुसार अपनी कीमतें तय कर सकें तथा अनावश्यक नुकसान से बचते हुए इस क्षेत्र का स्वस्थ विकास सुनिश्चित करें। बड़ी संख्या में एयरलाइनों के बीच प्रतियोगिता से न केवल एक बड़ी सीमा तक हवाई किराए सस्ते रखने में सहायता मिलती है, बल्कि इससे विमानन क्षेत्र का स्वस्थ विकास भी सुनिश्चित होता है। अतीत में भारत के विमानन क्षेत्र ने दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि भारतीय कंपनियों ने हाल ही में 1000 नए विमानों के क्रयादेश दिए हैं जिससे सारी दुनिया आश्चर्यचकित है। इसमें एयर इंडिया द्वारा 550 विमानों का क्रयादेश शामिल है। इससे हमारे नागरिक विमानन क्षेत्र की प्रगति प्रमाणित होती है। लेकिन दो प्रमुख एयरलाइनों के सामने आने वाली कठिनाइयों से स्पष्ट है कि नागरिक विमानन क्षेत्र अब संकट का सामना कर रहा है।

लंबे समय से सरकार ने दीवालिया कानून में बड़े परिवर्तनों के माध्यम से यह प्रक्रिया सरल बनाए रखी थी जिसके कारण आर्थिक संकट में घिरी कंपनियों के प्रमोटरों को राहत मिलती थी। यदि गो फर्स्ट तथा स्पाइसजेट दीवालिया हो जाती हैं तो इंडिगो व टाटा ग्रुप का विमानन क्षेत्र पर लगभग एकाधिकार हो जाएगा।

ऐसी स्थिति में पिछले दो दशक में विमानन क्षेत्र में हुए विकास और प्रतियोगिता समाप्त हो जाएगी जिसका लाभ आम आदमी को सस्ते हवाई किराए के रूप में मिल रहा था। इस प्रतियोगिता के कारण आम आदमी को लाभ मिल रहा था। अब एकमात्र सार्वजनिक विमानन कंपनी एयर इंडिया निजीकरण के बाद टाटा समूह की हो गई है। ऐसे में गो फर्स्ट तथा स्पाइसजेट को बचाना और जरूरी हो गया है ताकि विमानन क्षेत्र में प्रतियोगिता बनाए रखी जा सके। यह समझना जरूरी है कि ये कंपनियां बहुराष्ट्रीय विमान एवं इंजन निर्माताओं की लापरवाही व दुर्व्यवहार के कारण वित्तीय संकट का शिकार बनी हैं तथा इसके पीछे कोई वित्तीय घोखाधड़ी नहीं है। सक्षम भारतीय एयरलाइनों को बरबाद होने के लिए छोड़ने के बजाय इन कंपनियों की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च स्तर पर किया जाना चाहिए।

योग को सच्चे भाव के साथ आत्मसात करें

> **प्रत्याहार (इंद्रियों को वापस लेना), ध्यान (ध्यान) और धारणा (केंद्रित एकाग्रता) के बिना योग अधूरा है।**

वी के यादव
(लेखक, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ हैं)

भारतीय संस्कृति में योग का इतिहास पांच हजार साल से भी पुराना है। कई जटिल शारीरिक रोग और मानसिक विकारों को विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम, गहरी श्वास, ध्यान और ध्यान से ठीक किया जा सकता है। व्यक्तित्व में भी निखार आता है। इन लाभों के कारण, निवारक चिकित्सा के रूप में योग की लोकप्रियता पूरे विश्व में उत्तरोत्तर बढ़ रही है। भारत सहित दुनिया भर के कई देशों के एलोपैथिक अस्पतालों में योग सलाहकार नियुक्त किए गए हैं।

योग की वैश्विक लोकप्रियता अकारण नहीं है, स्वयं मनोवैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने तन और मन पर इसके सकारात्मक प्रभावों को खुले दिल से स्वीकार किया है। कोविड-19 के संक्रमण काल में योगाभ्यास कर तनाव मुक्त और सुखी जीवन व्यतीत किया जा सकता है। भारतीय ऋषियों की यह अनूठी जीवन शैली व्यक्ति को सुखी जीवन जीना सिखाती है और योग के मार्ग पर आगे बढ़ने वालों को मुक्ति भी प्रदान करती है। ऋषियों ने इस विद्या की रचना आत्मकल्याण के लिए की ताकि वे सांसारिक आवागमन के झंझट से मुक्ति पाकर समृद्ध जीवन व्यतीत कर सकें।

आज योग का प्रसार आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अधिक स्वास्थ्य रक्षा के संदर्भ में हो रहा है। योग शिक्षा के तीन चरण हैं- चिकित्सा, अमरत्व और मोक्ष। योग विद्या की वैज्ञानिक विवेचना के बाद शरीर को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाने के लिए भी योग विद्या का पूरे विश्व में काफी प्रयोग हो रहा है।

मई 2020 में प्रकाशित एक शोध कार्य के अनुसार, एक प्रतिष्ठित शोध पत्रिका, %इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्री%, एम्स के एनाटॉमी विभाग की लैब फॉर मॉलिक्यूलर रिप्रोडक्शन एंड जेनेटिक्स और मनोरोग विभाग ने मिलकर यह निष्कर्ष निकाला कि डिप्रेशन के मरीजों का इलाज अनुवांशिक कारणों से भी योग से संभव है।

इस शोध के तहत डॉक्टरों के एक समूह ने डिप्रेशन का इलाज करा रहे 160 मरीजों पर तुलनात्मक अध्ययन किया। उन्हें 80-80 के दो समूहों में विभाजित किया गया था - एक समूह को केवल चिकित्सा तक ही सीमित रखा गया था, जबकि दूसरे समूह को औषधीय उपचार के साथ बारह सप्ताह तक योग आसनों का अभ्यास कराया गया था। शोध कार्य पूरा होने पर दोनों समूहों के रक्त के नमूनों की जांच की गई। रिपोर्ट ने चौंकाने वाले नतीजे दिए। सिर्फ दवा लेने वाले 29 फीसदी मरीजों को ही फायदा हुआ, इसके उलट दवा के साथ योग करने वालों में 60 फीसदी को फायदा हुआ। कोरोना महामारी के कारण दुनिया के तमाम देशों में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

एम्स के शोध से डॉ. रीमा दादा ने सुझाव दिया कि सूर्य नमस्कार, मयूरासन, वृक्षासन, ताड़ासन, भुजंगासन, जानुशिरासन, पवनमुक्तासन, शलभासन, पश्चिमोत्तानासन, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भ्रामरी, कपालभाति जैसे आसनों का अभ्यास करने से अवसाद और अन्य बीमारियों को दूर करने में काफी मदद मिल सकती है। गठिया की तरह। मयूरासन और अर्धमत्स्येन्द्रासन को मधुमेह और उदर विकारों के लिए रामबाण माना जाता है। योग शारीरिक और मानसिक संतुलन के अलावा कार्यकुशलता, सुव्यवस्थित दिनचर्या और जीवनशैली को बनाए रखने में भी कारगर है। मन के संस्कारों को बदलने में योग का विशेष महत्व है।

यद्यपि भारत में योग के कई ऋषि हुए हैं, उनमें से सबसे प्रसिद्ध और प्रमुख महर्षि पतंजलि हैं। आज योग का सीधा संबंध रोग निवारण, शरीर को लचीला और स्वस्थ रखने से है। वास्तव में यह योग नहीं बल्कि पतंजलि योगसूत्र के 'अष्टयोग' का एक साधन मात्र है। पतंजलि ने योगसूत्र में योग को विशेष रूप से परिभाषित किया है - 'योगश्चितवृत्तिनिरोध' अर्थात क्रमश: यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान और धारणा के अभ्यास द्वारा मन की हिंसक और द्वेषपूर्ण प्रवृत्तियों को नियंत्रित करना।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शारीरिक मुद्राओं और व्यायाम के अभ्यास पर जोर दिया जाता है। प्रत्याहार (इंद्रियों को वापस लेना), ध्यान (ध्यान) और धारणा (केंद्रित एकाग्रता) पर शायद ही कोई चर्चा हो। योगसूत्र के इन तीन चरणों को अपनाए बिना योग अधूरा है। यह एक व्यक्ति के शरीर, मन, अवचेतन और आत्मा को एक लय में सुचारू रूप से काम करने का मार्ग प्रशस्त करता है। यह मनुष्य और प्रकृति के बीच अंतर्संबंध स्थापित करने की एक विधि है। पतंजलि एक गहन मनोवैज्ञानिक थे; उन्होंने देखा कि मनुष्य का निजी जीवन दुखों से भरा होता है। इन दुखों का सीधा संबंध मन में परिवर्तन से है और इसलिए, पतंजलि ध्यान के मध्य मार्ग - अष्टांग योग का विधिपूर्वक अभ्यास करके अनुशासित जीवन जीने की बात करते हैं।

हालांकि आज के दौर में योग को हिंदू धर्म से जोड़कर देखा जा रहा है और इसका राजनीतिक फायदा उठाने की भी कोशिश की जा रही है. लेकिन योग की अवधारणा तब भी पैदा हुई जब धर्म की अवधारणा स्पष्ट नहीं थी और हजारों वर्षों से शारीरिक कष्ट और सांसारिक दुखों से छुटकारा पाने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

इस प्रकार मनुष्य के स्वास्थ्य और मानवता के कल्याण पर इसके सकारात्मक प्रभाव के कारण आज यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित है।

आप की बात

मोदी की अमेरिका यात्रा

अमेरिकी राष्ट्रपति के निमंत्रण पर मोदी जी की अमेरिका यात्रा कई मायनो में अति महत्वपूर्ण है। रूस - यूक्रेन युद्ध, चीन की चालाकियां, नाटो का विस्तार, आदि अनेक मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच चर्चा होगी। सारी दुनिया की निगाहें इस चर्चा पर टिकी हैं। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हालातो को देखते हुए अब जितनी जरूरत भारत को अमेरिका की है, उतनी ही जरूरत अमेरिका को भारत की है। इसीलिए रूस के मामले में भारत द्वारा अपनी राष्ट्रीय हितों के अनुसार चलने की नीति के बावजूद अमेरिका भारत को महत्व दे रहा है। जी 414 फाइटर इंजन की तकनीक मिलना भारत के लिए सैनिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच अन्य कई वस्तुओं के विनिमय को लेकर समझौते होंगे। क्वाड से लेकर आईटूयूटू तक भारत अमेरिका के बीच अच्छा तालमेल बन रहा है। ऐसे में चीन को भी समझ में आ जाएगा कि भारत इस बार उसके मुकाबले किसी भी मामले में कमजोर नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दुनिया के अधिकांश देशों की नजर में भारत चीन से भी अधिक प्रभावशाली नजर आ रहा है। मोदी की यात्रा से भारतीय व अमेरिकी जनता, खासकर वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, डाक्टरों व स्टार्ट अप के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

दिमागी दीवालियापन

गीता प्रेस गोरखपुर को सरकार द्वारा महात्मा गांधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा के साथ ही कांग्रेस में मोदी सरकार के विरुद्ध आलोचना के स्वर उभरने लग गए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह फैसला सावरकर और नाथूराम गोडसे को सम्मान देने जैसा है। कांग्रेस नेताओं को समझना चाहिए कि धर्म व धर्म-प्रचार तथा राजनीति दोनों अलग-अलग रहे हैं। गीताप्रेस गोरखपुर निस्वार्थ धर्म का प्रचार पुस्तकों के माध्यम से करती है। वह किसी से इस हेतु चन्दा भी नहीं लेती है। उसने प्रसन्नतापूर्वक सम्मान स्वीकार करते हुए भी एक करोड़ की सम्मान राशि लेने से इनकार कर दिया है। गीताप्रेस गोरखपुर शांतिपूर्वक सनातन धर्म के प्रचार में लीन है। सनातन धर्म भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख अंग है। अगर सरकार ने उसे महात्मा गांधी शान्ति पुरस्कार देने की घोषणा की है तो इसमें सावरकर और नाथूराम गोडसे के सम्मान जैसी बात कहाँ से उभर कर आ गई? कांग्रेस को सोचना चाहिए कि आम जनता में गीता प्रेस का बहुत सम्मान है और कई पीढ़ियां उसका साहित्य पढ़ कर बड़ी हुई हैं। ऐसे बयानों से कांग्रेस का दिमागी दीवालियापन ही प्रकट होता है।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

दवा का दुरुपयोग

मुंबई में नशे के लिए कफ सिरप का इस्तेमाल करने वाले गिरोह को एंटी नारकोटिक्स टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दो लाख 85 हजार कोडीन फास्फेट कफ सीरप की बोतलें जब्त की गईं। विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से बोतलों की तस्करी मुंबई में की जा रही है और युवाओं के बीच मादक पदार्थों की लत के लिए व्यापक रूप से बेची जाती है। कफ सिरप की बोतलें जिनमें कोडीन फॉस्फेट दवा होती है। उसे एक खास ब्रांडनेम के रूप में जाना जाता है। जिन लोगों ने सिरप का सेवन किया है, उनमें उच्च रक्तदाब, अत्यधिक नींद आना, भूख न लगना इत्यादि लक्षण दिखाई देते हैं। इस नशे के कारण युवाओं में झगड़े-मारपीट की वारदातें बढ़ गई हैं। दवाओं के नाम पर नशे के व्यापार को रोकने के लिए दवाओं की बिक्री पर कठोरतापूर्वक नियंत्रण करना चाहिए तथा नशीली दवाओं के विकल्प भी तलाशने चाहिए। दवाओं का दुरुपयोग मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त गंभीर खतरा पैदा करता है और कई बार इनका दुरुपयोग करने वाले व्यक्ति का जीवन बचाना भी डाक्टरों के लिए बहुत कठिन हो सकता है।

- दत्तप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को विश्व समुदाय के द्वारा मनाया जाता है। सभी भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है कि भारत के प्रधानमंत्री अपने अमेरिका प्रवास के समय 21 जून को संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय पर आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम में पूरे विश्व का आह्वान किया कि वे अपने जीवन में योग पद्धति को अपनाएं और स्वस्थ रहें। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में योग एक ऐसा विषय है जो विश्व की लगभग 8 करोड से भी अधिक जनसंख्या को प्रभावित करता है और विश्व समुदाय को एक सूत्र में पिरोने का काम भी करता है। भारत के ऋषि-मुनियों ने आदिकाल से योग पद्धति को अपनाया है और मानव मात्र को संदेश दिया है कि योग अपनाएं और स्वस्थ रहें। आज विश्व में अनेक प्रकार की महामारी की आशंका बढ़ती जा रही है। ऐसे में यौगिक क्रियाओं का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। केंद्र सरकार ने इसके लिए करीब 3600 करोड़ का बजट रखा हुआ है। सबको योग दिवस में सहभागी होना चाहिए।

-वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

दुनिया कर रही पीएम मोदी की दृष्टि का अनुसरण: मुख्यमंत्री

● 2427.63 करोड़ रुपए के 692 विकास कार्यों का शिलान्यास और 176.83 करोड़ रुपए के 35 विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया

● सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम का किया लोकार्पण

सीएम योगी ने गोरखपुर को दी 2604 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के सफ ल कार्यकाल के उपलक्ष्य में मंगलवार अपराह्न गोरखपुर में आयोजित जनसभा में जनपद को 2604 करोड़ रुपए से अधिक की 727 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। भीषण गर्मी में भी जुटे अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष के यशस्वी कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को एक नई पहचान दी है। सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की उनकी दृष्टिए उनके मॉडल का आज दुनिया अनुसरण कर रही है। विकास की लंबी छलांग लगाने के लिए पीएम मोदी का एजेंडा, हर नागरिक का एजेंडा होना चाहिए।

महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित जनसभा में सीएम योगी ने 2427.63 करोड़ रुपए के 692 विकास कार्यों के शिलान्यास तथा 176.83 करोड़ रुपए के 35 विकास कार्यों के लोकार्पण एवं सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम का लोकार्पण करने के बाद योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने नौ वर्ष के दौरान सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के लिए नई दृष्टि दी है। रामराज्य की पहली शर्त है सेवा। मत, मजहब, सम्प्रदाय, भाषा, क्षेत्र से परे हम सबमें एक ही भाव होना चाहिए। यह है मेरा भारत महान का भाव। हमारा कर्म एक भारत, श्रेष्ठ भारत को समर्पित होना चाहिए। हमें विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए और वह विरासत विकास की प्रक्रिया से जुड़ता दिखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश को यह नई दृष्टि मिली है।

योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को सेवा का मॉडल दिया है, सुशासन का मॉडल दिया है, गरीब कल्याण का मॉडल दिया है। जबकि कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार का मॉडल था। कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने खुद माना था कि 100 रुपए में से 15 रुपया ही धरातल पर पहुंचता था। 85 रुपए दलाल खा जाते थे। आज डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का पूरा पैसा सीधे जनता के बैंक खातों में पहुंचता है। बीच में एक रुपए खाने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मंच पर लाभार्थियों से उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए उन्हें कितनी धनराशि मिली और किसी को रुपये तो नहीं देने पड़े। लाभार्थियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में उन्हें 1.20 लाख रुपये आवास के लिए 12 हजार रुपये शौचालय के लिए और 90 दिन की मनरेगा की मजदूरी मिली और किसी ने भी एक रुपया नहीं लिया। नगरीय क्षेत्र में पीएम आवास के लिए 2.5 लाख रुपये लाभार्थियों को मिले। यह भ्रष्टाचारमुक्त सुशासन का मॉडल है। गरीब कल्याण के इस मॉडल की सराहना दुनिया में हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के पूर्व का भारत दुनिया मे सीना तानकर नहीं चल पाता था। 2014 के बाद का भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया में सीना तानकर चलता है। पूरी दुनिया उसे सम्मान की दृष्टि से देखती है। आज का नया भारत दुनिया के लिए संकट का साथी है। वैश्विक मंचों पर उसका सम्मान हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष का कार्यकाल नए भारत के निर्माण का कार्यकाल रहा है और इसमें उत्तर प्रदेश में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के स्वतंत्र होने से एक दिन पूर्व पाकिस्तान बन गया था। पर आज भारत-पाकिस्तान के बीच का फर्क पूरी दुनिया देख रही है। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज का भारत अपने नागरिकों के लिए फ्री टेस्ट, उपचार, वैक्सीन की व्यवस्था करता है। 80 करोड लोगों को मुफ्त में राशन देता है। वहीं पाकिस्तान में एक किलो आटा के लिए छीनाझपटी होती है। भारत में खुशहाली व समृद्धि है तो पाकिस्तान में लोग दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं।

सीएम योगी ने जनसमूह को गोरखपुर में हो रहे अभूतपूर्व विकास के कार्यक्रमों से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि छह वर्ष पूर्व गोरखपुर की क्या स्थिति थी और आज क्या स्थिति है, यह सभी लोग देख रहे हैं। छह वर्ष पूर्व बदहाली थी, बिजली की किल्लत थी और तो और अगर यहां के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पहिए होते तो सपा सरकार है उसे कहीं और खींच ले गई होती। जबकि आज गोरखपुर में एम्स भी बन चुका है बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी सेवा है। एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की राह पर चलते हुए प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। गोरखपुर में खाद कारखाना चालू हो गया है रामगढ़ताल अलग ही आभा के साथ चमक रहा है।

यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों को भारी बहुमत से जीतने का दिलाया संकल्प

सीएम योगी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जाति, मत, मजहब, संप्रदाय से ऊपर उठकर उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प दिलाया। उपस्थित जनसमूह ने उनके इस संकल्प पर जोरदार हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि जब देश सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे और हमारा मत मजहब आदि भी सुरक्षित रहेगा। देश सुरक्षित रहे इसके लिए हमें 2024 में भी पीएम मोदी के नेतृत्व में फिर भाजपा की सरकार बनानी है।

योग दिवस पर सब लोगों की हो सहभागिता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। मोदी के प्रयास से 21 जून को पूरी दुनिया योग दिवस मनाती है। इस दिन हमारे ऋषि परंपरा के प्रति दुनिया कर्तव्य कृतज्ञता ज्ञापित करेगी। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर सब लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। सभी गांव व शहरों में सभी वार्ड के लोग योगासन के अभ्यास से जुड़ें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में ही कुंभ को भी वैश्विक मान्यता मिली। यूनेस्को ने इसे मानवता की मूमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्वीकार किया है।

सीएम योगी ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन, गाय को खिलाया गुड़

लखनऊ। बलरामपुर दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या तड़के ही शुरू हो गई। सीएम योगी ने देवीपाटन में मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने यहां मां से सुखी-स्वस्थ प्रदेश की कामना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सीएम ने महंत अवेद्यनाथ समेत अनेक संतों की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर माथा टेका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौशाला भी गए। यहां पर उन्होंने गायों व बछड़ों को गुड़, चना खिलाया। गोप्रेम व गोसेवा के लिए विख्यात गोरक्षपीठाधीश्वर की एक आवाज पर गोशाला की गाय-बछड़े दौड़ते चले आए। इस दौरान मंदिर के महंत भी मौजूद रहे।

सीएम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दी जन्मदिन की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को जन्मदिन की बधाई दी। सीएम योगी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा कि नारी सशक्तिकरण की सशक्त हस्ताक्षर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! भगवान श्री जगन्नाथ जी से आपके आरोग्यपूर्ण व सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 में ओडिशा में हुआ था। उन्होंने शिक्षिका के रूप में कॅरियर की शुरुआत की। इसके बाद वे राजनीति में आ गईं। उन्होंने वर्ष 2000 से 2004 तक ओडिशा सरकार में राज्य मंत्री के तौर पर कार्य किया था। 2000 से 2009 तक वो ओडिशा विधानसभा सदस्य के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। इसके बाद वर्ष 2015 से 2021 तक वो झारखंड की राज्यपाल भी रह चुकी हैं। उन्हें राज्य की पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने पार्षद से लेकर राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी 9 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि योग, भारतीय मनीषा का विश्व मानवता को प्रदान किया गया अमूल्य उपहार है, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया को परिचित कराया है। प्रारम्भ से ही योग हमारी सनातन परम्परा का अभिन्न अंग रहा है। योग से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य योग के स्वाभाविक परिणाम हैं। योग स्वास्थ्य, सुख, शांति, समन्वय तथा कल्याण का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का व्यापक रूप से आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 जून से 21 जून 2023 तक 'योग सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश भर में योग पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग सम्पूर्ण जीवन पद्धति है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य योग के स्वाभाविक परिणाम हैं। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों से सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करने की अपील करते हुए कहा कि योग को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

दैनिक जीवन में योग का है बहुत महत्वः कुंवर मानवेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व सन्ध्या पर प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। सिंह ने इस अवसर पर अपने सन्देश में कहा की योग व्यायाम का एक रूप है जो हमारी प्राचीन परम्परा से जुड़ा है योग भारतीय समाज में हजारों साल पहले विकसित हुआ। यह हमारे पूर्वजों द्वारा दिया गया एक अनुपम उपहार है जो अपने अद्भुत स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। इस प्राचीन पद्धति के विषय में जागरूकता फैलाने,योग के चमत्कारिक व प्राकृतिक लाभों के बारे में लोगों को बताने, उन्हें प्रकृति से जोड़ने एवं अपने नियमित जीवन में योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही प्रति वर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। हमारे दैनिक जीवन में योग का बहुत महत्व है। योग हमें न सिर्फप्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है वरन हमें एक बेहतर इन्सान बनाने के साथ-साथ हमें तनाव पूर्ण जीवन मुक्ति के साथ हमारे मन, शरीर व आत्मा की एकता को भी सक्षम बनाता है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब हम सब स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग के महत्व को समझते हुए और उसे अपने जीवन में अपनाते हुए अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के इस महान अनुष्ठान को सफल बनाने के प्रयास में सहभागी बन अपनी सक्रिय व महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नौकरी से निकाले जाने पर गुस्से में महिला ने एसपी कौशांबी पर लगाया था आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कौशांबी के पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव पर छेड़खानी और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने महिला सेविका (फ ॅलोअर) चौबीस घंटे के भीतर ही अपने बयान से पलट गई है। मंगलवार को उसने मीडिया से कहा कि नौकरी से निकाले जाने पर गुस्से में आकर उसने एसपी पर झूठा उत्पीड़न का आरोप लगाया था। वहीं, इस मामले को लेकर प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने जिस तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था, उसने अपनी जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया में बीती सोमवार की रात एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें पुलिस अधीक्षक की मां की देखभाल के लिए उनके आवास पर नियुक्त महिला सेविका ने आरोप लगाया था कि पुलिस अधीक्षक ने उनका उत्पीड़न किया है। वीडियो सार्वजनिक होने पर पुलिस महकमे हड़कम्प मच गया था। इस मामले में प्रयागराज एडीजी भानु भास्कर ने डीजीपी विजय कुमार के निर्देश पर मंडलायुक्त प्रयागराज से परामर्श करने के बाद सोमवार रात को ही वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच के लिए आईजी प्रयागराज चन्द्र प्रकाश (अध्यक्ष), एसपी चित्रकूट वृंदा शुक्ला (सदस्य) और सीडीओ प्रतापगढ़ ईशा प्रिया (सदस्य) की तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी थी। उन्होंने टीम को प्रकरण की निष्पक्षता एवं गहनता से जांच कर चार दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। आरोप सामने आने के बाद पुलिस ने महिला सेविका को मंगलवार सुबह पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के लिए बुलाया गया और उसे पत्रकारों के समक्ष लाया गया। जहां उसने अपने बयान में कहा कि रसोई में काम करते हुए उसके हाथ से प्लेट टूट गई थी। इस पर मैडम ने उसे डांट लगाई और उसकी गलतियों पर नौकरी से निकलवाने की बात कही। इस कारण वह आवेश में आ गई और उसने पुलिस अधीक्षक पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था।

नागरिक एकता पार्टी का कांग्रेस में विलय

● आज के परिवेश में कांग्रेस ने ही लोकतंत्र को जीवित रखा है: खाबरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था रखते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर 'नागरिक एकता पार्टी' ने कांग्रेस पार्टी में विलय किया।

नागरिक एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शमीम खान, प्रमुख महासचिव रिज़वान अहमद, मोहम्मद नईम अंसारी, उमर खान, मोहम्मद शकील, हाजी मुन्ना बेग, डॉ. शाइस्ता रानी (प्रदेश अध्यक्ष), गुलनाज़ बानो, डॉ. सलाउद्दीन अंसारी, अमरीन मतीन एडवोकेट, मोहम्मद अनीस, पियूष राजपूत, परवेज आलम ने समर्थकों सहित कांग्रेस पार्टी में विलय किया।

कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय न बताया कि पार्टी में विलय कराते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की नीतियां पूरे देश में अमन चैन का माहौल पैदा कर सकती हैं। आज भाजपा की नीतियों से पूरा प्रदेश तबाह हो चुका है।

भाजपा द्वारा पूरे देश में नफरत का माहौल फैलाया जा रहा है। बेरोजगारी, अराजकता अपने चरमोत्कर्ष पर है उससे निजात पाने के लिए लोग कांग्रेस की ओर मुखातिब हो रहे हैं। खाबरी ने कहा कि भाजपा के तमाम प्रयासों के बाद भी अपने संघर्षों की जनता के प्रति समर्पित राजनीति के सहारे स्थापित राहुल गांधी का विशाल वजूद इस देश को गारंटी देता है कि अभी भी लोकतंत्र में विपक्ष जीवित है, और आज के परिवेश में विपक्ष विशेष रूप से कांग्रेस ने ही लोकतंत्र को जीवित रखा है। नागरिक एकता पार्टी का कांग्रेस में विलय करते हुए मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि दबे कुचले, पिछड़े, अनूसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक समाज के साथ बढ़ते हुए अन्याय को रोंकने के लिए केवल कांग्रेस का नेतृत्व ही सक्षम है।

बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी कल करेगी प्रदेशव्यापी जनांदोलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आम आदमी पार्टी यूपी प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रदेश में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा प्रदेश की जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही है बिजली कटौती के कारण लोगों की जान जा रही है। गोरखपुर में 137 लोगों की जान चली गई, बस्ती मंडल में 33 लोगों की जान चली गई। अकेले बलिया में 104 लोगों की जान चली गई। लोग अस्पतालों में मर रहे हैं गर्मी के कारण तमाम

बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण जो मौते हुई हैं वह हत्या है। आम आदमी पार्टी की तरफ से उन्होंने सबसे पहले उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और प्रदेश सरकार से मांग की कि इस गर्मी के कारण जो मौतें हुई हैं ये उनकी हत्या है योगी सरकार उन परिवारों को मुआवजा और सरकारी नौकरी दे। उन्होंने कहा कि इस बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में 22 जून दिन गुरुवार को व्यापक जन आंदोलन करेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 27000 मेगावाट बिजली की जरूरत है और मात्र 4 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन योगी सरकार कर रही है। 23 हजार मेगावाट बिजली ये बाहर से खरीदते हैं उसके बाबजूद 10-12 घंटे की बिजली कटौती होती है।

जिला मुख्यालयों पर समस्याओं को लेकर रालोद का प्रदर्शन आज

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देश पर किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कराने व विद्युत आपूर्ति 24 घण्टे सुनिश्चित कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ कराने, किसानों को सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली देने तथा आवारा पशुओं से निजात दिलाने को लेकर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर बुधवार को रालोद की जिला इकाइयों द्वारा धरना प्रदर्शन तथा ज्ञापन दिया जायेगा। मंगलवार को यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिये जायेंगे।

युवा कांग्रेस 10 से 12 जुलाई तक बेंगलुरू में करेगी युवा अधिवेशन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा बेंगलुरू (कर्नाटक) में 10 से 12 जुलाई तक अब तक के सबसे बड़े 'बेहतर भारत की बुनियाद' युवा अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस युवा अधिवेशन में युवा कांग्रेस के हमारे साथी देश भर के युवाओं से मिलेंगे। उनके मन की बात सुनेंगे, समझेंगे और उनकी इच्छा के अनुसार एक बेहतर भारत बनाने का एजेंडा लेकर आगे बढ़ेंगे। पांडेय मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए बेंगलुरू में 'बेहतर भारत की बुनियाद' कार्यक्रम किया जा रहा है। इस युवा अधिवेशन में देश भर के युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता आयेंगे और देश को, युवाओं के लिए बेहतर कैसे बनाया जाए, इस विषय पर चर्चा करके आगे बढ़ेंगे।

शत प्रतिशत पात्र अन्नदाता तक किसान सम्मान निधि का लाभ पहुंचाएगी योगी सरकार

● 24 जून से प्रत्येक विकासखंड में राजकीय कृषि बीज भंडार पर शिविर का होगा आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में शत प्रतिशत पात्र किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने के लिए आगे आई है। इसी क्रम में सरकार ने योजना से किसी भी कारण से वंचित सभी किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम पंचायत और तहसील स्तर पर शिविर कैंप लगाने के बाद अब 24 जून से राज्य के प्रत्येक विकासखंड में राजकीय कृषि बीज भंडार पर शिविर कैंप का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन शिविर कैंप के माध्यम से किसानों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पीएम किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त उनके खाते में आ सके। अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी की ओर से इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों, कृषि निदेशक एवं समस्त उप कृषि निदेशकों को आदेश जारी किया गया है।

प्रदेश में पीएम किसान योजना दिसंबर 2018 से संचालित की जा रही है। केंद्र सरकार के कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 14वीं किस्त निर्गत करने से पूर्व सभी पात्र कृषकों के भूलेख का अंकन एवं बैंक खाते को आधार से लिंक किया जाने के साथ ही ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है तथा आगामी किस्तें आधार संबंधित गेट-वे पेमेंट से ही किया जाना है। इस क्रम में जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 22 मई से 10 जून तक शिविर कैंप का आयोजन किया गया। वहीं प्रदेश के समस्त तहसील मुख्यालय पर 13 से 23 जून तक शिविर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर कैंप के माध्यम से अब तक लगभग 23.52 लाख कृषकों की समस्त समस्याओं का निस्तारण कराया गया है। इसमें 4.55 लाख ईकेवाईसीए 5.48 लाख भूलेख अंकन, 4.39 लाख बैंक खाते के साथ आधार सीडिंग, 2.86 लाख ओपन सोर्स पंजीकृत कृषकों का सत्यापन एवं 2.66 लाख कृषकों के नए पंजीकरण सम्मिलित हैं। आदेश के अनुसार अभी तक शत प्रतिशत कृषकों के भूलेख अंकन, बैंक खाते के साथ आधार लिंकिंग एवं ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है जिससे किसान योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। आदेश में इसके कई कारण भी बताए गए हैं। इसके अनुसारए कृषक द्वारा पात्र होते हुए भी पीएम किसान पोर्टल पर अभी तक ओपेन सोर्स से आवेदन नहीं किया गया होए या फिर कृषक द्वारा ओपेन सोर्स से आवेदन कर दिया गया हो, परंतु इसे स्वीकृत न किया गया हो एवं आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित चल रहा हो। इसके अतिरिक्त आवेदन पूर्व में स्वीकृत हो गया हो, परंतु भूलेख के अप-टू-डेट न हो पाने के कारण आगामी किस्तें प्राप्त न हो रही हों। साथ ही पूर्व से स्वीकृत कृषकों के भूलेख का सत्यापन होने के बाद भी आधार का बैंक खाते से लिंक नहीं हो पाया हो। सरकार की प्राथमिकता इन सभी श्रेणी के पात्र किसानों को लाभ दिलाना है, जिसके लिए शिविर कैंप लगाने का निर्णय लिया गया है।

आदेश के अनुसारए पीएम किसान लाभार्थी संतृसीकरण शिविर-कैंप प्रदेश के समस्त विकास खंडों के राजकीय बीज भंडार पर लगाया जाएगा। इसमें कृषि विभाग के तकनीकी सहायक, लेखपाल, कॉमन सर्विस सेंटर एवं पोस्ट ऑफिस के प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। संबंधित जिलाधिकारी शिविर के लिए कार्मिकों का पैनल निर्धारित करेंगे। शिविर में समस्त संबंधित कार्मिक प्रत्येक कार्यालय दिवस में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित होकर कृषकों की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। कैंप आयोजन के लिए उप कृषि निदेशक नोडल अधिकारी होंगे तथा उनके द्वारा कैंप के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

किसानों को समय से उचित मात्रा में मिल सकेंगे कृषि रक्षा रसायनः सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ। किसानों को परिश्रम से तैयार की गई अपनी फसलों के लिए समय से उचित मात्रा में कीटनाशक तथा रसायन प्राप्त हो सकें इस उद्देश्य से कृषि रक्षा रसायनों की मात्रा 856427 कि.ग्रा. यूनिट के लिए खर्च होने वाली अनुमानित धनराशि रुपये 239269700 मात्र को जैम के माध्यम से क्रय किए जाने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने तथा उनकी फसलों को नुकसान से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को अपनी फसलों के लिए समय से उचित मात्रा में कीटनाशक तथा रसायन प्राप्त हो सकें इस उद्देश्य से कृषि रक्षा रसायनों की खरीद के लिए सरकार द्वारा रुपये तेइस करोड़ बान्नवे लाख उनहत्तर हजार सात सौ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत मैलाथियान 5 प्रतिशत धूल के लिए रुपए 6100000, क्लोरपाइरीफास 10 प्रतिशत दानेदार के लिए रुपए 10081000, डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ईसी. के लिए रुपए 15680500, क्लोरपाइरीफास 20 प्रतिशत ईसी के लिए रुपए 22872200, सल्फर 80 प्रतिशत डब्लू.पी. के लिए रुपए 16785000, मैंकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू.पी. के लिए रुपए 25624000, कापर आक्सी क्लोराइड डब्लू.पी. 50 प्रतिशत के लिए रुपए 27216000, विसपाइरीबैक सोडियम 10 प्रतिशत एस.सी. के लिए रुपए 28987500, मेटसल्फ्यूरान मिथाइल 20 प्रतिशत डब्लू.जी. के लिए रुपए 5357750ए सल्फेसल्फ्यूरान 75 प्रतिशत डब्लू.जी. के लिए रुपए 32922750, एल्यूमिनियम फास्फाइड 56 प्रतिशत (पाउच) के लिए रुपए 32550000 तथा जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत टेक. के लिए रुपए 15093000 की स्वीकृति शामिल है।

संदना थाना इलाके में 17 जून को अज्ञात युवती के मिले शव का मामला...

ऑनरकिलिंग निकली युवती की हत्या, मां-बाप गिरफ्तार

- दिल्ली में हत्या की बनी योजना, सीतापुर में लाकर दी गयी थी अंजाम
- बेटी का गैर बिरादरी युवक से प्रेम करना हत्या का बना कारण, माता-पिता ने 4 और 2 साल के भाइयों के सामने बेटी की कर दी थी हत्या
- स्वॉट सर्विलांस और संदना पुलिस को मिली सफलता, एसपी- दक्षिणी ने दी खुलासे की जानकारी, पुलिस टीम को मिला 25 हजार रूपए का ईनाम

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर जनपद में 17 जून को उस समय सनसनी फैल गयी थी जब अज्ञात एक युवती का अर्धनग्न अवस्था में संदना थाना इलाके के सहोली यूके लिप्टिस बाग में शव बरामद हुआ था। युवती की पहचान न हो उसके चेहरे को विकृत कर दिया गया था। पुलिस के सामने यह खुलासा चुनौती बन गया था। चौथे दिन पुलिस ने जो सनसनीखेज खुलासा किया है उसको जानकर आपके पैरो तले जमीन खिसक जायेगी। युवती को किसी और ने नहीं बल्कि उसके अपने माता-पिता ने उसके दो मासूम भाइयों के आंखों के सामने बेरहमी से मारकर फेंक दिया था और चेहरे को इसलिए विकृत कर दिया था ताकि उसकी पहचान न हो सके। अपनी ही लाडली की हत्या माता-पिता ने महज मूंछ नीची न हो इसलिए कर दी थी। दरअसल युवती जिस युवक से प्रेम प्रसंग करती थी वह दूसरी जाति का था। ऑनरकिलिंग की इस घटना की योजना दिल्ली से बनी और अंजाम सीतापुर आकर दी गयी। दरअसल युवती की पहचान सीतापुर के थाना संदना इलाके के पाकर नरायणपुर की रहने वाली आशिनी के रूप में हुई है। आशिनी उसके दो मासूम भाई और पिता पंकज एवं माता नीतू दिल्ली में रहकर काम धंधा करते हैं। पिछले 5 सालों से वह दिल्ली में ही रह रहे थे जहां आशिनी का एक युवक से प्रेम प्रसंग हो गया और वह घर से भाग गयी जब वापस आयी तो माता-पिता ने पहले आशिनी को समझाया लेकिन वह नहीं मानी तब दोनों ने आशिनी की हत्या की योजना बनायी और गांव आए वहां पर एक बाइक पर बैठाकर आशिनी को ले गए और ले जाकर गला कसकर हत्या कर दी फिर उसे अर्धनग्न कर फेंक दिया और चेहरे को विकृत कर दिया ताकि पहचान न हो सके, लेकिन जिस व्यक्ति से बाइक लेकर पंकज गया था उसी के जरिए पुलिस इन हत्याभियुक्तों तक पहुंच गयी और पुलिस ने बेटी के हत्यारोपी माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने 25 हजार रूपए का इनाम पुलिस टीम को दिया है। खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख सुशील यादव के नेतृत्व में कई टीमों को लगाया गया था। पुलिस टीम में स्वाट सर्विलांस प्रभारी सत्येन्द्र विक्रम, संदना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, दीनानाथ, रजनीश कुमार, रमेश चन्द्र यादव और हेड कांस्टेबल शिवशंकर, कांस्टेबल राजू, सरोज, प्रशांत शेखर सिंह, सुमित राघव, दानवीर, अमित कुमार, भूपेन्द्र चौधरी, परशुराम, अर्पित तिवारी, सुभाष अली और डॉली रानी शामिल रहीं।

जीएम ने मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के मर्जर का फैसला लिया वापस

- एन ई रेलवे मजदूर यूनियन ने जीती बड़ी लड़ाई

संवाददाता। बरेली

मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के मर्जर के विरोध में एन.ई.रेलवे रेलवे मजदूर यूनियन लगातार पिछले 5 वर्षों से लड़ाई लड़ रही थी जिस पर पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम ने बड़ा फैसला लेते हुए मैकेनिकल विभाग के अधिकारी जो इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्य कर रहे थे, को तत्काल प्रभाव से उनके मूल विभाग में वापस करने के आदेश जारी कर दिए हैं। यूनियन के महामंत्री के.एल.गुप्ता ने बताया कि रेलवे बोर्ड के आदेशों के विपरीत पूर्वोत्तर रेलवे में मैकेनिकल विभाग के अधिकारी इलेक्ट्रिक विभाग का कार्य देख रहे थे इस मुद्दे को नरमू ने अपनी महाप्रबंधक की पीएनएम के मद संख्या 11-11/22 में उठाया था जिस पर निर्णय लेते हुए महाप्रबंधक महोदय ने आदेश जारी कर दिए हैं जिसके लिए नरमू ने महाप्रबंधक महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह नरमू की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और इससे आए दिन होने वाले मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के विवादों पर विराम लग सकेगा। नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि इस मामले को दीदेन सीआरबी तथा रेलवे बोर्ड की पीएनएम में भी एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने उठाया था। जिस पर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक सी.वी.रमन द्वारा दिनांक 19 जून, 23 को आदेश जारी कर दिए गए हैं और अब मैकेनिकल का कार्य मैकेनिकल विभाग के अधिकारियों द्वारा तथा इलेक्ट्रिकल का कार्य इलेक्ट्रिकल विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इस पत्र के जारी होने के बाद से मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रिकल विभाग के कर्मचारियों में बेहद हर्षोल्लास देखा गया तथा उन्होंने आपस में मिठाइयाँ बांटकर एक दूसरे को बधाइयाँ दीं।

जिलाधिकारी ने पांच डिफाल्टर अधिकारियों से किया जवाब तलब

- आईजीआरएस पोर्टल पर आई शिकायतों का समय से निस्तारण नहीं किया

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

आईजीआरएस में डिफाल्टर होने के बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने खीरी के 05 अधिकारियों को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण तलब किया। इन डिफाल्टर अफसरों में उपनिदेशक कृषि, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम, बीएसए, एडीओ (पं) पलिया शामिल हैं। इन अधिकारियों ने आईजीआरएस पोर्टल पर समय से शिकायतों का निस्तारण नहीं किया, और शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में चली गई। इसी के चलते डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मंगलवार को सभी 05 अफसरों को नोटिस जारी की। डीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों की डिफॉल्ट होने पर पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की है। डीएम ने आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा में कृषि के 22ए प्रोबेशन के सातए पंचायत 02ए बेसिक एवं विद्युत का एक.एक मामले डिफाल्टर श्रेणी में मिले। उन्होंने तत्काल डिफाल्टर प्रकरण के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। अन्यथा की दशा में कड़ी कार्रवाई की हिदायत भी दी। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाले शिकायतों को गंभीरता से लें। नियमित रूप से लॉगिन कर प्रकरणों का समय से निस्तारण कराएं। सभी अधिकारी अधीनस्थों से प्राप्त आख्या का नियमित परीक्षण करें, प्रत्येक दिन आईजीआरएस पोर्टल पर लॉगिन करें।

खुद का कराया अपहरण, मांगी 20 लाख फिरौती, पुलिस ने किया 4 घंटे में पर्दाफाश

संवाददाता। बरेली

कर्ज में डूबे बाल जीवन घुट्टी के डिस्ट्रीब्यूटर ने खुद के ही अपहरण का ड्रामा रच लिया। उसने अपने दो दोस्तों से बहन को फोन करवाकर 20 लाख की फिरौती मांगी। बरेली पुलिस ने घटना का चार घंटे में ही पर्दाफाश कर दिया।रातभर पुलिस को छकाया, लोकेशन पर दौड़ते रहे एसपी क्राइम, सीओ और इंस्पेक्टर कर्मचारीनगर के रहने वाले प्रांजल सक्सेना बाल जीवन घुट्टी के डिस्ट्रीब्यूटर है। प्रांजल सक्सेना ने सोमवार रात को अपने दोस्त सिद्धार्थ मौर्य निवासी मढ़ीनाथ और कौशिक चौहान निवासी चौपला से अपनी बहन जूही सक्सेना को फोन कराया। कौशिक चौहान ने फोन कर कहा कि प्रांजल का हमने अपहरण कर लिया है। उसकी सकुशल बरामदगी चाहते हैं तो 20 लाख रुपये दो। घबराई बहन ने इसकी शिकायत पुलिस अफसरों से की। इसके बाद एसपी क्राइम मुकेश कुमार, सीओ आशीष प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह के साथ पुलिस टीम नंबर को ट्रेस करने में जुट गई। रात में कई जगह दबिश दी। लोकेशन को ट्रेस कर पुलिस ने प्रांजल सक्सेना उसके दोस्त सिद्धार्थ मौर्य और कौशिक चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हिरासत में प्रांजल सक्सेना ने बताया कि उसके यहां काम करने वाले कर्मचारी विनायक ने मार्केट में काफी माल बांट दिया। उसकी वसूली कर ली। मार्केट का उस पर लाखों रुपये का कर्ज हो गया था। कंपनी वाले पैसे का दबाव बना रहे थे। उसके पास खाने तक के लिए रुपये नहीं रह गए थे। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मां हार्ट की मरीज है। इसलिए मां को दुख नहीं देना चाहता था। परेशान होकर उसने अपहरण का ड्रामा किया और दोस्तों से फोन कराया। 20 लाख रुपये मांगने पर चार से पांच लाख मिलने की उम्मीद थी। इससे उसका कर्ज उतर जाता।

भूजल में आर्सेनिक विषाक्तता के परिणामों से कराया अवगत

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला, देखा प्रेजेंटेशन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

भूजल संचयन, प्रबन्धन एवं गिरते भूजल स्तर को बचाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आहूत हुई, जिसमें भूगर्भ जल विभाग में भारत सरकार के नेशनल हाइड्रोलाजी प्रोजेक्ट के तहत रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी द्वारा सम्पादित भूजल में आर्सेनिक टॉक्सिसिटी के अध्ययन सम्बंधित परामर्शी सेवा में किए अध्ययन पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरोंए विशेषज्ञों की मौजूदगी में अध्ययन दल द्वारा तैयार ष्घाघरा बेसिन और उसके आसपास भूजल व्यवस्था में आर्सेनिक विषाक्तता के विशेष संदर्भ में भूजलए गुणवत्ताए गतिशीलता का अध्ययनष् पर गहन मंथन किया। यूनिवर्सिटी के अध्ययन दल ने पीपीटी के जरिए अध्ययन के परिणामो से जनपद में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही उनकी प्रतिक्रियाएं प्राप्त की। बैठक में उपायुक्त स्वत रोजगार विपिन कुमार चौधरीए जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरीए भूगर्भ जल विभाग लखनऊ के हाइड्रोलॉजिस्ट विश्वजीत सिंह व सहायक भूभौतिकविद पुनीत मौर्या, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड लखनऊ के वैज्ञानिक एस के स्वरुप तथा रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अभिषेक सक्सेना, सिंचाई एवं लघु सिंचाई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

दवा लेने गई महिला की हत्या, खेत में मिला शव

बरेली। दो दिन पहले दवा लेने के लिए घर से निकली महिला लापता हो गई की लाश सोमवार सुबह घर से कुछ ही दूरी पर खेत में पाई गई पहचान मिटाने के लिए लाश पर तेजाब डाला गया था सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।शाही थाना क्षेत्र के गांव कुल्छा निवासी प्रेम राज की 40 वर्षीय पत्नी धनवती की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर गांव से शाही जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे स्थित एक खेत में पाई गई मृतका के शरीर पर तेजाब डाला गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति ने बताया कि धनवती 2 दिन पहले दवा लेने के लिए घर से बाहर निकली थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी शाम तक इंतजार करने के बाद वह थाने पहुंचा और घटना की शिकायत पुलिस से कर दी पुलिस ने धनवती को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी इधर घर वाले भी आज सुबह उसे तलाशने में जुटे थे इसी दौरान लोगों लोगों ने उसकी लाश को सड़क किनारे स्थित एक खेत में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा घरवालों ने हत्या की आशंका जताई और किसी भी रंजिश से इनकार किया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बालक को अज्ञात लोडर ने मारी टक्कर, मौत

संडीला(हरदोई)। घर से जामुन बीनने के लिए बाग जा रहे एक 8 वर्षीय बालक को अज्ञात लोडर ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगवा निवासी तेजपाल लोध का 8 वर्षीय पुत्र रामसागर घर से खेलने के लिए निकला था। जब वह औरास रोड पर कृष्णा कोल्ड स्टोरेज के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे अज्ञात लोडर की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक रामसागर को पहले सीएचसी ले जाया गया जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर भेजा गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मृतक रामसागर अपने 5 भाई बहनों में तीसरे नंबर पर था। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

बागवानी विकास योजनाओं पर जागरूकता अभियान

बरेली। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा बागवानी विकास की योजनाओं पर आधारित एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता अभियान एवं कार्यशाला का आयोजन आज कृषि विज्ञान केन्द्र, आईवीआरआई, इज्जतनगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ0 बी0पी0 सिंह ने किया। कार्यक्रम में उप निदेशक उद्यान पूजा द्वारा औद्यानिक योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर सुषमा, उप निदेशक राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड आई0एन0 सहाय, मुख्य प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक अमित, वैज्ञानिक (उद्यान) डॉ0 रंजीत सिंह, तकनीकी अधिकारी डी0डी0 शर्मा ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव चांदना ने किया। कार्यक्रम में लगभग 90 कृषकों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने दी है।

ब्लाक फूलबेहड़ में रोजगार मेला 22 को

लखीमपुर खीरी। शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2023.24 में जनपद के विकास खण्ड वार शिक्षण संस्थानों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाना है। तत्क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालयए मॉडल कॅरियर सेन्टर राजापुर के तत्वावधान में 22 जून को ब्लॉक फूलबेहड़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा। मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त आशय की जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण पोर्टल पर उपलब्ध है। आप अपनी योग्यता अनुसार पोर्टल पर पंजीयन कर रोजगार मेला आईडी 7820 पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियाँ, बॉयोडाटा, एक आईडी एवं दो फोटो के साथ विकास खण्ड फूलबेहड परिसर लखीमपुर खीरी में सुबह 10:30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी।

मनाया गया कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम

बरेली। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विकासखंड भोजीपुरा जनपद बरेली में उप निदेशक महिला कल्याणध् जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती नीता अहिरवार के निर्देशानुसार सोनम शर्मा महिला कल्याण अधिकारी महिला शक्ति केंद्र एवं संध्या जायसवाल संरक्षण अधिकारी बाल संरक्षण इकाई द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवजात शिशु बालिकाओं के अभिभावकों को बेबी क्लॉथ किट एवं हिमालया किट, कैलेंडर, योजनाओं संबंधी पंपलेट आदि भेंट कर बेटी के जन्म की बधाई दी गई। कन्या सुमंगला योजना में आवेदन करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में डॉ0 अंकिता चिकित्सा अधिकारी सीएचसी भोजीपुरा, डॉ0 अजय चिकित्सा अधिकारी, श्री राजवीर सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डॉ0 शैली भारद्वाज महिला चिकित्सा अधिकारी, कुमारी रोहिणी स्टाफनर्स, श्रीमती आरती स्टाफनर्स आदि उपस्थित रहे।

काली माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

लखीमपुर खीरी। ओयल कस्बा ओयल के प्रसिद्ध काली मंदिर में तेरहवें शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन दिनांक 19 जून से 25 जून 23 तक चलेगा। दिनांक 19जून, 23 को शतचंडी महायज्ञ जल यात्रा या कलश यात्रा निकली जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगरवासी व नगर पंचायत ओयल ढकवा के पूर्व चेयरमैन प्रदीप गुप्ता सोनू व आज गणमान्य लोग शामिल रहे।

युवक को लालच देकर 21 हजार रुपए ठगे

बरेली। एक युवक को एक लाख रुपए का फायदा होने का लालच देकर ठग ने 21 हजार रुपए ठग लिए। घटना की शिकायत पीड़ित ने एसएसपी से कर कार्रवाई की मांग की । आंवला थाना क्षेत्र के ग्राम डरुआपुर निवासी रोहताश सिंह पुत्र बेनी सिंह ने बताया कि उनके गाँव में रहने वाली कमलेश पत्नी अनोखे लाल आशा कार्यकर्ती है वह उनके घर पर बच्चों के टीका करण के लिए आती थी उसके साथ उसके पति अनोखे लाल पुत्र बाबू राम भी आते थे उन्होने कई बार उनसे कहा कि वह लाइफकेयर प्रा लि में काम करता है। इस कम्पनी से अपनी जिन्दगी बदल ली है अनोखेलाल ने रोहिताश को तरह-तरह के झूठे सपने दिखाकर दिनांक 31 दिसंबर 2021 को 7000 रुपये नकद व 28 फरवरी 2022 को 14000 रूपये नकद ठगी करके ले लिये और आश्वासन दिया कि तुम्हे 9000 रुपये प्रतिमाह कम्पनी की ओर से चैक दिया जायेगा। कमलेश व उसके पति अनोखे लाल ने इसी बात की गारन्टी ली यदि तुम्हे कम्पनी द्वारा कोई ठगी महसूस हो तो तुम्हारे समस्त रुपयों की जिम्मेदारी हमारी होगी। दोनों को बात पर विश्वास करके 21000 रूपये नकद दे दिये लेकिन उनके खाते में सिर्फ एक चैक द्वारा केवल 900 रूपये आये।

सावन मेला की तैयारियां सवालों के घेरे में

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर पालिका परिषद, के सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में सावन माह से सम्बन्धित एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीर्थ के पण्डा, माली, दुकानदार एवं चूड़ी समाज के लोगों द्वारा अपनी-अपनी कठिनाईयों से अवगत कराया गया। बताते चलें कि पण्डा समाज द्वारा परिचय पत्र जारी करने एवं अपने तख्त पर लाइट की व्यवस्था की किये जाने की मांग रखी। मन्दिर कमेटी के महामंत्री के द्वारा सावन की सभी सोमवार एवं तेरस एवं अमावस्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए पानी की टोटियों की व्यवस्था की जाये। कॉवर को लेकर अन्दर आने से रोका जाये कॉच की शीशी का पूर्णतः प्रतिबन्ध किया जाये। भारी वाहनों के डायवर्जन हेतु व्यवस्था की जायेगी। परिवहन विभाग द्वारा रविवार एवं सोमवार को पूर्णतः वाहन का प्रतिबन्ध रहेगा एवं ई रिक्शा नगर के अन्दर संचालित नहीं किये जायेगें। नगर में होने वाले भण्डारों में अग्निशमन यन्त्र की व्यवस्था भी की जाये। नीलकण्ठ मैंदान में एम्बुलेन्स एवं चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक गोला द्वारा अवगत कराया गया कि साहन माह 60 दिनों तक रहेगा इसको मद्देनजर रखते हुए रुट डायवर्जन एवं श्रद्धालुओं की संख्या को ख्याल रखा जायेगा भूतनाथ मेला को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा। माली समाज व तीर्थ के दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि अपनी दुकानों को बाहर रखकर मार्गो का संकुचित न किया जाये। बैठक में रत्नाकर मिश्र एसडीएम, विनोद कुमार गुप्ता तहसीलदार, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, पीएन दीक्षित अधिशासी अधिकारी, एसडीओ गोला, अग्निशमन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उप्र परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग अधिकारी, शत्रोहन मिश्रा नगर अध्यक्ष, विनोद वर्मा जिला उपाध्यक्ष, सुरजन लाल वर्मा पूर्व चेयरमैन भूमि विकास बैंक, रवीन्द्र कटियार कुम्भी मण्डल अध्यक्ष भाजपाए राजेश अवस्थी सभासद, अवर अभियन्ता अमित कुमार, लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, मोहित गिरि, राम सिंह, अवधेश कुमार सहित नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

हाई रिस्क मैराथन सर्जरी में बुजुर्ग मरीज को मिला नया जीवन

संवाददाता। बरेली

सीके बिरला हॉस्पिटल गुरुग्राम में एक हाई रिस्क वाली मैराथन सर्जरी की गई। ये सर्जरी सफल रही जिसमें 66 वर्षीय पुरुष मरीज का जीवन बचाया गया. इस पूरी सर्जरी में 6 से 7 घंटे का वक्त लगा। पेट और खाने की नली के बीच कैंसर था और मरीज की उम्र को देखते हुए ये सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण थी। यहॉ आयोजित एक प्रेस वार्ता में लीड सर्जन डॉक्टर विनय गायकवाड़ ने बताया, श्सीके बिरला अस्पताल की सर्जिकल टीम पर हमें बहुत गर्व है. टीम ने एक हाई रिस्क सर्जरी को बहुत ही शानदार तरीके से पूरा किया है. सर्जरी की चुनौतियों के साथ मरीज की उम्र, इस केस को काफी चुनौतीपूर्ण बना रही थी. लेकिन अच्छी प्लानिंग, सटीक एग्जीक्यूशन और ऊपर वाले के करम से सर्जरी का पॉजिटिव रिजल्ट आया । ऑन्कोलॉजी सेंटर में कंसल्टेंट डॉक्टर ज्योति भट्ट ने बताया कि सर्जरी के बाद मरीज ने बहुत ही अच्छी रिकवरी की. सर्जरी के चार दिन बाद ही मरीज नॉर्मल डाइट लेने लगे जिससे रिकवरी में और ज्यादा मदद मिली. हमारे यहां मेडिकल टीम सतर्क रहती है और मरीज की सही ढंग से देखभाल के लिए लगातार प्रयास करती रहती है। सीके बिरला अस्पताल की यह उपलब्धि सबसे चुनौतीपूर्ण मामलों से निपटने के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इस हाई रिस्क मैराथन सर्जरी की सफलता, अस्पताल द्वारा मरीज की देखभाल के लिए उसके समर्पण को दिखाता है. साथ ही इससे ये भी पता चलता है कि अस्पताल की मेडिकल टीम मुश्किल से मुश्किल मामलों को भी सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने में कितनी स्किल्ड और सक्षम है।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के सुधारे गए अंकपत्र

सीतापुर। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के अंकपत्रों में त्रुटि सुधार के लिए सोमवार को एक विशेष कैम्प का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में किया गया। शिविर में माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज में पहुंचे अधिकारियों ने पहले से प्राप्त आवेदनों के आधार पर त्रुटियों को दुरूस्त कराया। शिविर में लगभग 271 मामलों को निस्तारण किया गया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से आए हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रधानाचार्य और अभिभावकों द्वारा जन्म तिथि संशोधन, नाम संशोधन आदि प्रपत्रों की जांच की। मूल रजिस्टर से मिलान कर त्रुटियों को दूर किया गया। अन्य वर्ष के त्रुटि पूर्ण पत्रों पर कोई विचार नहीं किया गया जिससे अभिभावकों में अफरा तफरी का माहौल रहा। 2003 से पहले जो भी अवेदन प्रयागराज माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड में जमा थे उन्ही की खामियों को दूर किया गया। इस मौके पर डीआईओएस रजेन्द्र सिंह, माध्यम शिक्षा परिषद बोर्ड प्रयागराज से आए अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, रवीन्द्र कुमार दीक्षित, आदि सहित डीआईओएस कार्यालय के कर्मचारी व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

गट्टानी क्रिकेट क्लब विजेता बना

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में रोमांचक मुक़ाबले में गट्टनी क्रिकेट क्लब गोला ने लक्ष्मी मैरिज लॉन क्लब को पराजित करके विजेता ट्रॉफ़ी पर कब्ज़ा कर लिया और लक्ष्मी मैरिज लॉन को उपविजेता ट्राफ़ी से संतोष करना पड़ा। स्व राजेंद्र गिरी स्टेडियम पब्लिक इंटर कॉलेज में चल रहे 16 वे गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल दूधिया रोशनी में संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि विधायक रोमी साहनीए विशिष्ट अतिथिए विधयक अमन गिरी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से अनुशासन में खेलने का संदेश दिया । 12 -12 ओवरों में खेले गए मैच में लक्ष्मी मैरिज लॉन ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 113 रन बनाये जिसे पूरा करने उतरी गट्टनी क्लब की टीम ने धीमी शुरुआत कि बाद में तूफ़ानी बल्लेबाज़ी करते हुए 10 ओवरों में ही लक्ष्य पूरा करके 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। मुख्य अतिथि विधायक रोमी साहनी व विधयक अमन गिरी विजेता टीम की ट्रॉफ़ी जो की मधुसूदन गिरी द्वारा अपने पूज्य पिता स्व राजेंद्र गिरी की स्मृति में तथा के के शुक्ल द्वारा प्रदत उपविजेता टीम की ट्राफी अपने पूज्य स्व बाबू राम अवस्थी की स्मृति में प्रदान की गई। कमेटी द्वारा सभी खिलाड़ियों, एंपायरों व सहयोगी को पुरुस्कृत किया गया। जबकि दोनों अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 10000 और उपवेजेता टीम को 5000 रूप प्रदान किए गये। इस अवसर पर कुम्भी ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा तहसीलदार विनोद गुप्ता मधुसूदन गिरी जनार्दन गिरी अजय गिरी सत्य प्रकाश अग्रवाल अवधेश कुमार मिश्र शत्रुघ्न लाल मिश्र राम गुलाम पांडेय योगेश साहनी राम कुमार राजपूत द्वारिका प्रशाद रस्तोगी रिंकू गुप्ता बदरे आलम अर्पित मिश्रा सहित भारी संख्या में खेल प्रेमियों ने मौजूदगी दी।

लालबाग मुख्य बाजार में घुसा बरसात का पानी, मचा हड़कम्प

संवाददाता। सीतापुर

हल्की बरसात में सीतापुर शहर की बाजार में पानी उफान मारने लगा। आलम यह हो गया कि नालियों के चोक होने से गंदा पानी कई दुकानों के बेसमेन्ट में भर जाने के बाद ऊपर तक हिलोरें मारने लगा। दुकानदारों को समझ में नहीं आये कि वह करें तो करें क्या, कोई फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाने लगा तो कोई सीतापुर नगर पालिका परिषद से मदद मांगने लगा। शहर की मुख्य बाजार लालबाग में नालियां चोक हो जाने से मिश्रिख चाट भण्डार के पास स्थित छंगू भइया ज्वैलर्स की दुकान के बेसमेन्ट से लेकर ऊपर तक पानी पहुंच गया। पानी निकासी की व्यवस्था फायर ब्रिगेड के पम्प से शुरू कर दी गयी। सौरभ मेहरोत्रा ने मदद के लिए फोन सीतापुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नेहा अवस्थी और उनके ससुर मुनीन्द्र अवस्थी को किया। सवाल यह उठता है कि सभी को पता है बरसात का महीना जून माह से शुरू होता है फिर नाले-नालियों की सफाई समय रहते जिम्मेदार क्यों नहीं करते हैं और जिन दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है उनका अतिक्रमण क्यों नहीं हटवाया जाता है। बुधवार को हुई कुछ देर की बारिश में शहर की जो तस्वीर आयी वह ट्रिपल इंजन की सरकार की सेहत के लिए सही नहीं कही जायेगी और फिर सीतापुर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरू' का गृह जिला है उनके जिले के जिला मुख्यालय पर कई ऑफिस और मोहल्ले ही नहीं बाजार भी जब तालाब में तब्दील होने लगे तो जनता करे तो करे क्या इसका हल कौन निकालेगा।

विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

- परिजन ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

विवाह के मात्र दो वर्ष बाद ही एक विवाहिता ने फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली जबकि मृतका के परिजन हत्या करके शव को लटकाने का आरोप लगा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जाता है कि ग्राम करलावां थाना कासिमपुर निवासी शांतिप्रसाद शर्मा ने अपनी पुत्री हिमांचला शर्मा का विवाह विगत 28 नवंबर 2021 को ग्राम मंगरा निवासी पंकज शर्मा पुत्र रामकिशुन शर्मा के साथ अपनी सामर्थ के अनुसार दहेज आदि देकर किया था। पुलिस को 19 जून की रात लगभग साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि हमांचला शर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवा कर उसका पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर इस घटना की सूचना मिलने पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे। मृतका के भाईयों सिकंदर शर्मा एवं रामपूजन शर्मा ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि विवाह के बाद से मृतका के पति एवं अन्य ससुरालीजन कम दहेज लाने का आरोप लगाकर लगातार मृतका का उत्पीड़न कर रहे थे। उनका आरोप है कि उनकी बहन हिमांचला ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी हत्या करके शव को लटकाया गया है। दस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद सिंह से जब जानकारी मांगी गई तो उन्होंनें बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई होगी। उन्होंनें यह भी बताया कि अभी तक मृतका के परिजन की ओर से किसी प्रकार की कोई तहरीर आदि नहीं दी गयी है। जैसे ही तहरीर मिलेगी पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 21 जून, 2023

कमजोर वर्ग के कल्याण से होगा देश का कल्याण: डिप्टी सीएम

●डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उरई में विशाल जनसभा को किया संबोधित

●गरीब कल्याण को बताया भाजपानीत सरकार की प्राथमिकता

●चार करोड़ गरीब परिवारों को दिया आवास

● तरसते बुंदेलखंड में हर घर जल-नल योजना की बदौलत मिला है लाभ

●कोविडकाल में खुद वैक्सीन तैयार कर 95 देशों को भेजी

संवाददाता। उरई, जालौन

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के अभूतपूर्व 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम के अंतर्गत 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण आयोजित विशाल जनसभा को उरई नगर के टाउनहॉल मैदान में सम्बोधित किया। आज विशाल जनसभा में केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, आदि की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास के 2 लाभार्थी भगवान सिंह, लक्ष्मी व मुख्यमंत्री आवास योजना के 2 लाभार्थी मीना, रोशना को प्रतीकात्मक चाबी वितरण किया और बीसी सखियों को डेमो चेक 1 करोड़ की धनराशि भी वितरित की।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार सुशासन, विकास और गरीब कल्याण के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड पिछली सरकारों में सबसे पिछड़ा इलाका था, मगर जब से 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आई है, पूरे देश में बुंदेलखण्ड विकास के मामले में सबसे आगे हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा चौमुखी विकास किये गये हैं, उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के लिये गरीबों का कल्याण प्राथमिकता बन गया है।

अन्त्योदय के सिद्धान्त से प्रेरित प्रधानमंत्री हमेशा गरीब, सेवा और समाज के कमजोर व उपेक्षित वर्गो को सशक्त बनाने के समर्थक रहे हैं, वंचित, उपेक्षित, कमजोर वर्ग के कल्याण से ही देश का कल्याण सम्भव है और प्रधानमंत्री द्वारा अमृतकाल में वंचितों को सशक्तिकरण पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज घर-घर तक अनाज पहुंचता है, गरीब कल्याण अन्न योजना इसका साक्षात उदाहरण है। लाभार्थियों के बैंक खातों में पैसा पहुंचाया जा रहा है। तरसते बुंदेलखंड में हर घर जल-नल योजना से लाभ मिला है।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा 350 सीटें हासिल करेगी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की केन्द्र में सरकार बनने से कोई नहीं रोक पायेगा।

डप्टी सीएम ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद से ही गरीबों के घर में उजाला हुआ है। चार करोड़ गरीब परिवारों को आवास दिया है, एक समय बुंदेलखंड पानी के लिए तरसता था, मगर वर्तमान में बुंदेलखंड के लोगों को हर घर जल नल योजना के तहत पानी दिया जा रहा है।

योग दिवस के कार्यक्रम को बनाएं ऐतिहासिकः पटेल

●डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की सभा में शामिल होंगे 850 बूथों के कार्यकर्ता

संवाददाता। चित्रकूट

भाजपा ने 21 जून को योग दिवस व बांदा जिले में सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की जनसभा की तैयारी बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में की। बैठक में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय मौजूद रहे।

मंगलवार को जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने बताया कि 21 जून को प्रति वर्ष की भांति योग दिवस मनाया जायेगा। सभी कार्यकर्ताओं को भाग लेना है। 850 बूथों पर योग दिवस मनाया जायेगा। योग दिवस के बाद सभी कार्यकर्ताओं को बांदा में डिप्टी सीएम की जनसभा में शामिल होना है। डिप्टी सीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने को मंडल सह योजना बनायी गयी।

बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि डिप्टी सीएम की जनसभा को सफल बनाने को सभी को प्रयास करना है। सभी बूथों में सम्पर्क कर लोगों को जनसभा में चलने का आवाहन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि योग हमारे देश मे अनादिकाल से चला आ रहा हैं। मोदी ने योग दिवस के रुप में पूरी दुनिया में मनाने को 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया है।

चौपाल में एसपी ने महिलाओं को किया जागरूक

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की अध्यक्षता व सीओ मऊ राजकमल की मौजूदगी में महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम रखने की गरज से जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत मानिकपुर थाने के सरैया कस्बे के प्राथमिक विद्यालय में महिला चौपाल लगाई। मंगलवार को चौपाल में एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कहा कि अपने प्रति होने वाले छोटे से छोटे अपराध एवं अन्याय के खिलाफआवाज उठायें। व्यक्तिगत हालात के अनुसार पुलिस हर सम्भव मदद करेगी। महिलाओं के प्रति होने वाले घरेलू, लैंगिक एवं साइबर अपराधों के प्रति सचेत और जागरूक हों। महिलायें अपराध का शिकार बनती हैं तो उस स्थिति में पुलिस तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। इस बाबत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया।

जनसुनवाई के दौरान चैयरमैन रामजी गुप्ता ने सुनी शिकायतें

कानपुर देहात। रूरा नगर पंचायत में मॅगलवार को चैयरमैन रामजी गुप्ता की अध्यक्षता में जनसुनवाई के दौरान लोगों की शिकायतें सुनी गयी। कुल आयी 13 शिकायतों में 4 का ही मौके पर निस्तारण किया गया। कस्बे की समस्याओं की लिये बेहद संवेदनशील नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने नगर पंचायत में जल भराव की समस्या के निदान के लिये नाला निर्माण, नालों की वृहद साफसफाई सहित अनेकों काम शपथ ग्रहण के बाद ही प्रारम्भ कर दिये थे, नगर पॅचायत में लोगों की समस्याओं के मौके पर ही निस्तारण के लिये पिछले मॅगलवार से उन्होंने जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारम्भ किया था, जनसुनवाई में फरियादियों की उमड़ रही भीड से इस कार्यक्रम की सफलता का अॅदाजा खुद ही लगाया जा सकता है, जनसुनवाई के दौरान कुल 13 शिकायतें आयी जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्रमुख रूप से सभासद आशुतोष मिश्रा छोटे भईया, अॅशुल बाजपेई, नगर पॅचायत कर्मी सैनूर अहमद, राजेश रावत, याद कुमार यादव, राजकिशोर वर्मा, आकाश कुशवाहा मौजूद रहे।

दंपति पर घातक हमले में पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

●झाड़ फूंक के चक्कर में हुआ विवाद

●हमले में आधा दर्जन नामजद

हुसैनगंज, फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के उमरापुर मजरे पिलखिनी गांव का मामला है। बताते हैं कि हमले का कारण कुछ दिन पहले तंत्र-मंत्र के चक्कर में विवाद हुआ था। इसी को लेकर रविवार रात गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने घर के बाहर सो रहे सुरेंद्र चंद्र पुत्र छेदा पासवान निवासी उमरापुर व पत्नी रत्नो देवी लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल दिया, परिजनों की सूचना पर रात 12 बजे के करीब स्थानीय पुलिस गांव पहुंची और गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया था, जहां इलाज के दौरान 45 वर्षीय सुरेंद्र चंद्र की बीती रात मौत हो गई। वही पत्नी रत्नो देवी की हालत नाजुक बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने वादी श्याम चंद्र की तहरीर पर अमर सिंह, राम सिंह, बुधराज, धनराज पुत्र प्रभु दयाल निवासी उमरापुर व मिलन और धुन्नी के विरुद्ध विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

योजनाओं से लाभान्वित कर जनता के जीवन में लाएं खुशहालीः नरेंद्र गुप्ता

●नगरीय समाधान दिवस में चेयरमैन ने सुनी जनता की फरियाद

●समाधान दिवस में 39 में से 26 समस्याओं का हुआ निदान

संवाददाता। चित्रकूट

नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी में माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले नगरी समाधान दिवस/जनसुनवाई के क्रम में मंगलवार को चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किये गये नगरी समाधान दिवस में आम जनमानस से प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत, जल निकासी आदि से संबंधित प्राप्त 39 समस्याओं में से 26 समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। साथ ही शेष 13 समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया।

नगर पालिका के सभागार में आयोजित समाधान दिवस में जनता की समस्याओं का निदान करते हुए चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शासन के मंशानुरूप कार्य कर अधिकारी जनता को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें। जनता को बिजली, पानी, सड़क, आवास आदि बुनियादी समस्याओं के लिए चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए नगरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। चेयरमैन ने जनता की समस्याओं का निदान करते हुए नगर पालिका के ईओ से शहर की साफ-सफाई एवं मार्ग प्रकाश व्यवस्था चौकस करने के निर्देश दिये इसके अलावा जल संस्थान के अधिकारियों को शहर वासियों को रोस्टर के मुताबिक जलापूर्ति करने के निर्देश दिये। अलावा शहर में हो रहीं विद्युत कटौती पर नाराजगी जताते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ को शासन के निर्देशानुसार चित्रकूट में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिये।

क्विक न्यूज

एलआईसी द्वारा बिपरजॉय पीड़ितों के लिए राहत की घोषणा

कानपुर। एलआईसी के अध्यक्ष ने श्री सिद्धार्थ महान्ति ने बिपरजॉय चक्रवात से प्रभावित एलआईसी पॉलिसियों एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए रियायतों की घोषणा की है। पूर्व से ही की गई कार्रवाई के चलते जानमाल का नुकसान न्यूनतम हो गया है, हालांकि हम सहायता प्रदान करने के लिए प्रभावित लोगों तक पहुंच रहे हैं। इस संबंध में राज्य सरकार के प्रमुख सचिव या अन्य अधिकारी से संपर्क करने के लिए मंडल स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। दावों को आनलाइन जमा करने के लिए एक पोर्टल लिंक भी बनाया गया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण) भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई की ईमेल डब्लू.डब्लू.डब्लू.एलआईसीइंडिया.इन पर विजिट करें।

राष्ट्रीय कवि डॉ शिवओम अम्बर को मिला मनहर सम्मान

फर्रुखाबाद। वाचिक कविता के शिखर पुरुष प्रसिद्ध मंच संचालक राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर को मंच संचालन के क्षेत्र में नई शैली का प्रवर्तन करने के लिए उन्हें एक लाख रुपए के मनहर सम्मान से सम्मानित किया गया है। बीते दिवस कवि सम्मेलन समिति (दिल्ली) के जोधपुर में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में इस बार पूरे देश में जिले का नाम रोशन करने वाले प्रसिद्ध मंच संचालक राष्ट्रीय कवि डॉ.शिव ओम अंबर को इस बार मंच संचालन के क्षेत्र में नई शैली का प्रवर्तन करने के लिए एक लाख रुपए के मनहर सम्मान से सम्मानित किया गया। विशिष्ट मंच पर सर्वश्री सुरेंद्र शर्मा,अशोक चक्रधर,अरुण जैमिनी,रमेश मुस्कान,चिराग जैन,कुमार विश्वास और शैलेश लोढ़ा आदि ने विभिन्न उपहार देकर उनका अभिनंदन किया।

हलो कृषक कार्यक्रम किसानों के लिये संजीवनी साबित

हमीरपुर। राजकीय नलकूप विभाग के हलो कृषक कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता ने तीन माह में 43 सौ किसानों से बातचीत कर नलकूप संबंधी समस्याओं की जानकारी कर उनका निस्तारण किया,इस मामले की जानकारी सीएम पोर्टल के माध्यम से शासन को रोजाना दी जाती है। विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि किसानों से राजकीय नलकूप संबंधी जानकारी करने के लिये हलो कृषक कार्यक्रम 14 अप्रैल से संचालित किया जा रहा है,इस कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता क्रमवार ब्लाक से रोजाना बीस किसानों से राजकीय नलकूपों से संबंधित जानकारी कर उनको पंजिका में दर्ज किया जाता है।और एक निश्चित अवधि में समस्या को हल कर किसानों से फिर जानकारी की जाती है। अब तक यानी 14 जून तक 43 सौ किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा चुका है।

योग दिवस पर प्रधानमंत्री ने लिखा ग्राम प्रधानों को भेजी पाती

रामपुरा, जालौन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम प्रधानों को गांव-गांव और घर-घर तक लोगों को योग दिवस के संदर्भ में जागरूक करने के लिए बकायदा एक पत्र लिखा है। बता दें कि 21 जून को देशभर में 9 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है जिसको लेकर जन-जन की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री ने देश की जनता का आह्वान करते हुए कहा है कि सभी को मिलकर एक स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण करना है। संस्कृति और संस्कारों में योग सदियों से रचा बसा है। प्रधानमंत्री के पत्र में कहा गया है कि शरीर को स्वस्थ रखो, क्योंकि स्वस्थ शरीर से ही सभी कर्म व धर्म संपन्न होते हैं। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि स्वस्थ समाज निर्माण के इस महायज्ञ में सभी ग्रामीण भाई-बहन योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अपनी ओर से हार्दिक बधाई भी दी है।

कटन की मौत पर आधा दर्जन पर एफआई आर

फर्रुखाबाद। युवक की संदिग्ध हालत में मौत होनें के 6 दिन बाद आखिर पुलिस नें आरे प्लांट संचालक सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है । पुलिस मामले की विवेचना कई बिन्दुओं पर कर रही है। कादरी गेट थाना क्षेत्र के पजावा बिर्रबाग कादरी गेट निवासी चंदन सक्सेना के पुत्र करन की बीते 14 जून को संदिग्ध हालत में मौत हो गयी थी । जिसके बाद परिजनों नें हत्या का आरोप लगाया था । पुलिस नें उसके बाद भी एफआईआर दर्ज नही की। बीती रात पुलिस को परिजनों नें आरोपियों के साथ जाते हुए करन का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दिया।

ग्रीष्मावकाश समाप्त होते ही परिषदीय विद्यालयों का शिक्षण कार्य होगा तेज

●93 शिक्षक, शिक्षिकाएं जिले से होंगी गैर जनपदों में स्थानांतरित

●विद्यालय आरंभ से पूर्व ही अभिभावकों के खातों में पहुंचा यूनिफार्म का पैसा

संवाददाता। कोंच, जालौन

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में भले ही नवीन शिक्षण सत्र की शुरुआत अप्रैल माह से ही कराई जा चुकी हो लेकिन ग्रीष्मावकाश के चलते शिक्षण कार्य अभी थमा हुआ है लेकिन जैसे ही ग्रीष्मावकाश समाप्त होंगे और जुलाई महीने से कक्षाओं का संचालन प्रारंभ होगा बेसिक शिक्षा विभाग के आला अफ्सर शिक्षण कार्य की रफ्तार को बढ़ाने की दिशा में अभी से ही मुस्तैद होते नजर आ रहे हैं। इस बार यह भी खास बात देखी गई की बेसिक शिक्षा विभाग में बीते कई सत्रों से हटकर छात्र-छात्राओं की यूनिफार्म के लिए उनके अभिभावकों के खातों में पैसा स्थानांतरित कर दिया है तो वही नवीन शिक्षण सत्र के तहत 93 अध्यापक अध्यापकों की गैर जनपदों में स्थानांतरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ होने की स्थिति में है बताया जाता है कि 15 जुलाई तक इसे भी पूर्ण करा लिया जाएगा।

गौरतलब हो कि इस बार शासन द्वारा ग्रीष्मावकाश के लिए पूर्व में 15 जून तक निर्धारित किया गया था लेकिन बाद में उसे बढ़ाकर 26 जून कर दिया गया है इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार की माने तो उनका कहना है कि यदि शासन से कोई निर्देश नहीं मिलते हैं तो ग्रीष्मावकाश 26 जून को समाप्त हो जाएगा और 27 जून से परिषदीय विद्यालयों का संचालन कराया जाएगा उन्होंने लोक भारती के साथ हुई वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जनपद से 93 शिक्षक शिक्षिकाओं ने गैर जनपदों में तबादले के लिए आवेदन किए हैं उन्हें संभव है 15 जुलाई तक स्थानांतरित कराने की प्रक्रिया पूरी होगी।

उनका कहना है कि परिषदीय विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर वह किसी भी तरह की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हर हाल में अवकाश समाप्त होने के बाद से ही विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ कराया जा सके इसके लिए भी उन्होंने रूपरेखा तय करनी है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में वितरित की जाने वाली पुस्तकों के संदर्भ में बताया कि शासन द्वारा मिलने वाली पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं और जनपद के सभी विद्यालयों में उन्हें अतिशीघ्र भेज दिया जाएगा।

दो शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में, बाइकें बरामद

उरई, जालौन। कोतवाली पुलिस ने चोरी की आधा दर्जन मोटर साइकिलों के जखीरे के साथ दो लोग गिरफ्तार कर लिये जबकि दबिश के दौरान उनका एक साथी चकमा देकर भाग निकला। गत 12 जून को उमरारखेरा के देशी शराब के ठेके के बाहर खड़ी एक मोटर साइकिल चोरी चली गयी थी जिसकी तलाश में पुलिस जुटी थी। सुराग लगने पर प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार राठौर के नेतृत्व में घेराबंदी करके पुलिस ने 22 वर्षीय अर्जुन तिवारी निवासी मरघटा के पीछे नया पाठकपुरा और अमन उर्फ बॉबी जाटव निवासी कोंच बस स्टैण्ड के पीछे को पकड़ा जबकि उनका साथी राकेश अहिरवार निवासी स्वर्गधाम के पीछे भाग निकला। उनकी निशानदेही पर आधा दर्जन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुयीं जिनके नंबर बदलकर नये नंबरों की प्लेट गुमराह करने के लिये लगा दी गयी थी। बॉबी दोदांत अपराधी है जिसके खिलाफ चोरी आदि के एक दर्जन मुकदमे कायम हैं। अर्जुन तिवारी के खिलाफ भी तीन मुकदमे पता चले।

नगर पंचायत बोर्ड की प्रथम बैठक में 16 करोड़ का बजट हुआ पारित

असोथर, फतेहपुर। नगर पंचायत असोथर की बोर्ड की प्रथम बैठक में नगर विकास हेतु सर्वसम्मति से 16 करोड़ का प्रस्ताव पारित किया गया। पहली बोर्ड की बैठक से पंचायत अध्यक्ष व सभासदों के कार्यभार की शुरुआत हो चुकी है। बोर्ड बैठक में नगर से लेकर मोहल्लों तक कि विभिन्न समस्याओं का मुद्दा छाया रहा। प्रमुख समस्या जल निकासी और पेयजल के लिए बोर्ड जल्द ही कदम उठाएगी। मंगलवार को नगर पंचायत में स्थित बीआरसी भवन में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता व नवनिर्वाचित चेयरमैन नीरज सिंह सेंगर की मौजूदगी में बोर्ड की प्रथम बैठक हुई। जिसमें 16 करोड़ का बजट पास किया गया। जिसमें नगर पंचायत असोथर को स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर वन बनाने को लेकर प्रयास किए जायेगे साथ ही सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़ा कलेक्शन किया जायेगा। नगर के विकास का कार्य का बजट 16 करोड़ रूपए रखा गया है। जिसमे से पेयजल, जल निकासी, गौशाला निर्माण, नाला नाली निर्माण और सड़को का नवीनीकरण की जाएगी और सभी वार्डो के लिए स्वागत द्वार तैयार कराए जायेगे और खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मती करण का कार्य किया जायेगा।

पेज एक का शेष

विश्व मंच...

को देखिए। क्या यह वास्तव में लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज का प्रतिनिधित्व करते हैं? अफ्रीका जैसी जगह... क्या इसकी कोई आवाज है? भारत की इतनी बड़ी आबादी है और यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान है, लेकिन क्या यह मौजूद है? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का हिस्सा बनने की भारत की इच्छा पर प्रधानमंत्री ने दुनिया भर में शांति अभियानों में सैनिकों के योगदानकर्ता के रूप में देश की भूमिका की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि परिषद की मौजूदा सदस्यता का मूल्यांकन होना चाहिए और दुनिया से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह चाहती है कि भारत वहां रहे? अमेरिकी अखबार ने कहा कि भारत सरकार ने शिक्षा और बुनियादी ढांचे में काफी निवेश किया है और इससे उसे फायदा होने की उम्मीद है क्योंकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां भू-राजनीतिक तनाव के दौर में विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाना चाहती हैं। मोदी ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि हम भारत को किसी देश की जगह लेने के रूप में नहीं देखते हैं। हम इस प्रक्रिया को भारत के दुनिया में अपना सही स्थान हासिल करने के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया पहले से कहीं अधिक परस्पर जुड़ी हुई और एक दूसरे पर निर्भर है। लचीलापन पैदा करने के लिए, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक विविधीकरण होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका जन्म स्वतंत्र भारत में हुआ है और यही कारण है कि उनकी विचार प्रक्रिया, उनका आचरण या फिर वह जो कहते और करते हैं, वह देश की विशेषताओं और परंपराओं से प्रेरित और प्रभावित है। उन्होंने कहा, मुझे इससे अपनी ताकत मिलती है। मैं अपने देश को दुनिया के सामने वैसे ही पेश करता हूं जैसा मेरा देश है, और खुद को भी, जैसा मैं हूं।

प्रधानमंत्री पहुंचे...

का नेतृत्व करेंगे। न्यूयॉर्क से मोदी वाशिंगटन डीसी जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति बाइडन के साथ वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि सितंबर 2021 में उनकी अमेरिका की पिछली आधिकारिक यात्रा के बाद से उन्हें और राष्ट्रपति बाइडन को कई बार मिलने का अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन और अन्य वरिष्ठ अमेरिकी नेताओं के साथ उनकी बातचीत द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ जी-20, क्वाड (चार पक्षीय सुरक्षा संवाद) और आईपीईएफ (समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचा) जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

कुकी के...

ने कहा कि मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) के दर्जे की मांग संबंधी मूल मामले की सुनवाई 17 जुलाई तक स्थगित की गई है। यह दलील देते हुए कि आदिवासियों को छोड़ा नहीं जा सकता, गोंजाल्विस ने कहा कि तब तक 50 और लोग मारे जा चुके होंगे। पीठ ने गोंजाल्विस से पूछा, यह गणना आपने कैसे की है? इसके साथ ही न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख तय की। मणिपुर ट्राइबल फोरम ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार और मणिपुर के मुख्यमंत्री संयुक्त रूप से पूर्वोत्तर राज्य में कुकी आदिवासियों की जातीय संहार के उद्देश्य से एक सांप्रदायिक एजेंडे पर चल रहे हैं।

केंद्रीय बलों...

और आंकड़े धारणाओं से अलग होते हैं। उच्च न्यायालय ने 15 जून को राज्य निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया था कि पंचायत चुनाव के लिए पूरे पश्चिम बंगाल में 48 घंटे के अंदर केंद्रीय बलों की मांग की जाए और उन्हें तैनात किया जाए। अदालत ने कहा था कि उसने चुनावी प्रक्रिया के लिए 13 जून को संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय बलों को तैनात करने का आदेश दिया था, लेकिन तभी से कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाया गया। उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी की याचिकाओं पर राज्य निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया था कि राज्य के उन सभी जिलों में केंद्रीय बलों को तैनात करने की मांग की जाए, जहां आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान हिंसा देखी गई।

आतंकी साजिद...

प्रगति के आकलन में यह मुद्दा एक प्रमुख बाधा बन गया। मीर पाकिस्तान स्थित लश्कर का वरिष्ठ सदस्य है और नवंबर 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के लिए वांछित है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है, मीर हमलों के लिए लश्कर-ए-तैयबा का संचालन प्रबंधक था, जो उसकी साजिश, तैयारी और अंजाम देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा था। पाकिस्तान का सदाबहार दोस्त चीन यूएनएससी की प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों को काली सूची में डालने की प्रक्रिया में बार-बार अड़ंगा लगा रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मीर लगभग 2001 से लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य है। साल 2006 से 2011 तक, मीर लश्कर के बाहरी अभियानों का प्रभारी था और उसने समूह की ओर से विभिन्न आतंकवादी हमलों की साजिश रची और इसे अंजाम देने में भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, मीर ने 2008 और 2009 के बीच डेनमार्क में एक अखबार के कर्मचारियों के खिलाफ आतंकवादी हमले की साजिश रची। मुंबई हमलों में उसकी भूमिका के लिए, मीर को अप्रैल 2011 में अमेरिका में आरोपी ठहराया गया था। अगस्त 2012 में, अमेरिकी कोषागार विभाग ने मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में घोषित किया।

योगा मैट...

प्रदान करती हैं। जैसे पश्चिम बंगाल की गर्म और आर्द्र जलवायु में ये चटाई बड़ी लाभदायक होती हैं, क्योंकि इनमें पसीना सोखने का असाधारण गुण होता है। इसके अतिरिक्त, वे धार्मिक अनुष्ठानों और प्रथाओं में भी बहुत महत्व रखती हैं। इसी तरह, सबई ग्रास योग मैट (चटाई) ओडिशा के मयूरभंज के आदिवासियों और उनके आसपास के हरे-भरे परिदृश्य का प्रतिनिधित्व करती दिखती है। संथाल समुदाय की प्राकृतिक सामग्रियों और कलात्मक परंपराओं को समेटे हुए ये मैट लोगों को शांत और पर्यावरण के अनुकूल योग अनुभव प्रदान करते हैं। उड़ीसा के मयूरभंज में गोहलडीही गांव की बथुडी जनजाति की सदस्य उषारानी नाइक और मयूरभंज के बेटनोटी गांव के बथुडी जनजाति के सदस्य गुरुचरण नाइक योग चटाई बनाने के माहिर कारीगर हैं। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम में पोटका ब्लॉक में आदिवासी कारीगर चटाई बनाने के लिए गोंधा घास का इस्तेमाल करते हैं, जिसे महिलाएं नदी किनारे और बंजर भूमि से काटकर लाती हैं। गोंधा घास के साथ सूती धागे का उपयोग कर खूबसूरत व आरामदायक चटाई ही नहीं, बेहतरीन बैग, कवर एवं अन्य घरेलू सामान भी बनाए जाते हैं।

जेसीबी से काम करा मिटा दिए निशान

संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम मदारपुर में ग्राम प्रधान ने तालाब खुदायी में मजदूरों से काम न कराकर जेसीबी मशीन से काम कराने के बाद दो दर्जन से अधिक बाल श्रमिक लगाकर मशीन के निशान मिटा देने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक मौदहा ब्लाक में ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार रोजाना सामने आ रहे है। हालाकि जांच में अधिकारी खानापूरी कर देते है। इस तालाब खुदाई कार्य में मंगलवार को 183 मजदूरों की हाजिरी दिखाई गई है लेकिन मौके पर मात्र 19 मजदूर काम करते हुए पाए गए। वहीं काम करने वालों में आधा दर्जन नाबालिग लड़कियां व लड़कें मौजूद थे जो अपने माता-पिता की जगह काम कर रहे थे। हालांकि कुछ मजदूर ऐसे भी थे जो अपनी दुकानों में बैठकर दुकान का सामान भी बेचते मिले तथा कागजों में मनरेगा में काम भी करते दिखाई दिए। वहीं ग्राम रोजगार सेवक व पंचायत मित्र की मां कागजो में काम करती मिलीं। जैसे ही मामले का खुलासा हुई वैसे ही ग्राम प्रधान ने गांवों से बाल श्रमिकों को बुलाकर खुदायी में मशीन के चिंह मिटा दिये है। मामले की जानकारी होते ही बीडीओ भैरव प्रसाद ने मामले की जांच करने को कहा है। यह मामला पूरे प्रशासनिक अमले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

यूक्रेन ने रूस के 35 ड्रोन में से 32 को मार गिराया

भाषा। कीव

यूक्रेन के हवाई सुरक्षा बल ने मंगलवार तड़के रूस द्वारा छोड़े गए 35 शाहिद विस्फोटक ड्रोन में से 32 को मार गिराया, जिनमें से अधिकांश कीव क्षेत्र में थे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। इस ड्रोन हमले ने पिछले 16 महीने से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद कीव की हवाई सुरक्षा प्रणाली की खामियों को उजागर किया है। अधिकारियों ने कहा कि रूसी सेना ने लगभग तीन घंटे तक चलने वाले ड्रोन हमले में ज्यादातर यूक्रेनी राजधानी के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाया, लेकिन क्षेत्र में यूक्रेन की वायुसेना ने उनमें से लगभग दो दर्जन को मार गिराया। यह हमला यूक्रेनी क्षेत्रों की व्यापक बमबारी का हिस्सा था जो पोलैंड के पास देश के पश्चिम में ल्वीव क्षेत्र तक फैला हुआ था। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनत ने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र को कवर करने में वायु रक्षा परिसंपत्तियों की असमर्थता के कारण शहीद ड्रोन ल्वीव तक पहुंच गए। उन्होंने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियां ज्यादातर प्रमुख शहरों, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों सहित प्रमुख बुनियादी केंद्रों और अग्रिम पंक्ति की सुरक्षा के लिए हैं। ल्वीव के गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की के अनुसार ल्वीव क्षेत्र में, रूस ने एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जिससे वहां आग लग गई। रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से यूक्रेन के दक्षिणी ज़ापोरिज़ज़िया क्षेत्र पर भी हमला किया।यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को उसके पश्चिमी सहयोगियों के परिष्कृत हथियारों से मजबूत किया गया है, जिससे हाल में होने वाले ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम करने में काफी सफलता मिली है।इससे पहले, रूस द्वारा सर्दियों की बमबारी में यूक्रेन की बिजली आपूर्ति को नुकसान पहुंचा था, हालांकि तेजी से मरम्मत ने क्रेमलिन के प्रयास को कुंद कर दिया। यूक्रेनी सशस्त्र बल के कमांडर-इन-चीफ वैलेरी ज़ालुज़नी ने कहा कि पिछले साल फरवरी से रूसी कब्जे में गए इलाकों को वापस अपने नियंत्रण में लेने की यूक्रेनी सेना की आक्रामक जवाबी कार्वाई के चलते ड्रोन हमले किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वी यूक्रेन में बखमुत, लिमन, अवदीवका और मरिंका के आसपास भीषण लड़ाई जारी है। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, रूस ने पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र के 5 शहरों और गांवों में हमले किए, जिससे पांच नागरिक घायल हुए हैं।

यूक्रेन और व्यापार के मुद्दे पर तनाव के बीच जर्मनी और चीन में उच्चस्तरीय वार्ता

बर्लिन। पद ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर जर्मनी पहुंचे चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने मंगलवार को जर्मन चांसलर ओल्फ शोल्ज से मुलाकात की। इस दौरान वार्ता के एजेंडे में व्यापार, जलवायु परिवर्तन और यूक्रेन युद्ध के मुद्दे प्रमुख से शामिल रहे। यह सातवीं बार है जब बर्लिन में जर्मनी और चीन के बीच उच्च स्तरीय वार्ता हुई है और दोनों देशों के नेताओं की यह बैठक चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से हुई मुलाकात के एक दिन बाद हुई है जिससे संकेत मिलता है कि बीजिंग अपने संबंधों को सुधारने के लिए पश्चिमी देशों तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रहा है। शंघाई के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के पूर्व सचिव रहे ली इस साल मार्च में देश के दूसरे शीर्ष अधिकारी के पद पर आसीन हुए। उन्होंने सोमवार को जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टेनमीयर से मुलाकात की और औपचारिक वार्ता से पहले शोल्ज द्वारा चांसलरी में दिए रात्रि भोज में शामिल हुए। जर्मनी अपने सबसे बड़े कारोबारी साझेदार चीन के यूक्रेन के मुद्दे पर रूस की आलोचना करने से इनकार के बावजूद उससे बेहतर संबंध स्थापित करने का इच्छुक है। जर्मनी ने हाल में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति प्रकाशित की थी जिसमें चीन का उल्लेख साझेदार, प्रतिस्पर्धी और व्यवस्थागत प्रतिद्वंद्वी के तौर पर किया गया है। शोल्ज ने कहा कि वह चीनियों पर अति-निर्भरता से बचना चाहते हैं और जर्मनी को आपूर्ति किए जाने वाले अहम सामान के आपूर्तिकर्ताओं में विविधता लाना चाहते हैं। उन्होंने इसे चीन से अलग होने के बजाय उसके जोखिम कम करना बताया है।

संयुक्त राष्ट्र ने एकजुटता पौधा रोपकर 26-11 के मुंबई हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद के शिकार लोगों की याद में आयोजित एक समारोह में एकजुटता पौधा रोपकर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को भी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय दौरे के एक दिन पहले यह आयोजन किया गया। तीसरा संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक सप्ताह सोमवार को यहां शुरू हुआ जिसमें संयुक्त राष्ट्र ने एकजुटता पौधा रोपा। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ ईस्ट लॉन में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा के पीछे यह पौधा लगाया जाता है। यह प्रतिमा भारत ने संयुक्त राष्ट्र को भेंट की थी और सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान दिसंबर 2022 में स्थापित की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। पौधा रोपण समारोह में 26।11 के मुंबई आतंकी हमले में जीवित बचे करमबीर कांग ने उस भयावह घटना की स्मृतियां साझा कीं।

विवक न्यूज

अटलांटिक महासागर में लापता सबमर्सिबल की तलाश जारी, टाइटैनिक के मलबे वाली जगह जा रहा था

बोस्टन। अटलांटिक महासागर के एक सुदूर क्षेत्र में बचाव दल के सदस्यों ने उस लापता सबमर्सिबल की तलाश में मंगलवार सुबह संघर्ष किया जिस पर पांच व्यक्ति सवार हैं। ए लोग एक सदी से भी अधिक समय पहले डूबे जहाज टाइटैनिक के मलबे का दस्तावेजीकरण करने के अभियान पर थे। कार्बन-फाइबर सबमर्सिबल का नाम टाइटन है, जो ओशनगेट एक्सपेडिशंस के एक अभियान का हिस्सा है। इस पर इसके चालक के अलावा, ब्रिटेन के एक प्रसिद्ध साहसी, एक पाकिस्तानी उद्योग घराने के दो सदस्य और एक अन्य यात्री सवार है। हालांकि, समय गुजरने के साथ ही टाइटन के चालक दल के लिए जोखिम भी बढ़ रहा है। ओशनगेट के सलाहकार डेविड कॉनकैनन के अनुसार, रविवार को सुबह 6 बजे जब यह सबमर्सिबल समुद्र में छोड़ा गया तो इसमें 96 घंटे ऑक्सीजन की आपूर्ति थी। टाइटन की खोज करने के अभियान में अमेरिका का कोस्ट गार्ड भी शामिल है। इसके एक कमांडर रियर एडमिरल जॉन माउगर ने कहा, यह एक दुरूह क्षेत्र है और उसमें खोज करना एक चुनौती है।

वर्ल्ड म्यूजिक डे का मनेगा जश्न

नई दिल्ली। देश की सीमाओं को पार करते हुए और दुनियाभर के दर्शकों को आकर्षित करने वाले, पाकिस्तानी ड्रामा के साउंड्ट्रैक लोकप्रिय संस्कृति का एक हिस्सा बन गए हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर इन्हें लाखों व्यूज़ प्राप्त हुए हैं और इसे प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा पेश किया गया है जिन्होंने अपने अनोखे अंदाज़ में इन साउंड्ट्रैक्स को पेश किया है। ज़िंदगी चैनल इन लोकप्रिय शो और साउंड्ट्रैक्स का प्रसारण करता रहा है जो लोगों को जोड़ने और भावनाओं को जगाने में संगीत की ताकत के साक्षी हैं। ऐसे में जब हम वर्ल्ड म्यूज़िक डे का जश्न मना रहे हैं, तो संगीत की सर्वव्यापी भाषा को समर्पित इस विशेष दिन पर आपका हेडफ़ोन थाम लीजिए, वॉल्यूम तेज़ करें और संगीत को आपको भावनाओं के विश्व की सैर पर ले जाने दें। उस्ताद राहत फतेह अली खान ने 'मेरे पास तुम हो' के एक सुरीले टाइटल सॉन्ग के रूप में अपने प्रशंसकों को एक और मास्टरपीस दिया है । इसका संगीत तैयार किया है नावीद नशद ने और इसे लिखा है खलील-उर-रहमान क़मर ने। जहाँ एक ओर आएज़ा खान, हुमायूँ सईद और अदनान सिद्दीकी अभिनीत यह शो सारी दुनिया में हिट रहा है, वहीं इसका गाना भी भावपूर्ण लिरिक्स, दिल को छू लेने वाले संगीत और राहत फतेह अली खान की बेहतरीन आवाज़ के कारण न सिर्फ पाकिस्तान में बल्कि सीमा पार भारत में और दुनिया के अन्य हिस्सों में भी बहुत मशहूर हुआ है।

चीन ने पाकिस्तान में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

इस्लामाबाद। चीन ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के पंजाब सूबे में 4.8 अरब डॉलर की लागत से 1200 मेगावाट क्षमता का एक परमाणु संयंत्र लगाने के लिए मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। चीन ने यह करार दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने के संकेत के तौर पर किया है। समझौते पर हस्ताक्षर करने के मौके पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। समझौते के तहत चीन पंजाब के मियांवाली जिले के चश्मा में 1200 मेगावाट क्षमता के एक चश्मा-ङ्क परमाणु संयंत्र की स्थापना करेगा। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने संबोधन में परमाणु संयंत्र समझौते को चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग का प्रतीक करार दिया और संकल्प लिया कि इस परियोजना को बिना देरी के पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इस पर काम बिना देरी के शुरू करेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता ने इसके साथ ही पूर्ववर्ती इमरान खान सरकार को बिजली परियोजनाओं मे देरी के लिए आड़े हाथ लिया।

पाकिस्तान में झूठी शान के नाम पर दो किशोरियों एवं एक पुरुष की हत्या, एक के नाक-कान काटे

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अलग-अलग घटनाओं में झूठी शान के नाम पर दो किशोरियो एवं एक पुरुष की कथित रूप से हत्या कर दी गई जबकि एक व्यक्ति के नाक-कान काट डाले गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में पंजाब में राजधानी लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर सरगोधा जिले में नसीर अहमद को अपनी 19 वर्षीय बेटी पर अपने ही क्षेत्र के मुख्तार से प्रेम-संबंध का संदेह था। पुलिस ने कहा, सोमवार को अहमद ने पहले अपने घर मे अपनी बेटी की हत्या कर दी गई और फिर वह मुख्तार के यहां गया एवं उसे चाकू घोपकर मार डाला। पुलिस के अनुसार अहमद ने बाद में आत्मसमर्पण कर दिया।एक अन्य घटना मे यहां से करीब 170 किलोमीटर दूर चिनियोट मे अहमद शेर ने परिवार की इज्जत को ठेस पहुंचाने को लेकर अपनी बहन (18) की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार अहमद ने बहन की हत्या करने के बाद उसका शव नाली मे फेंक दिया।पुलिस के अनुसार शेर ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि वह तो अपनी बहन के प्रेमी की भी जान लेना चाहता था लेकिन वह युवक उसे शहर मे नही मिला।

आपातकालीन कोष जुटाने के लिए पाकिस्तान सरकार कराची बंदरगाह को यूएई को सौंप सकती है : रिपोर्ट

इस्लामाबाद। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान ने आपातकालीन निधि जुटाने के मद्देनजर अपने कराची बंदरगाह टर्मिनल को संयुक्त अरब अमीरात को सौपने के लिए एक समझौते को अंतिम रूप देने के वास्ते वार्ता समिति का गठन किया है। मीडिया मे मंगलवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान ने आईएमएफ की ओर से रोके गए कर्ज की बहाली से जुड़ी अनिश्चितता के बीच यह कदम उठाया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, वित्त मंत्री इशाक डार ने सोमवार को अंतर-सरकारी वाणिज्यिक लेनदेन पर कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक मे कराची पोर्ट ट्रस्ट (केपीटी) और यूएई सरकार के बीच एक वाणिज्यिक समझौते पर बातचीत करने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। खबर के मुताबिक, एक रूपरेखा समझौते को अंतिम रूप देने के लिए गठित वार्ता समिति की अध्यक्षता समुद्री मामलो के मंत्री फैसल सब्जवारी करेंगे।

यूरोप, अमेरिका ने चैटजीपीटी की जांच का आग्रह किया

लंदन। यूरोपीय संघ के उपभोक्ता संरक्षण समूहों ने मंगलवार को नियामकों से आग्रह किया कि चैटजीपीटी जैसी कृत्रिम मेधा (एआई) वाली प्रणालियो के प्रकार की जांच की जाए। तेरह समूहों ने एक समन्वित प्रयास मे अपने राष्ट्रीय उपभोक्ता, डेटा संरक्षण, प्रतिस्पर्धा और उत्पाद सुरक्षा प्राधिकरणों को पत्र लिखकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में कई तरह की चिंताओं का उल्लेख किया। उपभोक्ता समूहों के एक गठबंधन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखकर उपभोक्ताओं को जनरेटिव एआई के कारण होने वाले संभावित नुकसान से बचाने के लिए कार्वाई करने के लिए कहा।

यूरोपियन मानकों के अनुसार बने लिफ्ट

मुंबई। भारत के सबसे बड़े होम लिफ्ट ब्राण्ड निबाव होम लिफ्ट्स ने लखनऊ में अपने पहले प्रमुख एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन कर वहाँ अपने प्रवेश की घोषणा की है। यूरोपियन मानकों के अनुसार इंजीनियर की गईं होम लिफ्ट्स को निबाव इंस्टाल कर रहा है और वे हर घर में जीवन की गुणवत्ता को बदलने के लिये काम कर रही हैं, ताकि घरों के मालिक स्थायित्वपूर्ण एवं पर्यावरण के अनुकूल होम लिफ्ट अपना सकें। निबाव के पेटेंटेड होम एलीवेटर्स पारंपरिक हाइड्रोलिक सिस्टम्स से कम बिजली का इस्तेमाल करते हैं और उद्योग में अग्रणी खूबियों के साथ आते हैं, जैसे कि जीरो सिविल वर्क, 360 एपेनोरेमिक व्यूज, ग्रीस लेस टेक्नोलॉजी और व्हीलचेयर कम्पेटिबिलिटी। इस मौके पर अपनी बात रखते हुए, निबाव होम लिफ्ट्स के सीईओ एवं संस्थापक विमल बाबू ने कहा, हमें अपने पहले फ्लैगशिप एक्सपीरियंस सेंटर को लॉन्च करने की बड़ी खुशी है।

कनाडा में नदी के पास मिला शव लापता भारतीय छात्र का

टोरंटो। कनाडा पुलिस को एक शव मिला है, जिसके बारे मे अधिकारियो का मानना है कि यह गुजरात के 20 वर्षीय उस छात्र का है, जो पिछले सप्ताह लापता हो गया था। यह शव रविवार शाम मैनिटोबा प्रांत मे ब्रैंडन सिटी के पूर्व मे एसिनिबोइन नदी और राजमार्ग 110 पुल के पास मिला था। सीबीसी न्यूज ने सोमवार को बताया कि विषय पटेल के परिवार के सदस्यों ने ब्रैंडन पुलिस को शनिवार को सुबह उसके (पटेल के) लापता होने की सूचना दी थी। पटेल के परिवार के सदस्यो ने इलाके मे उसकी तलाश की और रविवार शाम एसिनिबोइन नदी तथा राजमार्ग 110 पुल के पास उसके कपड़े पाए।

हंटर बाइडन अवैध रूप से हथियार रखने के मामले में आरोपित

वाशिंगटन। अमेरिका के डेलावेयर की एक जिला अदालत मे दायर आरोप पत्र मे राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर पर संघीय आयकर का भुगतान करने मे विफल रहने और अवैध रूप से हथियार रखने का आरोप लगाया गया है, हालांकि उन्होंने न्याय विभाग के साथ एक समझौता कर लिया है। मंगलवार को सार्वजनिक किए गए समझौते के हिस्से के रूप मे हंटर बाइडन कर अपराधो के लिए गुनाह कबूलेंगे और मादक द्रव्य के उपयोगकर्ता के रूप में अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के आरोप मे उनके (हंटर के) अभियोजक के साथ एक समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है। अदालत मे आरोप पत्र दायर करते समय किसी संघीय अपराध मामले का समाधान किया जाना कुछ असामान्य है, हालांकि यह पूरी तरह से अनसुना नही है। यह समझौता बाइडन के दूसरे बेटे की न्याय विभाग द्वारा लंबे समय से की जा रही जांच को समाप्त करेगा। हंटर ने 2015 मे अपने भाई ब्यू बाइडन की मौत के बाद नशे की लत से जूझना स्वीकार किया है। यह समझौता एक ऐसे मुकदमे को भी टालता है।

पीएम मोदी आज संरा मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे

संयुक्त राष्ट्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर एक ऐतिहासिक समारोह में एक अनोखे योग सत्र का नेतृत्व करेंगे, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी, दुनिया भर के राजदूत और प्रमुख व्यक्ति भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर मोदी अपनी अमेरिकी यात्रा के पहले चरण में न्यूयॉर्क में होंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वार्षिक आयोजन के रूप में चिह्नित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से पहली बार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रस्तावित किए जाने के नौ साल बाद भारतीय नेता पहली बार संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इस दिन के ऐतिहासिक आयोजन में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया कि इस वर्ष योग उत्सव एक बहुत ही अनोखा अवसर होगा क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी थे जिन्होंने यह दृष्टि दी थी और उनके नेतृत्व ने यह सुनिश्चित किया कि हर साल 21 जून वर्ष को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। कांबोज ने कहा, इसलिए करीब नौ साल बाद, उस नजरिए को पेश करने वाला संयुक्त राष्ट्र आया है। उन्होंने कहा कि अब योग दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अनिवार्य अवसर है। उन्होंने कहा, इसलिए दूरदर्शी नेता और संयुक्त राष्ट्र दोनों का एक साथ आना, मुझे लगता है अपने आप में बहुत अनूठा है। उन्होंने कहा कि योग कार्यक्रम बहुत अधिक प्रत्याशा और उत्साह पैदा कर रहा है और इसे बहुत ज्यादा अपनाया जा रहा है। कांबोज ने कहा, अंर्ताष्ट्रीय मान्यता बहुत अधिक है। इसे लेकर बहुत रुचि है जो अपने आप है। मैं कहूंगी, प्राचीन भारतीय अभ्यास योग सभी सीमाओं को पार कर गया है और यह एक वैश्विक घटना बन गया है। कांबोज ने कहा कि तथ्य यह है कि मंच पर योग करने वाले बच्चे बहुत ही अनोखे होंगे।

अमेरिका: संसद के संयुक्त सत्र के संबोधन के लिए मोदी को मंच तक लेकर जाएंगे सांसद थानेदार

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जून को जब अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने पहुंचेंगे तो उस वक्त भारतीय अमेरिकी सांसद श्री थानेदार उन्हें मंच तक लेकर जाएंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता थानेदार संसद में मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 22 जून को प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में आयोजित राजकीय रात्रिभोज के लिए भी आमंत्रित किया है।यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले उन्होंने 2016 में अमेरिकी संसद को संबोधित किया था।

मोदी की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत संदेश देती है: यूएसआईएसपीएफ

वाशिंगटन। भारत-अमेरिका संबंधों के हिमायती एक समूह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका में विभिन्न हितधारकों के साथ संबंध बनाने में सक्षम हैं और उनकी राजकीय यात्रा यह मजबूत संदेश देती है कि दोनों लोकतंत्रों के द्विपक्षीय संबंध अहम हैं तथा यह 21 वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी है। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की राजकीय यात्रा करेंगे। इस सिलसिले में वह अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका यात्रा कर रहे हैं।अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के चेयरमैन जॉन चैंबर्स ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका में फिर से स्वागत करना सम्मान की बात है। वह डिजिटल इंडिया को लेकर और देश के प्रत्एक नागरिक तक उन फायदों को पहुंचाकर दुनियाभर में हम जैसे कई लोगों के लिए आदर्श रहे हैं। मोदी अमेरिका में विभिन्न हितधारकों के साथ रिश्ते बनाने में सक्षम हैं और वह परस्पर सफलता के पहलू पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

मैक्रों ने यूरोप से अपनी वायु रक्षा प्रणाली विकसित करने और अमेरिका पर निर्भर न रहने का आग्रह किया

भाषा। पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को यूरोपीय देशों का आह्वान किया कि हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ाएं और अमेरिका पर बहुत ज्यादा निर्भर नहीं रहें। मैक्रों ने 20 यूरोपीय देशों के रक्षा मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों के पेरिस में आयोजित एक सम्मेलन के समापन भाषण में यूरोप के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अपनी खुद की रक्षा प्रणाली विकसित करने की वकालत की। फ्रांसीसी आयोजकों ने कहा कि बैठक में ड्रोन रोधी युद्ध और बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली पर चर्चा की गई। इसके अलावा यूक्रेन पर रूस के बड़े स्तर के हमले के बाद इस तरह के उपकरणों के महत्व और प्रभावशीलता पर भी संज्ञान लिया गया। उन्होंने बताया कि बैठक के एजेंडे में परमाणु हथियारों के निवारण का विषय भी शामिल था। मैक्रों ने कहा, "हमें यह जानने की जरूरत है कि हवाई क्षेत्र के खतरे की स्थिति क्या है। और फिर, हम यूरोपीय क्या क्या उत्पादन करने में सक्षम हैं? और फिर हमें क्या खरीदने की जरूरत है? उन्होंने कहा, हमें अब भी अक्सर अमेरिकी सामान खरीदने की जरूरत क्यों पड़ती है? क्योंकि अमेरिकियों ने हमारे मुकाबले इन चीजों को बहुत ज्यादा मानकीकृत किया है।

बच सकता है तीन करोड़ टन से अधिक का कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन

ऑल-इलेक्ट्रिक घर जेब और ग्रह के लिए बेहतर

भाषा। मेलबर्न

यदि गैस का उपयोग करने वाले प्रत्एक ऑस्ट्रेलियाई घर में सब कुछ बिजली से चलने लगे, तो हम अगले दस वर्षों में तीन करोड़ टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को बचा पाएंगे।ऐसा इसलिए है क्योंकि फिलहाल 50 लाख से अधिक घर गैस नेटवर्क पर हैं, और स्थान के आधार पर आने वाले दशक में प्रति घर 5 से 25 टन के बीच उत्सर्जन से बच सकता है।इसका एक फायदा यह होगा कि अधिकांश लोग ऊर्जा पर कम पैसा खर्च करेंगे। बिजली के उपकरण समान काम करने के लिए गैस उपकरणों की तुलना में कम ऊर्जा का उपयोग करते हैं, जिससे उन्हें चलाना सस्ता पड़ता है।हमारी नई रिपोर्ट बताती है कि हीटिंग, गर्म पानी और खाना पकाने के लिए गैस से बिजली पर स्विच करके अधिकांश परिवार कितना बचा सकते हैं।

यूवी रेडिएशन से बचने की राह

मुंबई। इस गर्मी, ला शील्ड बाय ग्लेनमार्क,लेकर आई है उसकी ऑल-इम्प्रूव्ड मिनरल सनस्क्रीन रेंज। जो आपकी त्वचा को हानिकारक यूवी रेडिएशन और प्रदूषण से सबसे अधिक सुरक्षा प्रदान करती है। धूल और स्मोग के रूप में अपरिहार्य तथा हार्श पॉल्यूशन के एक साथ मिल जाने पर, सूर्य की अल्ट्रा वॉइलेट (यूवी) किरणें आपकी त्वचा को बेहद क्षति पहुंचाती हैं, जिससे आपकी त्वचा सुस्त, टायर्ड, अक्सर डार्क स्पॉट के साथ टैन, तथा एलर्जी, सूजन, मुँहासे, के साथ अतिसंवेदनशील हो जाती है, जिससे जल्द झुर्रियां आने लगती है। इसके अलावा टिपिकल सिंथेटिक सनस्क्रीन केवल अनवांटेड यूवी रेडिएशन को ही एब्सॉर्ब करते हैं, जो कि इस समस्या को और अधिक गंभीर बना देते है।ला शील्ड मिनरल सनस्क्रीन त्वचा की हेल्थ के लिए सबसे बेहतरीन चॉइस है जो त्वचा पर एक दर्पण जैसी ढाल प्रदान कर अनवांटेड यूवी रेडिएशन्स को रिफ्लेक्ट करती है। यह पॉल्यूशन प्रोटेक्ट मिनरल सनस्क्रीन रेंज किसी भी अन्य सनस्क्रीन से काफी अलग है क्योंकि यह यूवी रज और प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय तनावों से दोहरी तरीके से सुरक्षा प्रदान करती है। इसके अलावा, इसका मॉइस्चर बूस्ट फॉर्मूलेशन त्वचा के हाइड्रेशन में भी सुधार करता है, और इसका इनोवेटिव पॉल्यूशन डिफेन्स फार्मूला के साथ आपको सौम्य एवं कोमल त्वचा प्रदान करने में मदद करता है।

सूडान: जांच अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय से कराने का आग्रह

काहिरा। सूडान मे दारफर के गवर्नर ने क्षेत्र के निवासियो के खिलाफ हुई हिंसा की अंतरराष्ट्रीय जांच कराने का मंगलवार को आग्रह किया। गवर्नर मिनी आर्को मिनावी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आग्रह किया कि वह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय को पिछले दो महीने मे पश्चिमी क्षेत्र में हुए अपराधो व हत्याओं की जांच की अनुमति दे। सूडान मे अप्रैल के मध्य मे जनरल अब्देल फतेह बुरहान के नेतृत्व वाली सेना और जनरल मोहम्मद हमदान दागालो की अगुवाई वाले अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच लड़ाई छिड़ने के बाद अराजकता फैली हुई है।

जेनेटिक्स और आघात-एक छोटी सी दस्तक विनाशकारी

भाषा। क्वींसलैंड

मस्तिष्काघात कई आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए एक वास्तविक और गंभीर जोखिम है। जबकि अधिकांश लोग इसके तीव्र और अपेक्षाकृत अल्पकालिक प्रभाव से पीड़ित होते हैं, जैसे कि चक्कर आना और सिरदर्द, कुछ मामलों में लक्षण हफ्तों, महीनों या वर्षों तक बने रहते हैं। इसके परिणामस्वरूप लंबे समय तक चलने वाली और दुर्बल करने वाली स्नायविक दुर्बलता हो सकती है।खेलों में आघात - जूनियर से वरिष्ठ स्तर तक - को ऑस्ट्रेलिया में सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में प्राथमिकता दी जा रही है।एक दूसरे के साथ संपर्क में खेले जाने वाले खेलों में चोट लगने और बार-बार सिर में चोट लगने की सीनेट जांच की रिपोर्ट अगस्त में आने वाली है। सुनवाई में ध्यान देने योग्य बात यह है कि एएफएल ने इस बात को स्वीकार किया है कि कई मृत खिलाड़ियों में मस्तिष्काघात और क्रोनिक ट्रॉमाटिक एन्सेफैलोपैथी के बीच संबंध पाए गए हैं।नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 2020-21 में खेलों के दौरान लगने वाली चोटों के कारण लगभग 3,100 लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, इन लोगों में केवल संपर्क खेलों में घायल होने वाले खिलाड़ी नहीं थे, बल्कि हर खेल में घायल हुए खिलाड़ी थे।लेकिन आघात को लेकर हर कोई एक ही तरह की प्रतिक्रिया नहीं देता है। वर्तमान में, कुछ विश्वसनीय संकेतक हैं जो बताते हैं कि किस तरह के लोग आघात होने के विशिष्ट या दीर्घकालिक प्रभावों को भुगतेंगे। हम जानते हैं कि लक्षणों की संख्या और गंभीरता और कई चोटें महत्वपूर्ण हैं। और हम यह समझ विकसित कर रहे हैं कि किसी व्यक्ति के जीन कैसे इसमें भूमिका निभाते हैं। मस्तिष्क में लगने वाली एक चोट के प्रभावों में माइग्रेन, संज्ञानात्मक घाटा, भ्रम, धीमी प्रतिक्रिया समय, व्यक्तित्व परिवर्तन, उनींदापन और भावनात्मक परिवर्तन सहित न्यूरोलॉजिकल डिसफंक्शन हो सकता है। कुछ लोगों को स्मृति, सोच और अन्य लक्षणों के साथ दीर्घकालिक समस्याएं भी होती हैं, जैसे कि चिंता और मनोदशा में गड़बड़ी। मस्तिष्क की चोट के बाद घटनाओं का एक क्रम न्यूरॉन्स के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और मस्तिष्क में कैल्शियम जैसे रासायनिक आयनों के प्रवाह को प्रभावित करता है। जीन में उत्परिवर्तन जो न्यूरोनल आयनों (सकारात्मक या नकारात्मक विद्युत आवेश वाले परमाणु या अणु) के परिवहन को प्रभावित करते हैं, जिन्हें आयन चैनल जीन कहा जाता है, यह भी प्रभावित कर सकता है कि मस्तिष्क कैसे काम करता है। आघात प्रतिक्रिया और आयन चैनल जीन फ़ंक्शन के बीच एक संबंध का सबसे मजबूत सबूत एक दुर्लभ प्रकार के माइग्रेन के पारिवारिक इतिहास वाले रोगियों से मिलता है।

हार्ट व लंग्स की बीमारी का इलाज होगा आसान

नई दिल्ली। नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट लंग्स डिजीज एंड रिसर्च सेंटर देश के कुछ चुनिंदा प्रमुख संस्थानों में से एक ही है जो हृदय और फेफड़ों के रोगी के लिए समस्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। जिसके अन्तर्गत हृदय और फफड़ो से संबंधित सभी तरह की स्वास्थ सेवा प्रदान की जाएंगीए जिसमें हृदय और फेफड़ों का प्रत्यारोपण भी शामिल है। इसमें एक मजबूत कार्डियो पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम भी है जो एआर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टेक्नोलॉजी पर आधारित मोशन सेंसिंग और स्केलेटल मसल स्ट्रेंथ असेसमेंट प्रोग्राम है जो अपने आप में अद्वितीय है। 300 बिस्तरों वाली अस्पताल के साथ समन्वय किया है । दक्षिण दिल्ली में प्रेस एनक्लेव मार्ग पर अवस्थित है। टीम में 50 समर्पित, कुशल कार्डियो,थोरेसिक सर्जन, प्रत्यारोपण चिकित्सक, गहन चिकित्सकएहृदय रोग विशेषज्ञ रिहैबिलिटेशन विशेषक्षयपुनर्वास विशेषज्ञ परफ्यूजनिस्टए और अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता इत्यादि शामिल हैं। जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरणों के नवाचार और विकास में सबसे आगे है। इसमें एक बेहतरीन और भारत का पहला हार्ट फेल्योर डिवाइस मिनिएचर वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइसद्ध का पेटेंट शामिल है। डॉ. राहुल चंदोला इस संस्थान की शुरुआत करने में अग्रणी हैं। वह भारत के कुछ सर्जनों में से एक हैं जो हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण और कॉम्प्लेक्स कार्डियो थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी में विशेषज्ञ हैं।

अमेरिका: मिलवॉकी शहर में छह किशोरों को गोली मारी गई

मिलवॉकी। अमेरिका के मिलवॉकी शहर में जुनेटीन्थ समारोह के संपन्न होने के बाद सोमवार दोपहर को कम से कम छह किशोरों को गोली मार दी गई। घायलों में चार लड़कियां और दो लड़के हैं। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने प्रत्यक्षदर्शियों और एक दर्शक द्वारा फेसबुक पर लाइव किए गए वीडियो के हवाले से बताया, ग्रेटर फिलाडेल्फिया चर्च ऑफ गॉड इन क्राइस्ट के बाहर शाम करीब लगभग चार बजकर 20 मिनट पर गोलीबारी शुरू हुई थी। मिलवॉकी के पुलिस प्रमुख जेफरी नॉर्मन ने बताया कि छह किशोरों को गोली मारी गई, जिसमें 17 वर्षीय एक किशोर भी शामिल है, जिसके खुद बंदूकधारी होने की संभावना है। फिलहाल, वह अभी पुलिस की हिरासत में है। उन्होंने बताया कि पुलिस अन्य संदिग्धों की भी तलाश कर रही है, हालांकि इनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, Smita Sunil Parmar D/o Late Sh. Suraj Prakash Kumar, presently at House No.I-57/58,Lajpat Nagar-1,New Delhi -110024, I am one of the legal heir of Late Shri Harbanslal Kumar, who was lessee of Property bearing Plot No.I-57/58, measuring about 200 Sq. Yds., situated at Lajpat Nagar Part-I, New Delhi-110024. The original Perpetual Lease Deed Reg. No.1176, Dated 20.02.1970 and Conveyance Deed Reg. No.1177,Dated 20.02.1970,and other documents of said plot has been lost. An F.I.R./N.C.R. dated 02.06.20 23 bearing LR No. 510314/2023, to this effect has been lodged at Delhi. Any person(s) found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice.

PUBLIC NOTICE
It is hereby inform that my client SH RAJESH KUMAR & HIS WIFE ANITA, BOTH R/O 30, HARIJAN CHOPAL GALI, VPO KHERA DABAR NEW DELHI 110073 have served all their relations with their son Sahil due to his bad habits. Both of my above named client have also disowned and debarred his son (Sahil) from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with Sahil will do so at his/her/their on risk and responsibilities and my client will not be responsible for any act, deed or dealing done by Sahil.
SHEETAL JAKHAR
Advocate
CH NO. 332, LAWYERS CHAMBER BLOCK, DWARKA DISTRICT COURT, SECTOR 10, DWARKA, NEW DELHI-110075

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Mrs. Manjit Kaur who isowner of Front Side built-up Property bearing Plot No.H-94, land area measuring 90.22 Sq. Yds., out of Khasra No.18, Khewat No.63 (63/18), situated in the revenue estate of Village Palam, Delhi State Delhi, area abadi knows as colony Raj Nagar-II, Palam Colony, New Delhi;gifted by Mr. Pradeep Singhby virtue of Gift Deed dated 13.04.2023, duly registered vide Document No.4265, at SRO-IX, New Delhi; and intend tomortgage against the financial assistance from Aditya Birla Housing Finance Limited. That the Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mrs. Karam Kauris Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Mr. Rajesh Sahgal & Mrs. Vandana Sehgal who are purchasing the Ground Floor & part of Basement Floor, constructed on Property No.208, area admeasuring 229.4 Sq. Yds., Block-B-2, Safdarjung Enclave, New Delhi-110029; from Mr. P.C. Sharma & Mrs. Veena Sharma, who are owners of the aforesaid property vide Sale Deed dated 09.08.1996, registered vide Document No.6841, SRO-New Delhi AND WILL registered dated 31.07.2001 (Doc. No.5813, at SRO-New Delhi) & Relinquishment Deed; and intend to mortgage against the financial assistance from Aditya Birla Housing Finance Limited. That the Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Ramnesh Chandera is Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within week from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the public at large, that We ,Puja Handa W/o Mr. Sudhanshu Handa R/o House No 1703A, FF, Housing Board Colony, Sec 31, Gurugram, Haryana-122001 & Sonu Arora W/o Yogesh Kumar R/o 667- Sector 31, Gurgaon, Haryana-122001 is entitled to transfer the booking of Unit No B-1401& B-1402 in Eminence Kimberly Suites, Project, Sector-112, Gurugram-122017 which was booked by our father Late Sh. Suresh Chandra Tandan, After his sudden demise on 01/05/2021, We Puja Handa & Sonu Arora had requested Eminence Townships (India) Pvt. Ltd. to transfer the Allotment of the said Unit's in our's name, if anybody has any objection in this regards, he/she may contact the Eminence Townships (India) Pvt. Ltd. office at Eminence Kimberly Suites, Sector-112, Gurugram-122017.
PUJA HANDA & SONU ARORA
R/o House No 1703A, FF, Housing Board Colony,Sec 31,Gurugram, Haryana-122001

नकली दवाओं पर कतई बर्दाश्त नहीं की नीति

● 71 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत नकली दवाओं के मामले में कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करता है। उन्होंने कहा कि खांसी रोकने के लिए भारत निर्मित सीरप के कारण कथित मौतों के बारे में कुछ हलकों में चिंता व्यक्त किए जाने के बाद 71 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनमें से 18 को बंद करने को कहा गया है। पीटीआई वीडियो के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, मंत्री ने यह भी कहा कि देश में गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लगातार व्यापक विश्लेषण किया जाता है, और सरकार तथा नियामक हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहते हैं कि नकली दवाओं के कारण किसी की मौत न हो। उन्होंने कहा, हम दुनिया की फार्मेसी हैं और हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम दुनिया की गुणवत्ता वाली फार्मेसी हैं।

फरवरी में, तमिलनाडु आधारित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर ने आंखों की अपनी दवाई की पूरी खेप को वापस ले लिया था। इससे पहले, आरोप लगा था कि पिछले साल खांसी रोकने के लिए भारत में निर्मित सीरप के गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में क्रमश: 66 और 18 बच्चों की मौत हो गई। भारत ने 2022-23 में 17.6 अरब अमेरिकी डॉलर के कफ सीरप का निर्यात किया, जबकि 2021-22 में यह निर्यात 17 अरब अमेरिकी डॉलर का था। कुल मिलाकर, भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है, जो विभिन्न टीकों की वैश्विक मांग का 50 प्रतिशत से अधिक, अमेरिका में लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक मांग और ब्रिटेन में लगभग 25 प्रतिशत दवाओं की आपूर्ति करता है।

मांडविया ने कहा, जब भी भारतीय दवाओं के बारे में कुछ सवाल उठाए जाते हैं तो हमें तथ्यों में शामिल होने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए गाम्बिया में, यह

कहा गया था कि 49 बच्चों की मौत हुई है। डब्ल्यूएचओ में किसी ने यह कहा था और हमने उन्हें लिखा था कि तथ्य क्या हैं? कोई भी हमारे पास तथ्यों के साथ नहीं आया। उन्होंने कहा, हमने एक कंपनी के नमूनों की जांच की। हमने मौत की वजह जानने की कोशिश की और पाया कि बच्चे को अतिसार था। अगर किसी बच्चे को अतिसार हुआ तो उस बच्चे के लिए कफ सीरप की सलाह किसने दी? मंत्री ने कहा कि कुल 24 नमूने लिए गए, जिनमें से चार विफल रहे। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि अगर निर्यात के लिए सिर्फ एक बैच बनाया गया था और अगर वह विफल रहता है, तो सभी नमूने विफल हो जाएंगे। यह संभव नहीं है कि 20 नमूने पास हो जाएं और चार नमूने विफल हो जाएं। फिर भी, हम सतर्क हैं। हम हमारे देश में दवाओं का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए जोखिम-आधारित विश्लेषण जारी रखे हुए हैं। भारत ने गत एक जून से, निर्यात किए जाने से पहले खांसी के सीरप के लिए परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले महीने एक अधिसूचना में कहा था कि कंपनियों को दवाई के निर्यातकों को एक जून से निर्यात से पहले किसी सरकारी प्रयोगशाला द्वारा जारी विश्लेषण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। मांडविया ने कहा, हमने 125 से अधिक कंपनियों में जोखिम-आधारित विश्लेषण किया है और हमारे दस्तों ने उनके प्रतिष्ठानों का दौरा किया है। इनमें से 71 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस और 18 को बंद किए जाने का नोटिस दिया गया है।

उन्होंने कहा, मैं आपके माध्यम से दुनिया को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत कभी भी दवाओं की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। हम कतई बर्दाश्त नहीं की नीति का पालन करते हैं। नकली दवाओं के मामले में देश में वैसा ही व्यवहार किया जाएगा जैसा कि विदेशों में किया जाता है। हम हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क हैं कि नकली दवाओं से किसी की मौत न हो। निर्यात नीति में बदलाव में भारतीय कंपनियों द्वारा निर्यात किए जाने वाले कफ सीरप को लेकर विश्व स्तर पर उठाई गई गुणवत्ता संबंधी चिंताओं का ध्यान रखा गया है।

आदेश के बाद, भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने निर्दिष्ट राज्य स्तरीय और केंद्रीय प्रयोगशालाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर निर्यात उद्देश्यों के लिए कफ सीरप के निर्माताओं से प्राप्त नमूनों का परीक्षण करने और जल्द से जल्द परीक्षण रिपोर्ट जारी करने को भी कहा। केंद्र सरकार की निर्दिष्ट प्रयोगशालाओं में भारतीय फार्माकोपिया आयोग (आईपीसी), क्षेत्रीय दवा परीक्षण प्रयोगशाला (आरडीटीएल-चंडीगढ़), केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला (सीडीएल-कोलकाता), केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (सीडीटीएल-चेन्नई हैदराबाद, मुंबई), आरडीटीएल (गुवाहाटी) और एनएबीएल (राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड) तथा राज्य सरकारों की मान्यता प्राप्त औषधि परीक्षण प्रयोगशालाएँ शामिल हैं।

वैश्विक स्तर पर, भारत मात्रा के हिसाब से फार्मास्युटिकल उत्पादन के मामले में तीसरे और मूल्य के हिसाब से 14वें स्थान पर है। भारतीय दवा उद्योग पूरे विश्व में चिकित्सा उत्पादों का एक प्रमुख निर्माता और निर्यातक है, जिसमें अत्यधिक विकसित देशों से लेकर निम्न और मध्यम आय वाले देश तक शामिल हैं। संबंधित उद्योग में 3,000 दवा कंपनियों और लगभग 10,500 विनिर्माण इकाइयों का नेटवर्क शामिल है। यह दुनिया भर में उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती और सुलभ दवाओं की उपलब्धता और आपूर्ति की सुविधा प्रदान करता है। वैश्विक औषधि क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण स्थान है।

राजनाथ सिंह ने बालाजी की गिरफ्तारी को लेकर स्टालिन के दोहरे रवैए पर सवाल उठाया

चेन्नई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी को लेकर दोहरे रवैए के लिए मंगलवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन पर निशाना साधा और हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के एक पदाधिकारी की गिरफ्तारी किए जाने को असंवैधानिक बताया। सिंह ने अपनी पार्टी भाजपा और तमिलनाडु में उसकी सहयोगी अन्नाद्रमुक के बीच संबंधों में तनाव के दरमियान कहा कि भगवा पार्टी अपने साझेदारों को महत्व देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन मजबूरी नहीं बल्कि प्रतिबद्धता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर सिंह ने तांबरम उपनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए अपने मित्र स्टालिन पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नौकरी के बदले धन मामले में सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी पर निशाना साधा और कहा कि मुख्यमंत्री ने केंद्रीय एजेंसी पर सवाल उठाया।

सिंह ने कहा, सेंथिल को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया। स्टालिन ने इससे पहले उन्हें भ्रष्ट कहा था (जब बालाजी द्रमुक में नहीं थे) और उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। अब जब उनकी मांग पूरी हो गई है, तो वह इसे प्रतिशोध कह रहे हैं। यह दोहरा रवैया अस्वीकार्य है। पिछले सप्ताह कथित तौर पर एक ट्वीट को लेकर भाजपा की राज्य इकाई के सचिव एस.जी. सूर्या की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि यह असंवैधानिक है।

नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखर और उनकी पत्नी सुदेश धनखर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस पर बधाई देते हुए।

गर्मी से संबंधित बीमारियों के उपायों में सहायता के लिए उप्र, बिहार में केंद्रीय टीम तैनात की जाएगी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञों की एक टीम गर्मी से संबंधित बीमारियों से निपटने के वास्ते सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया उपायों में मदद करने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेगी। यह निर्देश केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को देश भर में लू प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिया।

बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल भी मौजूद थे। कई राज्य पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। जागरूकता और प्रारंभिक कार्वाई के माध्यम से मजबूत और समय पर तैयारी के महत्व को रेखांकित करते हुए, मांडविया ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को विशिष्ट लघु, मध्यम और दीर्घकालिक कार्वाई योजनाओं के साथ स्वास्थ्य पर लू के प्रभाव को कम करने के तरीके पर अनुसंधान करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र ने गर्मी के मौसम से पहले लू से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए समय पर उपाय किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्च में गर्मी के मौसम से पहले तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की थी, जबकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने फरवरी में लू को लेकर परामर्श जारी किया था जिसमें राज्यों को आवश्यक दवाओं, अंत:शिरा तरल पदार्थ, पैक, ओआरएस के संदर्भ में स्वास्थ्य सुविधा तैयारियों की समीक्षा करने की सलाह दी गई थी। गर्मी से संबंधित बीमारियों पर राष्ट्रीय कार्ययोजना को भी सभी राज्यों के साथ साझा किया गया।

बैठक में, मांडविया को विभिन्न राज्यों में लू की स्थिति और समय पर प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक आपूर्ति एवं अस्पतालों के बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के संदर्भ में केंद्रीय एजेंसियों की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीएचएच) के तहत एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएचआईपी) के माध्यम से सभी राज्यों और जिलों में गर्मी से संबंधित बीमारियों पर दैनिक निगरानी सुनिश्चित की गई है तथा सभी स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों से पी-फॉर्म लेवल लॉगइन का उपयोग करके भागीदारी करने को कहा गया है। गर्मी से संबंधित बीमारियों पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय कार्य योजना जुलाई 2021 में जारी की गई थी।

क्विक न्यूज

राजस्थान में छात्राओं को कॉलेज आने-जाने का बस किराया मिलेगा

जयपुर। राजस्थान सरकार ने कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं को घर से कॉलेज आने-जाने का बस किराया देने का फैसला किया है। एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। राज्य सरकार द्वारा कॉलेज में 10 किलोमीटर से अधिक दूरी से आवागमन पर प्रति दिवस 20 रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह राशि छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए बैंक खातो में हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उच्च शिक्षण संस्थानो में अध्ययनरत छात्राओं को राहत देने के लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। एक सरकारी बयान के अनुसार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित गहलोत ने स्कूल शिक्षा की तर्ज पर कॉलेज में भी लाभ देने का निर्णय लिया है। माह में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति वाली छात्राएं ही योजना के तहत लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

उत्सर्जन कटौती नहीं हुई तो हिंदु कुश हिमालय के 80 फीसदी ग्लेशियर 2100 तक पिघल जाएंगे

नई दिल्ली। अगर उत्सर्जन में तेजी से और तत्काल कमी नही की गई तो हिंदु कुश हिमालई क्षेत्र के ग्लेशियरो का 80 प्रतिशत हिस्सा वर्ष 2100 तक नष्ट होने का अनुमान है। एक नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखलाएं शामिल है और ध्रुवीय क्षेत्रों से इतर पृथ्वी पर बर्फ की सबसे अधिक मात्रा है। काठमांडू स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट के शोधकर्ताओ द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया है कि ग्लेशियर 2000-2009 की तुलना में 2010-2019 की अवधि में 65 प्रतिशत तेजी से पिघले। हिंदू कुश हिमालय (एचकेएच) क्षेत्र के ग्लेशियर और बर्फ से ढके पहाड़ 12 नदियों के लिए पानी का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जो इस क्षेत्र में रहने वाले करीब 24 करोड़ लोगो को स्वच्छ जल प्रदान करते है। शोधकर्ताओ ने जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरो के तेजी से पिघलने की चेतावनी दी, जिससे भीषण बाढ़ और हिमस्खलन होगा। इससे लगभग दो अरब लोगों के जीवन और आजीविका पर असर पड़ेगा।

बंदरों को जहर देकर मारने के आरोप में नौ गिरफ्तार

काशीपुर (उत्तराखंड)। ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में आम के बगीचे में उत्पात मचाने वाले बंदरो को कथित रूप से जहर देकर मारने के आरोप में पुलिस ने नौ आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार देर शाम गिरफ्तार किए गए आरोपियो की पहचान दुन्दा गांव निवासी छोटे खां, इमरान, अफ्जाल, अनवार, इकरार शाह, नदीम, मुबारिक, मोहम्मद तथा चचैट गांव के रहने वाले इमामुद्दीन के रूप में हुई है। सभी आरोपियो को विधिक कार्वाई के बाद अदालत ने जेल भेज दिया। पुलिस द्वारा इनका आपराधिक इतिहास भी देखा जा रहा है। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि जैतपुर घोसी गांव में स्थित बगीचे की देखरेख करने वाले इन आरोपियो पर भारतीय दंड विधान की धारा 295(क) तथा 11(ठ) पशु क्रूरता अधिनियम एवं 9151 वन्य जीव जन्तु संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पूर्व सांसद ने बहुराष्ट्रीय कंपनी के लेंस पर चिंता जताई

नई दिल्ली। पूर्व सांसद एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास महात्मे ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए एक बहुराष्ट्रीय कंपनी द्वारा निर्मित इंट्रोक्युलर लेंस (आईओएल) की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की है। महात्मे ने मांडविया से हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। राज्यसभा के पूर्व सदस्य महात्मे ने मांडविया को लिखे पत्र में कहा, मैं आपका ध्यान मोतियाबिंद सर्जरी के लिए आईओएल बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी अल्कॉन से जुड़ी एक गंभीर समस्या पर लाना चाहता हूं। मैंने इसे (लेंस) अपने मरीज संजय भाल्मे को लगाया था। यह अपेक्षा की जाती है कि जो लेंस लगाया गया है वह रोगी के शेष जीवन के लिए पारदर्शी बना रहे।

टाटा एआईए की आय बढ़ी

मुंबई। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7,093 करोड़ रुपये की व्यक्तिगत भारित न्यू बिजनेस प्रीमियम आय दर्ज की, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 4,455 करोड़ रुपये की आय से 59 प्रतिशत अधिक है। इस प्रदर्शन ने कंपनी को आईडब्ल्यूएनबीपी आय में निजी जीवन बीमाकर्ताओं के बीच तीसरा स्थान दिलाया है। वित्त वर्ष की कुल प्रीमियम आय 42प्रतिशत बढ़कर 20,503 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 14,445 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान, शुद्ध लाभ 615प्रतिशत बढ़कर 506 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 22 में 71 करोड़ रुपये था। टाटा एआईए लाइफ द्वारा बीमांकित खुदरा बीमा राशि 3,07,804 करोड़ रुपये से बढ़कर 443,479 करोड़ रुपये हो गई है जो वित्त वर्ष 22 की तुलना में 44.08 प्रतिशत अधिक है। निजी जीवन बीमाकर्ताओं के बीच, वित्त वर्ष 23 में खुदरा बीमा राशि के आधार पर टाटा एआईए की बाजार हिस्सेदारी वित्त वर्ष 22 में 21त से बढ़कर 27त हो गई है।

आदिपुरुष की चौथे दिन की कमाई में भारी गिरावट

मुंबई। महाकाव्य रामायण पर आधारित फिल्म आदिपुरुष की कमाई में भारी गिरावट देखी गई है और चौथे दिन इसने 35 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन शुक्रवार को 140 करोड़ रुपए और शनिवार तथा रविवार को 100-100 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म निर्माता टी-सीरीज ने मंगलवार को दावा किया कि प्रभास, कृति सैनन अभिनीत फिल्म की दुनियाभर में कुल 375 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है। आदिपुरुष अपने संवाद, बोलचाल की भाषा और विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) के लिए लोगों तथा आलोचकों के निशाने पर है। फिल्म व्यापार निरीक्षक तरण आदर्श के अनुसार नकारात्मक बयानबाजी के चलते सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट हुई। उन्होंने ट्वीट किया, सप्ताहांत में मजबूत शुरूआत के बाद सोमवार को आदिपुरुष की कमाई में गिरावट।

नीतीश की ओर से बुलाई गई गैर भाजपा दलों की बैठक में शामिल होंगे स्टालिन

तिरुवरुर (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि वह 23 जून को पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई गैर भाजपा दलों की बैठक में शामिल होंगे और भाजपा का विरोध करने वाले दलों के हाथ मजबूत करेंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की उपस्थिति में पूर्व मुख्यमंत्री और द्रविड़ नेता एम करुणानिधि की जन्म शताब्दी समारोह के तहत बनाए गए कलैगनार कोट्टम का उद्घाटन करने के बाद स्टालिन ने कहा कि वह कलैगनार के रूप में (जैसा कि करुणानिधि को उनके समर्थक प्यार से संबोधित करते थे) भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए बैठक में भाग लेंगे।

नीतीश अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। स्टालिन ने कहा, हालांकि, उन्होंने (नीतीश) आज मुझे फोन किया और खेद व्यक्त किया कि वह कलैगनार कोट्टम के उद्घाटन में भाग नहीं ले सके। उनका संदेश यहां पढ़ा गया। स्टालिन ने कार्यक्रम में भागीदारी के लिए तेजस्वी यादव को धन्यवाद कहा। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव एक विशेष उड़ान से तिरुचिरापल्ली पहुंचे और फिर हेलीकॉप्टर से तिरुवरुर पहुंचे। युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने उनका स्वागत किया। स्टालिन ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य के फायदे के लिए भाजपा का बोरिया बिस्तर बांधने का सही समय है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दल भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने समान विचारधारा वाले सभी धर्मनिरपेक्ष दलों से अपील की कि वे राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ रैली करें और भाजपा को फिर से सत्ता में आने से रोकें।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा के लिए खुली छूट सुनिश्चित करना लोकतंत्र और तमिलनाडु के लिए हानिकारक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हम भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए संकट का सामना कर रहे हैं। अगर हम नहीं करेंगे, तो कोई भी नहीं करेगा। अगर भाजपा फिर से सत्ता में लौटती है तो भारत के साथ-साथ तमिलनाडु के भविष्य पर भी नुकसानदेह असर पड़ेगा। इस अवसर पर मुथेवेलर पुस्तकालय का उद्घाटन करने वाले तेजस्वी यादव ने भी इसी तरह की बात कही और सभी लोकतांत्रिक ताकतों से देश की रक्षा और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होने का आग्रह किया। लगभग 7,000 वर्ग फुट क्षेत्र में कलैगनार कोट्टम का निर्माण दयालु अम्मल फाउंडेशन द्वारा 12 करोड़ रुपए की लागत से कट्टूर गांव में किया गया है। इसमें दो मैरिज हॉल और एक पुस्तकालय के अलावा करुणानिधि की तस्वीरों को प्रदर्शित करने वाली एक विशाल फोटो गैलरी शामिल है।

आईएएस, आईपीएस 48 घंटे से अधिक हिरासत में रहते है, तो निलंबन की पुष्टि की जरूरत नहीं: केंद्र

नई दिल्ली। केंद्र ने कहा है कि अगर कोई आईएएस, आईपीएस या आईएफओएस अधिकारी 48 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रहता है, तो केंद्र सरकार द्वारा निलंबन की पुष्टि किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन और अपील) नियम, 1969 के प्रावधानों के तहत माने जाने वाले (डीम्ड) निलंबन के मुद्दे और निलंबन की पुष्टि की आवश्यकता के संबंध में सरकार को कई प्रश्न प्राप्त होने के बाद यह स्पष्टीकरण आया है। तीन अखिल भारतीय सेवाएं हैं- आईएएस, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस)।

मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, सेवा का कोई सदस्य, जो आपराधिक आरोप या अन्य में 48 घंटे से अधिक समय तक की अवधि के लिए आधिकारिक हिरासत में रहता है, तो उसे इस नियम के तहत संबंधित सरकार द्वारा निलंबित माना जाएगा। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया, एआईएस (डी एंड ए) नियम, 1969 के 3(2) के आलोक में मामले की पड़ताल की गई है। तदनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि नियम 3(2) के तहत माने जाने वाले (डीम्ड) निलंबन के मामलों में, केंद्र सरकार द्वारा उस अवधि के लिए निलंबन की पुष्टि किए जाने की जरूरत नहीं है जिसमें सरकारी कर्मचारी हिरासत में रहा हो। निलंबन की पुष्टि का सवाल तभी उठेगा, जब कर्मचारी के हिरासत से रिहा होने के बाद सरकार उसका निलंबन जारी रखने का इरादा रखती हो। सभी राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों और गृह एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालयों के सचिवों को जारी आदेश में कहा गया, इस स्थिति में, यदि निलंबन की अवधि 30 दिन से अधिक हो जाती है, तो केंद्र सरकार द्वारा नियम 3(1) के तहत परिकल्पित निलंबन आदेश की पुष्टि रिहाई की तारीख से 30 दिन के भीतर या सरकार की जानकारी में उसकी रिहाई के तथ्य के आने की तारीख से आवश्यक होगी।

पंजाब में राज्य विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति मुख्यमंत्री को बनाने के लिए विधेयक पारित

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को बनाने के लिए मंगलवार को एक विधेयक पारित किया। पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय सत्र यहां सोमवार को शुरू हुआ। पंजाब विवि कानून (संशोधन) विधेयक- 2023 संक्षिप्त बहस के बाद पारित किया गया। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के अलावा शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के इकलौते विधायक ने इस विधेयक का समर्थन किया। आप सरकार का यह कदम पूर्व में कई मुद्दों पर भगवंत मान सरकार और राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित के बीच मतभेदों के बीच आया है, जिसमें कुलपति पद के लिए राज्य सरकार की ओर से किए गए कुछ चयन भी शामिल हैं।

विधेयक पर बहस के दौरान मान ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में भी इसी तरह का विधेयक पिछले साल पारित किया गया था। पिछले साल दिसंबर में केरल विधानसभा ने राज्य के विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति राज्यपाल को नहीं बनाकर प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को शीर्ष पद पर नियुक्त करने के लिए एक विधेयक पारित किया था। मान ने सदन में कहा, यदि हम किसी विश्वविद्यालय का कुलपति नहीं नियुक्त कर सकते हैं, तो यह हमें मिले जनादेश का असम्मान है। उन्होंने दावा किया कि पुरोहित ने पिछले साल कुछ कुलपतियों की नियुक्ति में बाधा उत्पन्न की थी।

मान ने कहा, वह मेरा हेलीकॉप्टर (सरकारी हेलीकॉप्टर) लेतें हैं और फिर मुझसे दुर्व्यवहार करते हैं... मुझे नहीं लगता कि इतने हस्तक्षेप की जरूरत है। उनका कर्तव्य शपथ दिलाना है... इसका मतलब यह नहीं है कि वह हर छोटी चीज के लिए परेशानी खड़ी करें। मान ने आरोप लगाया कि पंजाब और पंजाबियों के हित की रक्षा करने के बजाय राज्यपाल अक्सर दूसरी तरफ खड़े होते हैं। चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय का हवाला देते हुए दावा किया कि राज्यपाल हरियाणा के पक्ष में कदम उठाते रहे हैं, ताकि विवि की सीनेट में हरियाणा के प्रवेश को अनुमति दी जा सके। इस विधेयक को दोपहर में पेश किए जाने से पहले कांग्रेस सदस्यों ने वर्तमान सत्र में प्रश्नकाल या शून्यकाल का कोई प्रावधान नहीं होने के विरोध में पंजाब विधानसभा से बहिर्गमन किया।

पंजाब के राज्यपाल अपने पद के कारण राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं, लेकिन राज्यपाल एक संवैधानिक पद भी धारण करता है और उसे भारत के संविधान के तहत प्रदत्त विभिन्न संवैधानिक कार्यों का निर्वहन भी करना होता है। विधेयक में कहा गया है, भारत सरकार ने न्यायमूर्ति एम. एम. पुंछी की अध्यक्षता में केंद्र-राज्य संबंधों पर आयोग का गठन किया था जिसने विश्वविद्यालयों के कुलपति के संबंध में राज्यपाल की स्थिति के इस पहलू पर प्रकाश डाला है। राज्यपाल पर उन पदों और शक्तियों का बोझ नहीं डालना चाहिए जिनका उल्लेख संविधान में नहीं है, क्योंकि इससे विवाद पैदा हो सकता है। विधेयक में कहा गया है कि यह जरूरी समझा गया कि विश्वविद्यालयों के कानून में संशोधन किया जाए ताकि पंजाब के मुख्यमंत्री को प्रांत के सभी राज्य विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाया जा सके।

पुलिस प्रमुख के चयन की प्रक्रिया में संशोधन संबंधी विधेयक पारित किया

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा ने मंगलवार को एक विधेयक पारित किया, जो राज्य के पुलिस प्रमुख के चयन में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की भूमिका को दरकिनार करता हुआ प्रतीत होता है। संशोधित विधेयक के मुताबिक, राज्य द्वारा नियुक्त समिति पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद के लिए विचार किए जाने वाले भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन अधिकारियों की सूची बनाएगी। राज्य सरकार इस सूची में से एक अधिकारी का डीजीपी पद के लिए चयन करेगी। मौजूदा नियम के मुताबिक, राज्य सभी पात्र अधिकारियों के नाम यूपीएससी को भेजते हैं। फिर यूपीएससी तीन अधिकारियों को चुनता है, जिनमें से राज्य सरकार एक का चयन करती है। विधेयक के अनुसार, राज्य सरकार सेवा की अवधि, सेवा रिकॉर्ड और अनुभव सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर पात्र अधिकारियों में से तीन अधिकारियों की सूची तैयार करने के लिए सात सदस्ईय समिति का गठन करेगी। इस समिति का नेतृत्व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे। वहीं, इसके अन्य सदस्यों में राज्य के मुख्य सचिव, यूपीएससी के एक नामित सदस्य, पंजाब लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या नामित सदस्य, केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक नामित सदस्य और पंजाब पुलिस के एक सेवानिवृत्त डीजीपी शामिल होंगे। पंजाब के गृह विभाग के प्रशासनिक सचिव समिति के सदस्य-संयोजक होंगे। आम आदमी पार्टी के बहुमत वाले सदन में यह विधेयक बिना किसी विरोध के पारित हो गया। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस दिन में सदन से बर्हिगमन कर गई थी जबकि भाजपा ने दो दिवसीय विशेष सत्र का बहिष्कार किया था।

पीएम पोषण योजना : स्कूली छात्रों को भोजन में अब मिलेगा सहजन, साग, फलियां

नई दिल्ली। स्कूली छात्रों में लौह, खनिज की कमी से निपटने के लिए पीएम पोषण योजना के तहत मिलने वाले भोजन में अब सहजन, पालक, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साग एवं फलियां आदि को शामिल किया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एल एस चांगसन ने 14 जून को राज्यों के अतिरिक्त सचिवों, मुख्य सचिवों, शिक्षा सचिवों तथा पीएम पोषण शक्ति निर्माण के अनुपालन के शीर्ष निकायों को लिखे पत्र में यह सुझाव दिया है। पत्र में कहा गया है, मैं आपका ध्यान राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-20) की ओर दिलाना चाहता हूं जिसमें यह बात सामने आई है कि 32 प्रतिशत बच्चे कम वजन वाले है और 67 प्रतिशत बच्चों में किसी न किसी स्तर पर रक्ताल्पता (अनिमिया) है। ए आंकड़े भविष्य की पीढ़ी के लिए गंभीर है और आपके तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है।

पीएम पोषण योजना में रूचिकर एवं पोषक भोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया है कि टूटा गेहूं, टूटा चावल, मोटा अनाज, निर्धारित मात्रा में दाल, मौसमी हरी पत्तेदार सब्जी तथा कुछ मात्रा में खाद्य तेल एवं मसाले से भोजन पोषक और स्वास्थ्यवर्द्धक बनता है। कई तरह के खाद्य पदार्थो के संयोग से तैयार भोजन रुचिकर बनता है और ऐसे खाने के छात्रों की रुचि बनी रहती है। इसमें कहा गया है कि भोजन को रुचिकर, पोषक एवं सम्पूर्ण बनाने के लिए खाने के व्यंजनों की सूची का डिजाइन पोषण विशेषज्ञों, छात्रों के अलावा माता पिता के समूहों के साथ विचार विमर्श करके तैयार किया जा सकता है। इसमें कहा गया कि छात्रों की पसंद और स्थानीय भोजन को ध्यान में रखा जाना चाहिए तथा तिमाही आधार पर भोजन में शामिल सब्जियों और दालों की समीक्षा की जा सकती है। इसमे कहा गया कि छात्रों के स्वाद और स्वीकार्यता को ध्यान में रखा जाना चाहिए और रसोइया एवं उनके सहयोगियों के प्रशिक्षण को ध्यान में रखना जरूरी है।

पत्र में शिक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव चांगसान ने कहा, मैं आपसे इन बातों पर विचार करने का आग्रह करता हूं ताकि छात्रों को दैनिक आधार पर पोषक, स्वादिष्ट एवं गर्म पका भोजन सुनिश्चित किया जा सके। छात्रों के लिए खाना तैयार करने में स्थानीय व्यंजनों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। हरे पत्तेदार सब्जी का उपयोग काफी महत्वपूर्ण होता है जिससे रक्ताल्पता को कम करने में मदद मिलती है। इसमें कहा गया कि छात्रों के भोजन में सहजन, पालक, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साग को भी शामिल किया जा सकता है जो बच्चों के खाने में लौह तत्व के अच्छे स्रोत होते हैं और इससे उन्हें अधिक पोषक तत्व मिलेंगे। भोजन में फलियां शामिल करने से स्कूली बच्चों में अच्छी मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच में मारी बाजी

● एशेजः इंग्लैंड को 2 विकेट से हराया

भाषा। बर्मिंघम

ऑस्ट्रेलिया का विकेट गिरने पर एक-दूसरे को बधाई देते इंग्लैंड के खिलाड़ी

पहले एशेज मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दो विकेट से हरा दिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एशेज क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को यहां चाय तक पांच विकेट पर 183 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के 281 रन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मैच के अंतिम सत्र में 98 और रन की दरकार है जबकि इंग्लैंड को पांच विकेट की जरूरत है। चाय के समय पहली पारी में शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 159 गेंद में 56 रन बनाकर खेल रहे थे। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन 22 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों छठे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी कर चुके हैं। सुबह का सत्र बारिश की भेंट चढ़ गया जिसके कारण लंच ब्रेक जल्दी लिया गया। मैच शुरू होने पर अंपायरों ने टीमों को 67 ओवर दिए। इस तरह अभी 38 और ओवर फेंके जाने बाकी है जिसके कारण मैच का नतीजा निकलने की पूरी संभावना है। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 107 रन से की। ख्वाजा और रात्रि प्रहरी स्कॉट बोलैंड ने पारी को आगे बढ़ाया। स्टुअर्ट ब्रॉड ने दिन के आठवें ओवर में बोलैंड को विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। बोलैंड ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 20 रन की पारी खेल। अच्छी फॉर्म में चल रहे ट्रेविस हेड भी अधिक देर नहीं टिक सके और 16 रन बनाकर ऑफ स्पिनर मोईन अली की गेंद पर स्लिप में जो रूट के कैच दे बैठे जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 143 रन हो गया। ख्वाजा और ग्रीन ने हालांकि इसके बाद चाय के विश्राम तक ऑस्ट्रेलिया को और झटके नहीं लगने दिए।

रजा का रिकॉर्ड शतक, जिंबाब्वे ने नीदरलैंड को छह विकेट से हराया

भाषा। हरारे

आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर

सिकंदर रजा ने जिंबाब्वे की ओर से सबसे तेज एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड बनाया जिससे टीम ने मंगलवार को यहां आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर में नीदरलैंड को छह विकेट से हरा दिया। रजा के नाबाद 102 रन की मदद से जिंबाब्वे ने 316 रन के लक्ष्य को सिर्फ 40.5 ओवर में हासिल कर लिया। ग्रुप ए के अपने पहले मैच में नेपाल को हराने वाली जिंबाब्वे की टीम ने सुपर सिक्स चरण में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। दिन के एक अन्य मैच में नेपाल ने अमेरिका को छह विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। भीम शार्की के नाबाद 77 रन की मदद से नेपाल ने 211 रन के लक्ष्य को हासिल किया। अमेरिका की दो मैच में दूसरी हार है।नेपाल के खिलाफ दो दिन पहले 291 रन के लक्ष्य को हासिल करने के बाद जिंबाब्वे के सामने नीदरलैंड के खिलाफ और बड़ी चुनौती थी लेकिन रजा की पारी से टीम ने 55 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 319 रन बनाकर जीत दर्ज की। रजा ने सिर्फ 54 गेंद में शतक पूरा किया जो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जिंबाब्वे की ओर से रिकॉर्ड है।रजा ने अपनी पारी में आठ छक्के जड़े। उनके अलावा कप्तान क्रेग इर्विन (50) और सीन विलियम्स (91) ने भी अर्धशतक जड़े। इससे पहले नीदरलैंड ने विक्रमजीत सिंह (88), स्कॉट एडवर्ड्स (83) और मैक्स ओडाउड (59) के अर्धशतक से छह विकेट पर 315 रन बनाए।विक्रमजीत और ओडाउड ने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। रजा ने ओडाउड को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। विक्रमजीत ने एडवर्ड्स के साथ भी 96 रन की साझेदारी की। रजा ने इस बार विक्रमजीत को पवेलियन भेजकर इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने 55 रन पर चार विकेट चटकाए।नेपाल ने एक अन्य मैच में करण केसी (33 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से अमेरिका को 207 रन पर ढेर किया। अमेरिका की ओर से शायन जहांगीर ने 79 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। गुलशन झा ने भी 52 रन देकर दो विकेट चटकाए। नेपाल ने इसके जवाब में भीम और दिपेंद्र सिंह ऐरी (नाबाद 39) की पारियों की बदौलत 43 ओवर में चार विकेट पर 211 रन बनाकर जीत दर्ज की।

खबरें स्टेडियम से

दलीप ट्राफी के शुरुआती मैच में मध्य क्षेत्र की भिड़ंत पूर्वी क्षेत्र से

नई दिल्ली। बेंगलुरु में 28 जून से शुरु हो रही दलीप ट्राफी के पहले दिन मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वी क्षेत्र से होगा जबकि उत्तरी क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम से होगा। मध्य क्षेत्र और पूर्वी क्षेत्र के बीच मैच अलूर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि उत्तरी क्षेत्र और पूर्वोत्तर क्षेत्र की भिड़ंत एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट की नई और छठी टीम है। ए दोनो मैच क्वार्टरफाइनल की तरह होंगे। पिछले सत्र की विजेता पश्चिम क्षेत्र और उप विजेता दक्षिण क्षेत्र की टीमो को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश दिया गया है। फाइनल 12 जुलाई को चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। टीमे इस प्रकार है : पश्चिम क्षेत्र : प्रियांक पंचाल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, स्तुयज गायक्वाड़, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), पृथ्वी साव, हेत पटेल (विकेटकीपर), सरफराज खान, अर्पित वासवड़ा, अतीत सेठ, शम्स मुलानी, युवराज डोडिया, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, चेतन सकरिया, चितन गजा, अर्जन नागवासवाला। दक्षिण क्षेत्र : हनुमा विहारी (कप्तान), मयंक अग्रवाल (उप कप्तान), साई सुदर्शन, रिकी भुई (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर समर्थ, वाशिंगटन सुंदर, सचिन बेबी, प्रदोष रंजन पॉल, साई किशोर, वी कावेरप्पा, वी विशाक, केवी शशिकांत, दर्शन मिसाल, तिलक वर्मा। पूर्वी क्षेत्र : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), शाहबाज नदीप (उप कप्तान), शांतनु मिश्रा, सुदीप घरामी, रियान पराग, ए मजूमदार, बिपिन सौरभ, ए पोरेल (विकेटकीपर), के कुशाग्र (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, मुकेश कुमार, आकाश दीप, अनुकूल रॉय, एम मुरा सिंह, ईशान पोरेल। उत्तर क्षेत्र : मंदीप सिंह (कप्तान), प्रशांत चोपड़ा, ध्रुव शोरे, मनन वोहरा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), अंकित कुमार, एएस कलसी, हर्षित राणा, आबिद मुश्ताक, जयंत यादव, पुलकित नारंग, निशांत संधू, सिद्धार्थ कौल, वैभव अरोड़ा, बलतेज सिंह। मध्य क्षेत्र : शिवम मावी (कप्तान), उपेंद्र यादव (उप कप्तान और विकेटकीपर), विवेक सिंह, हिमांशु मंत्री, कुणाल चंदेला, शुभम शर्मा, अमनदीप खरे, रिकू सिंह, अक्षय वाडकर, ध्रुव जुरेल, सौरभ कुमार, मानव सतार, सारांश जैन, आवेश खान, यश ठाकुर। पूर्वोत्तर क्षेत्र : रोंगसेन जोनाथन (कप्तान), नीलेश लामिचाने (उप कप्तान), किशन लिंगदोह, लांगलोनयाम्बा, ए आर अहलावत, जोसफ लालथासुमा, प्रफुल्लामणि (विकेटकीपर), दिप्पू संगमा, जोतिन फेरेईजाम, इमलीवती लेमतूर, पाल्जोर तमांग, किशन सिन्हा, आकाश कुमार चौधरी, राजकुमार रेक्स सिंह, नागाहो चिशी। रिजर्व : ली योग लेपचा, नाबाम अबो, डिक्य राल्टे।

एमर्जिंग एशिया कप : सेमीफाइनल बारिश की भेंट चढ़ा

मोंग कोक (हांगकांग)। भारत की अंडर-23 टीम महिलाओ के एमर्जिंग एशिया कप के फाइनल मे बांग्लादेश से भिड़ेगी क्योंकि मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ उसका सेमीफाइनल मुकाबला एक भी गेद खेले बिना बारिश की भेट चढ़ गया। भारत और श्रीलंका के बीच सेमीफाइनल पहले सोमवार को होना था लेकिन बारिश के कारण इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। पर मंगलवार को बारिश के कारण यह नही हो सका। दिलचस्प बात है कि भारत ने फाइनल तक केवल एक ही मैच खेला है जिसमे अपने शुरुआती मैच मे उसने मेजबान हांगकांग को नौ विकेट से हराया था। भारत के अन्य तीन मैच बारिश की भेट चढ़ गए जिसमे एक भी गेद नही फेंकी गई और इसमे श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल भी शामिल है। बल्कि बारिश के कारण टूर्नामेंट के आठ मैच नही खेले जा सके। बांग्लादेश ने दूसरे सेमीफाइनल मे पाकिस्तान को छह रन से हराया जिससे वह बुधवार को होने वाले फाइनल मे पहुंचा।

नजम सेठी पीसीबी के अगले अध्यक्ष की दौड़ से हटे

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अंतरिम प्रमुख नजम सेठी ने पीसीबी अध्यक्ष पद की दौड़ से हटते हुए मंगलवार को कहा कि वह बोर्ड मे स्थाई पद नही चाहते। सेठी ने कहा कि वह देश के आला राजनेताओ (पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष आसिफ जरदारी और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ) के बीच मतभेद का कारण नही बनना चाहते। इसके साथ ही पीसीबी के अगले अध्यक्ष पद के लिए जाका अशरफ का रास्ता साफ हो गया। सेठी ने देर रात ट्वीट किया , सभी को सलाम। मै आसिफ जरदारी और शाहबाज शरीफ के बीच लड़ाई का कारण नही बनना चाहता। पीसीबी के लिए इतनी अनिश्चितता और अस्थिरता अच्छी नही है। इन हालात मे मै पीसीबी के अगले अध्यक्ष पद का दावेदार नही हूं। सभी को शुभकामनाएं।

उज्बेकिस्तान से हारा भारत, बाहर होने की कगार पर

पायुम थानी (थाईलैंड)। भारत की क्वार्टरफाइनल उम्मीदो को करारा झटका लगा जब उसे मंगलवार को यहां एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के ग्रुप डी के अपने दूसरे मैच मे उज्बेकिस्तान से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। मैच का एकमात्र गोल उज्बेकिस्तान के नाम रहा जिसके लिए स्थानापन्न मुखामेदाली रेमोव ने गोल दागा। भारत ने इससे पहले वियतनाम से 1-1 से ड्रा खेला था और अब गोल अंतर के हिसाब से वह वियतनाम से ऊपर तीसरे स्थान पर है। भारत को नॉकआउट मे जगह बनाने के लिए अब अपने अंतिम ग्रुप डी मैच मे शीर्ष पर चल रहे जापान के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि उज्बेकिस्तान को वियतनाम से हार मिले। उज्बेकिस्तान ने अपने पिछले मैच मे गत चैम्पियन जापान से 1-1 से ड्रा खेला था।

भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम का शिविर सात जुलाई से

इंदौर। भारत की 33 सदस्यीय फुटबॉल टीम इस साल सितंबर मे होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के लिए यहां सात जुलाई से तैयारी शिविर मे हिस्सा लेगी।प्रिया पीवी के मार्गदर्शन मे खेलने वाली भारतीय टीम अप्रैल मे किर्गिस्तान मे हुए पहले दौर के क्वालीफायर मे ग्रुप एफ मे शीर्ष पर रही थी।टीम ने मेजबान किर्गिस्तान को 1-0 और म्यांमार को 2-1 से हराकर दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया।एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने दूसरे दौर के टूर्नामेंट के लिए भारत को ग्रुप ए मे दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ईरान के साथ रखा है। इस टूर्नामेंट के आयोजन स्थल की घोषणा अभी नही हुई है।

मार्तिना नवरातिलोवा ने कहा अब कैंसर से मुक्त हुई

न्यूयॉर्क। महान टेनिस खिलाड़ी मार्तिना नवरातिलोवा ने कहा है कि अब वह कैंसर से मुक्त हो गई है। टेनिस की हाल आफ फेम रही नवरातिलोवा ने सोमवार को ट्विटर पर लिखा कि मेमोरियल स्लोएन केटरिंग कैंसर सेंटर पर पूरे दिन जांच के बाद उन्हे यह पता चला है। उन्होने लिखा , सभी डॉक्टरो, नर्सों और स्टाफ को धन्यवाद। क्या राहत की बात है। अठारह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन 66 वर्ष की नवरातिलोवा ने जनवरी मे कहा था कि उन्हे गले और स्तन का कैंसर है और वह इलाज शुरू करएंगी।

43 वर्ष की वीनस विलियम्स ने बर्मिंघम क्लासिक में जीत दर्ज की

बर्मिंघम। सात बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन वीनस विलियम्स ने 43 वर्ष की उम्र मे विश्व रैंकिंग मे 697वे स्थान पर रहने के बावजूद अपने पसंदीदा ग्रासकोर्ट पर बर्मिंघम क्लासिक मे अप्रत्याशित जीत दर्ज की। वीनस ने 48वी रैंकिंग वाली कैमिली जियोर्जी को पहले दौर मे तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच मे 7-6, 4-6, 7-6 से हराया। इस साल के पहले सप्ताह मे आकलैंड मे हैमस्ट्रिंग मे लगी चोट के कारण वीनस छह महीने तक टेनिस से दूर थी।

नॉरी क्वींस क्लब के पहले दौर में जीते

लंदन। पूर्व उपविजेता कैमरन नॉरी ने क्वींस क्लब टेनिस चैम्पियनशिप के पहले दौर मे सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच को 6-4, 7-6 से हराया। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी नॉरी विम्बलडन 2021 फाइनल मे मातेओ बेरेतिनी से हार गए थे। विम्बलडन की तैयारी के इस टूर्नामेंट मे वह युगल मे भी एडी र्मे के साथ उतरेंगे। ब्रिटेन के डैन इवांस को पहले दौर मे अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा ने 6-4, 7-5 से हराया लेकिन रियान पेनिस्टन ने उगो हुम्बर्ट को 6-4, 6-2 से मात दी। छठी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी ने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी जान चोइंस्की को 6-4, 6 - 2 से हराया।

सिटसिपास, मेदवेदेव और शापोवालोव जीते

हाले। स्टेफानोस सिटसिपास, दानिल मेदवेदेव और डेनिस शापोवालोव ने हाले ओपन टेनिस के पहले दौर मे जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास ने दो घंटे 22 मिनट तक चले मैच मे फ्रांस के ग्रेगोइर बारेरे को 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। पिछले साल फाइनल मे हारे शीर्ष वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 6-4, 6-3 से मात दी। वही शापोवालोव ने दक्षिण आफ्रीका के लॉयड हैरिस को 7-6, 6-4 से हराया।

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार

● फुटबॉल टीम सैफ चैम्पियनशिप आज, मुकाबला पाकिस्तान से

भाषा। बेंगलुरू

इंटरकांटिनेंटल कप में मिली जीत से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम सैफ चैम्पियनशिप 2023 में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। भारत का सामना बुधवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम पर पहले मैच में पाकिस्तान से होगा। यह मैच निर्धारित समय पर होने की उम्मीद है क्योंकि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत का वीजा मिल गया है। पाकिस्तानी टीम भारत के लिए बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन भारत का लक्ष्य बड़ी जीत के साथ आगाज करके दूसरी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजाना है। आठ बार के चैम्पियन भारत को ग्रुप ए में नेपाल, कुवैत और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। बाकी टीमों में लेबनान, मालदीव, भूटान और बांग्लादेश ग्रुप बी में हैं। भारत ने रविवार को भुवनेश्वर में लेबनान को 2 -0 से हराकर इंटर कांटिनेंटल कप जीता था। यह 46 साल में लेबनान पर भारत की पहली जीत थी और भारत के लिए करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने गोल दागा। उनसे सैफ चैम्पियनशिप में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। छेत्री 137 मैचों में 87 गोल कर चुके हैं और दो गोल और करने पर वह मलेशिया के मुख्तार दहारी को पछाड़कर सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे एशियाई फुटबॉलर बन जाएंगे। भारत इस टूर्नामेंट में पिछला चैम्पियन है जिसने 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015 और 2021 में खिताब जीते। मालदीव ने 2008 और 2018 और बांग्लादेश ने 2003 में खिताब जीता था। सैफ टूर्नामेंट जीतने पर भारत को कुछ उपयोगी फीफा रैंकिंग अंक भी मिल जाएंगे। कोच इगोर स्टिमक ने इंटर कांटिनेंटल कप जीतने के बाद कहा था , हम इससे बेहतर कर सकते हैं। एक कोच कभी संतुष्ट नहीं होता। हम मेहनत करते रहेंगे और आगे इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी के पहले मैच में तीन अगस्त को चीन से खेलेगा भारत

चेन्नई। भारतीय पुरूष हॉकी टीम तीन से 12 अगस्त तक यहां होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में पहले दिन चीन से खेलेगी। मेजबान भारत और चीन मेजर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर पहले दिन के आखिरी मैच में आमने सामने होंगे। चीन के बाद भारत का सामना चार अगस्त को जापान से और छह अगस्त को मलेशिया से होगा। इसके एक दिन बाद कोरिया से टक्कर होगी। एशियाई हॉकी महासंघ ने मंगलवार को टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया। भारत और पाकिस्तान की टक्कर नौ अगस्त को होगी। छह टीमों के टूर्नामेंट में दक्षिण कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, चीन और भारत शामिल होंगे। सभी टीमें एक ही पूल में है और अंकतालिका के आधार पर उनकी स्थिति तय होगी।

परिवार के शुरुआती विरोध, दिक्कतों के बावजूद देश की शीर्ष पैदल चाल खिलाड़ी बनी मंजू

भाषा। नई दिल्ली,

मंजू रानी के लिए खेल में करियर बनाना आसान नहीं था। छठी कक्षा में ही उन्हें अपने परिवार से दूर होना पड़ा और उनकी दादी ने उन्हें घर से दूर जाने की स्वीकृति देने से इनकार कर दिया था लेकिन उनके पिता ने अपनी बेटी की एथलीट बनने की इच्छा को समझा और उन्हें मुक्तसर जिले के बादल के साइ केंद्र में जाने की इजाजत दी। मंजू पंजाब के मनसा जिले के छोटे से गांव खैरा खुर्द की रहने वाली हैं और उनकी मां का निधन हो चुका है। ऐसे में परिवार से दूर रहने की स्वीकृति मिलना आसान नहीं था। हालांकि यह बुरा जुआ नहीं था। चौबीस साल की मंजू अब देश की शीर्ष पैदल चाल खिलाड़ी हैं। पापा को मनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। एक लड़की को परिवार से दूर रहने देना सामान्य बात नहीं थी। साइ का ट्रेनिंग केंद्र मेरे गांव से 100 किलोमीटर दूर था. मेरी दादी अनुमति देने से इनकार करती रहीं। एक दिन चाय पीते हुए पापा अंतत: राजी हो गए लेकिन मुझे कहा कि परिवार के सम्मान को दाग मत लगाना। मंजू ने अपना वादा निभाया और 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा तीन घंटे से कम समय में पूरी करने वाली पहली भारतीय महिला बनकर अपने परिवार और पंजाब को गौरवांवित किया।

स्टिमक ने कहा, फीफा रैंकिंग को भूल जाओ

बेंगलुरू। भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को अपनी टीम को चेताया कि वह सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप 2023 के ग्रुप ए मे अन्य टीमो की खराब फीफा रैंकिंग को अधिक तवज्जो नही दे और अपने जज्बे मे कोई कमी नही लाए। स्टिमक ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, फीफा रैंकिंग के बारे मे भूल जाओ। हमारे ग्रुप मे और टूर्नामेंट मे हिस्सा लेने वाली टीमे काफी विशेष है। सभी चार टीम सक्षम है और अलग तरह का फुटबॉल खेल सकती है। दर्शक इसे पसंद करेंगे क्योंकि काफी गोल होंगे। हमारा ग्रुप कहा है और हमे कुछ कड़े प्रतिद्वंद्वियो के खिलाफ खेलना है। स्टिमक ने हालांकि इस तथ्य से इनकार नही किया कि रविवार को यहां लेबनान को फाइनल मे 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।इंटरकॉन्टिनेंटल कप मे जीत के बाद टीम मे मूड काफी अच्छा है। हम खुश हो सकते है। कोचिंग स्टाफ के रूप मे हम टीम को सिर्फ यह दिखा सकते है कि मैच कैसे जीते जाते है।

एशियाई खेलों में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे बोपन्ना और अंकिता

भाषा। नई दिल्ली

युगल विशेषज्ञ रोहन बोपन्ना एक बार फिर एशियाई खेलों की टेनिस स्पर्धा में भारतीय उम्मीदों के ध्वजवाहक होंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने मंगलवार को इन खेलों के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की। एशियाई खेल 23 सितंबर से हांगजोऊ में शुरु होंगे। सुमित नागल ने 2018 एशियाई खेलों में रामकुमार रामनाथन के साथ युगल में खेलते हुए पदार्पण किया था। उनके और शशिकुमार मुकुंद के एकल खेलने की संभावना है। वहीं 43 वर्षीय बोपन्ना के रामकुमार रामनाथन के साथ जोड़ी बनाने की पूरी उम्मीद है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी टीम में शामिल अन्य दो खिलाड़ी हैं जो एटीपी टूर पर बतौर जोड़ीदार खेल रहे हैं। महिलाओं के दल की अगुआई 2018 एशियाई खेलों की एकल कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना करेंगी। टीम की अन्य सदस्य फॉर्म में चल रहीं करमन कौर थांडी, रूतुराज भोसले, सहजा यमलापल्ली, वैदेही चौधरी और प्रार्थना थोम्बरे हैं। भारत ने जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते थे जिसमें बोपन्ना और दिविज शरण की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्सजैंडर बुलबिक और डेनिस एव्सेएव को हराकर युगल स्वर्ण पदक जीता था।पुरुषों के एकल में प्रजनेश गुणेश्वरन ने कांस्य पदक जीता था। पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोहित राजपाल को कप्तान नियुक्त किया गया जबकि अंकिता भांबरी महिलाओं की टीम की कप्तान होंगी।भारतीय दल में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं जिन्होंने पिछले एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था।

चिराग-सात्विक कैरियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर

कृष्ण-विष्णु ताइपे ओपन के शुरुआती दौर में बाहर

ताइपे। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी यहां ताइपे ओपन सुपर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के शुरुआती दिन प्रभावित करने में असफल रहे। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुपस्थिति में कृष्ण प्रसाद और विष्णुवर्धन गौड़ की आठवी वरीयता प्राप्त जोड़ी को अमेरिका के विन्सन चियू और जोशुआ युआन से पहले दौर में 54 मिनट में 18-21, 22-20, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा को अपने से निचली रैंकिंग की स्थानीय चैलेंजर वेंग यु ऐई और सुन वेन ऐई से 7-21, 30-28, 12-21 से हार मिली।

भाषा। नई दिल्ली

इंडोनेशिया ओपन जीतने वाली सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में कैरियर का सर्वश्रेष्ठ तीसरा स्थान हासिल किया। राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी ने मौजूदा विश्व चैम्पियन मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक को सीधे गेम में हराकर इंडोनेशिया ओपन जीता था। इसके साथ ही यह सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई। भारतीय जोड़ी ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने के साथ स्विस ओपन भी जीता था। पुरूष एकल में किदाम्बी श्रीकांत तीन पायदान चढकर शीर्ष 20 (19वीं रैंकिंग) में पहुंच गए। लक्ष्य सेन दो पायदान चढकर 18वें स्थान पर पहुंच गए। एच एस प्रणय सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं जो नौवे स्थान पर है। प्रियांशु राजावत चार पायदान चढकर 30वें स्थान पर पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू महिला एकल में 12वें और साइना नेहवाल 31वें स्थान पर है। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद 16वें स्थान पर बने हुए हैं।

लखनऊ ओलंपिक संघ का पुनर्गठन, वार्षिक कैलेंडर जारी

लखनऊ। लखनऊ ओलंपिक संघ की नवगठित कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी के मुख्य संरक्षक पंकज सिंह ;उत्तर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक और संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी मुरलीधर आहूजा होंगे। संघ का चेयरमैन डा.आनन्देश्वर पाण्डेय महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघए अध्यक्ष विराज सागर दास अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ व महासचिव डा.सैयद रफ त जुबैर रिजवी;कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ को बनाया गया। इनका सभी सदस्यों ने हर्षध्वनि से स्वागत किया। संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी मुरलीधर आहूजा ने लखनऊ में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि हम खिलाड़ियों की मदद के लिए हर समय तैयार है। इस अवसर पर लखनऊ ओलंपिक संघ ने अपना वार्षिक कैलेंडर जारी करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। महासचिव डाण्सैयद रफ्त जुबैर रिजवी ने बताया कि 23 जून को ओलंपिक दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हम हर साल 15 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल ओलंपियाड आयोजित करेंगे। इसके अलावा दिसंबर से जनवरी माह के मध्य शीतकालीन खेल ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नवगठित कार्यकारिणी का सम्मान भी किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अन्य पदों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा अन्नू व कोषाध्यक्ष मो.नदीम होंगे।

स्पोर्ट्स वेल्फेयर की खिताबी जीत

लखनऊ। फाउंडेशन कप 2023 के फाइनल में अंडर-17 बालक वर्ग में स्पोर्ट्स वेल्फेयर ने सुपरर्श अकैडमी को एक रोमांचित मुकाबले में 68-65 अंकों के अन्तर से हरा कर मैच जीत लिया। अंडर 17 बालिका वर्ग के फाइनल में स्पोर्ट्स वेल्फेयर फाउंडेशन ने ए एफएस अकैडमी को 39-33 अंको के अंतर से हरा कर मैच जीत लिया। अंडर 19 बालक वर्ग के फाइनल में सुपरर्श अकैडमी ने स्पोर्ट्स वेल्फेयर फाउंडेशन को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। सीनियर बालक वर्ग के फाइनल में आर डी यस ओ रेलवे ने ए एफएस अकैडमी को एकतरफा मुकाबले में पराजित कर दिया। अतिथि श्रीमती आयुषी शुक्ला संस्थापक पांडवास बास्केटबॉल क्लब ने संदीप पाल को बेस्ट रेफरी पुरस्कार दिया। नवदीप सिंह संस्थापक लखनऊ फ्रेश द्वारा मैन ऑफ द मैच अनुष्का, धैर्य, उत्तम एवं विजय परमार सभी को ट्रॉफी एवं 1000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। सीनियर बास्केटबॉल खिलाड़ी अनूप शुक्ला एवं मोहम्मद अदनान द्वारा प्रत्येक विजेता टीम को 5000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि प्रशांत सिंह द्वारा अंकों के आधार पर स्पोर्ट्स वेल्फेयर फाउंडेशन को फाउंडेशन कप चैंपियनशिप ट्रॉफी दी गयी।

जूनियर हॉकी विश्व कप संभावित खिलाड़ियों के लिए 40 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर हॉकी संभावित खिलाड़ी दिसंबर में कुआलालंपुर में होने वाले विश्व कप की तैयारियों के लिए बुधवार से 40 दिन के शिविर के दौरान कड़ी ट्रेनिंग करेंगे ताकि अपने कौशल में सुधार कर सकें। इनमें से 30 खिलाड़ी बुधवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में कोच सीआर कुमार को रिपोर्ट करेंगे और बाकी दो जुलाई को शिविर से जुड़ेंगे। शिविर 31 जुलाई को खत्म होगा। कुमार ने कहा कि इस महीने ओमान में जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराने के बाद टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है लेकिन विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए उन्हें अपने कौशल को अलग स्तर पर ले जाने की जरूरत है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा, अब हमें उस जीत (पाकिस्तान के खिलाफ) से आगे बढ़ना होगा और अगले बड़े टूर्नामेंट पर ध्यान लगाना होगा जो विश्व कप है। कुमार ने कहा, खिलाड़ी अपनी तैयारियां आगामी शिविर में कड़े ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लेकर करेंगे।